


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि परिस्थितियां कैसी हैं, बांग्लादेश से पहला टेस्ट जीतकर बोले रोहित शमा

किसानों को अमीर बनाना सरकार का मुख्य लक्ष्य : मंगल 03



वर्ष : 12 | अंक : 162 | पटना, सोमवार, 23 सितंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 38.0°C

न्यूनतम तापमान 27.0°C

**बाजार**

सोना 75,920

चांदी 91,900

सेंसेक्स 83,584

निफ्टी 25,698

# स्वतंत्र, समावेशी और समृद्ध हिंद-प्रशांत हमारी प्राथमिकता : मोदी

## प्रधानमंत्री ने कहा- क्वाड कायम रहेगा; सहायता करेगा, साझेदारी करेगा और पूरक बनेगा

एजेंसी। प्रात : किरण

**विलमिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि क्वाड  किसी के खिलाफ नहीं है बल्कि यह नियमों पर आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था और संप्रभुता के सम्मान के पक्ष में है।

प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को शिखर सम्मेलन में कहा, स्वतंत्र, खुला, समावेशी और समृद्ध हिंद-प्रशांत हमारी प्राथमिकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन अपने गृहनगर विलमिंगटन में वार्षिक क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहे हैं, जिसमें ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और जापान के प्रधानमंत्री फुमिओ किशिदा शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने किसी देश का नाम लिए बगैर कहा, हम किसी के खिलाफ नहीं हैं। हम सभी नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था, संप्रभुता का सम्मान, क्षेत्रीय अखंडता और सभी मुद्दों का शांतिपूर्ण तरीके से समाधान



करने के समर्थन में हैं। प्रधानमंत्री का परोक्ष रूप से इशारा चीन की ओर था। चीन दक्षिण चीन सागर और पूर्वी चीन सागर क्षेत्रीय विवादों में शामिल है। चीन पूरे दक्षिण चीन सागर पर अपनी संप्रभुता का दावा करता है वहीं वियतनाम, मलेशिया, फिलीपीन, ब्रुनेई और ताइवान भी इस पर अपना दावा करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हमारा संदेश स्पष्ट है कि क्वाड कायम रहेगा, सहायता करेगा, साझेदारी करेगा और पूरक बनेगा।

उन्होंने कहा हमने मिलकर स्वास्थ्य सुरक्षा, महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकियों, जलवायु परिवर्तन, क्षमता निर्माण जैसे क्षेत्रों में कई सकारात्मक एवं समावेशी पहल की हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि, क्वाड के नेता ऐसे समय में एकत्र हुए हैं जब पूरी दुनिया तनाव और संघर्षों से घिरी हुई है। ऐसे समय में क्वाड का अपने लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ मिलकर काम करना पूरी मानव जाति के लिए अहम है।

## इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में कैंसर के निदान के लिए 7.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर के अनुदान की घोषणा :

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विलमिंगटन, डेलावेयर में क्वाड लीडर्स समिट के दौरान राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा आयोजित क्वाड कैंसर मूनशॉट कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में कैंसर परीक्षण, स्क्रीनिंग और निदान के लिए 7.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर के अनुदान की घोषणा की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम, रोग का पता लगाने और उपचार के उद्देश्य से राष्ट्रपति बाइडेन की इस विचारशील पहल की गहराई से सराहना की। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम इंडो-पैसिफिक देशों में लोगों को सस्ती, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने में लंबा रास्ता तय करेगा। उन्होंने कहा कि भारत देश में बड़े पैमाने पर सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग कार्यक्रम भी चला रहा है। भारत के स्वास्थ्य सुरक्षा प्रयासों की बात करते हुए, उन्होंने उल्लेख किया कि देश ने सर्वाइकल कैंसर का टीका विकसित किया है और इस बीमारी के लिए एआई आधारित उपचार प्रोटोकॉल पर काम कर रहा है। कैंसर मूनशॉट पहल में भारत के योगदान के रूप में प्रधानमंत्री ने यह भी घोषणा की कि भारत इंडो-पैसिफिक में कैंसर की रोकथाम के लिए रेडियोथेरेपी उपचार और क्षमता निर्माण के लिए सहायता प्रदान करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा, जब क्वाड कार्य करता है, तो यह केवल राष्ट्रों के लिए नहीं होता है, यह लोगों के लिए होता है और यही इसके मानव-केंद्रित दृष्टिकोण का वास्तविक सार है।

## संक्षिप्त खबरें

### लोक गायिका शारदा सिन्हा के पति का निधन

पटना। पद्मश्री, पद्मविभूषण से सम्मानित लोक गायिका शारदा सिन्हा के पति डॉ. ब्रिज भूषण सिन्हा का निधन रविवार को इलाज के दौरान हो गया। करीब 80 साल के रहे डॉ. ब्रिज भूषण सिन्हा दो दिन पहले गिर गये थे। गिरने से उनके सिर में चोट आयी थी, जिससे ब्रेन हेमरेज हो गया था। शारदा सिन्हा के बेटे अंशुमान ने कहा कि दो दिन पहले घर में ही गिर जाने की वजह से उनके सिर में चोट आई थी। चोट से ब्रेन हेमरेज हो गया। इसके बाद उन्हें श्री साईं हॉस्पीटल में भर्ती कराया गया, जहां वो वेटिंलेटर पर थे। डॉ. ब्रिज भूषण सिन्हा शिक्षा विभाग में रिजनल डिप्टी डायरेक्टर पद से रिटायर हुए थे। शारदा सिन्हा को गायिकी के इस मुकाम पर पहुंचाने में उनके पति ब्रज किशोर सिन्हा की भूमिका अहम रही। ये बातें शारदा सिन्हा ने साक्षात्कार में कई बार कहा है। शारदा सिन्हा ने 08 मई, 2020 को विवाह की 50वीं वर्षगांठ मनाया था। विवाह के बाद से ही शारदा सिन्हा को गायिकी के क्षेत्र में पेशेवर रूप से आगे बढ़ने में ब्रज किशोर सिन्हा ने हमेशा उनका साथ दिया। उन्होंने पारिवारिक हो या अन्य प्रकार की चुनौतियां सबका सामना करते हुए पत्नी को आगे बढ़ाया। यहां तक कि शादी के बाद शारदा के गाने पर उनकी सास को भी ऐतराज था लेकिन मां को मनाने का काम भी ब्रज किशोर सिन्हा ने किया। नतीजा रहा कि शारदा सिन्हा को गायिकी के क्षेत्र में पति का मिला सहयोग उन्हें सफलता के नए मुकाम दिलाने वाला रहा।

### कार और कंटेनर की टक्कर, चार लोगों की मौत

मुंबई। बीड जिले में अंबाजोगाई-लातूर रोड पर नंदगांव पाटी के पास रविवार सुबह एक स्विफ्ट कार और कंटेनर के बीच टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में चार लोगों की मौके पर मौत हो गई। मौके पर पहुंची वदार्पुर पुलिस स्टेशन की टीम ने सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए अंबेजोगाई के शासकीय अस्पताल भेजा है। पुलिस के अनुसार आज तड़के जगलपुर से चार लोग स्विफ्ट कार से औरंगाबाद जा रहे थे। उनकी कार नंदगांव पाटी के पास अचानक सामने से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर से टकरा गई। इससे कार कंटेनर के नीचे घुस गई और कार में बैठे चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वदार्पुर पुलिस स्टेशन के एपीआई ससाने ने बताया कि कार में सफर करने वाले सभी चार लोग जगलपुर के थे, लेकिन अभी तक उनके नाम नहीं बता चल सके हैं। पुलिस इस घटना की गहन छानबीन कर रही है।

### फैक्टरी में आग लगने से छह मजदूरों की मौत

कानपुर। कानपुर देहात जिले के एक औद्योगिक क्षेत्र में गद्दा बनाने वाली एक फैक्टरी में भीषण आग लगने से छह मजदूरों की मौत हो गई और चार अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। कानपुर देहात के पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति ने बताया कि यह घटना शनिवार की है। उन्होंने बताया कि रनिया के खानपुर खड़ंजा रोड पर शनिवार को आरपी पॉली प्लास्ट प्राइवेट लिमिटेड में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई, जिसके कारण एलपीजी गैस सिलेंडर से फैक्टरी में विस्फोट हो गया और छत ढह गई। उन्होंने बताया कि फैक्टरी के निदेशक शिशिर गर्ग ने दमकल केंद्र को सूचित किया, जिसके बाद अग्निशमन गाड़ियां भेजी गयी।

# सीएम नीतीश ने पुनौरा धाम के विकास के लिए पीएम मोदी को लिखा पत्र

## अयोध्या से सीतामढ़ी के बीच एक वंदे भारत ट्रेन चलाने के लिए किया अनुरोध

प्रात : किरण

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रविवार को पत्र लिखकर सीतामढ़ी जिले में स्थित मां सीता की जन्मस्थली पुनौराधाम के लिए सड़क और रेल संपर्कता शुरू करवाने की पहल के संबंध में अनुरोध किया है। पत्र में मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार द्वारा निमाणार्धीन राम जानकी मार्ग को जल्द बनाने के लिए संबंधित मंत्रालय और अयोध्या से सीतामढ़ी के बीच एक वंदे भारत ट्रेन चलाने के लिए रेल मंत्रालय को समुचित निर्देश देने का प्रधानमंत्री से अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री ने पत्र में लिखा है कि यह संतोष का विषय है कि केंद्र सरकार द्वारा अयोध्या से सीतामढ़ी जिले तक राम-जानकी मार्ग के निर्माण के लिए काम हो रहा है। इस मार्ग के बन जाने से श्रद्धालुओं को अयोध्या के साथ ही मां सीता की जन्मस्थली पुनौरा धाम आने में सुविधा होगी। सीएम ने पीएम से अनुरोध किया है कि



इस मार्ग का निर्माण जल्द पूरा करने के लिए संबंधित मंत्रालय को आवश्यक निर्देश दें।

**वंदेभारत चलाने से बिहार को हुआ लाभ :**

मुख्यमंत्री ने लिखा है कि केंद्र सरकार ने हाल के दिनों में रेलवे संपर्कता के संबंध में कई जनोपयोगी कार्य किये हैं। उसमें वंदे भारत ट्रेन का परिचालन भी महत्वपूर्ण है। बिहार को भी इससे लाभ हुआ है। इसके लिए मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को विशेष रूप से धन्यवाद दिया है। साथ ही कहा है कि अयोध्या से सीतामढ़ी के बीच बेहतर रेल संपर्कता हो जाने से श्रद्धालुओं को काफी सुविधा होगी। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से अनुरोध किया है कि अयोध्या से सीतामढ़ी के बीच भी एक वंदे भारत ट्रेन के परिचालन के लिए रेल मंत्रालय को समुचित निर्देश दें। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को सीतामढ़ी जिले में अवस्थित मां सीता की जन्मस्थली पुनौरा धाम हेतु सड़क एवं रेल संपर्कता प्रदान करने के लिए पत्र के माध्यम से अनुरोध किया है। पत्र में भारत सरकार द्वारा बनाए जा रहे अयोध्या से सीतामढ़ी जिले तक राम-जानकी मार्ग के निर्माणङ्क

**भगवान राम का भव्य मंदिर बनाने के लिए प्रधानमंत्री को बधाई :**

इस पत्र में मुख्यमंत्री ने अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर के निर्माण और पवित्र नगरी अयोध्या के विकास कार्यों के लिए प्रधानमंत्री को बधाई दी है। साथ ही उन्हें जानकारी दी है कि बिहार के अंतर्गत सीतामढ़ी जिले में स्थित पुनौरा धाम माता सीता की जन्मस्थली के रूप में विख्यात है। भगवान राम की जन्म स्थली अयोध्या की तरह ही माता सीता की जन्म स्थली पुनौरा धाम का भी वृहद धार्मिक महत्व है। बिहार सरकार ने यहां पर 50 एकड़ भूमि को अधिग्रहीत कर पुनौरा धाम अंतर्गत मां सीता के मंदिर परिसर के विस्तार और सौंदर्यीकरण का निर्णय लिया है।

# प्रदेश की कई नदियां जबरदस्त उफान पर

- कई जिलों में बाढ़ से जन जीवन पूरी तरह प्रभावित

प्रात : किरण



पटना। बिहार के कई जिलों में बाढ़ से जनजीवन पूरी तरह बेहाल है। प्रदेश की नदियां जबरदस्त उफान पर है। बिहार के बड़ी नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी का दौर जारी है। प्रदेश की सभी छोटी बड़ी नदियों में तेजी से हो रही जलस्तर में वृद्धि का कारण नेपाल, यूपी, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में हो रही बारिश बताया जा रहा है। इसलिए राज्य के 12 जिलों में अगले 72 घंटे तक बाढ़ से राहत की कोई संभावना नहीं है, इसके बाद ही नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे जाने की उम्मीद है। इस समय प्रदेश के आधा दर्जन से अधिक नदियां पिछले चार दिन से खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। यही नहीं गंगा जी भी अपने रौद्र रूप में है। नदियों में उफान को देखते हुए फरक्का बराज के साथ साथ इद्रपुरी और वीरपुर बराज के सारे गेट पूरी तरह खेल दिये गए हैं। गंगा के अलावा कोसी, बूढ़ी गंडक, गंडक, घाघरा, पुनपुन और सोन नदी का जलस्तर पिछले तीन दिन से खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है। पटना से फरक्का तक गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। वहीं भागलपुर शहर के कई इलाकों में पानी घुस गया है। सबौर-कहलगांव एनएच-80 पर घोषपुर के पास पानी बह रहा है। जानकारी के अनुसार बिहार के 12 जिलों के 61 प्रखंडों के 327 से अधिक ग्राम पंचायतों के लोगों पर पलायन का खतरा मंडरा रहा है। पटना, बक्सर, भोजपुर, वैशाली, कटिहार, भागलपुर, खगड़िया, लखीसराय, मुंगेर, समस्तीपुर, बेगूसराय और वैशाली जिले के गांव सबसे अधिक बाढ़ से प्रभावित है। इन जिलों के निचले इलाकों में फंसे लोगों को निकालने के लिए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की मदद ली जा रही है। इन ग्राम पंचायतों में लोगों के आवागमन के लिए 1280 नावें चलाई जा रही है। इसके साथ ही चिकित्सीय सहायता के लिए 18 बोट एंबुलेंस चलाई जा रही है। विभिन्न जिलों में राहत शिविर लगाकर राशन, खाने पीने का सामग्री बांटे जा रहे है। इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बाढ़ पीड़ितों को पूरी सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने अधिकारियों से लगातार बाढ़ पीड़ितों की जानकारी ले रहे है। सीएम नीतीश कुमार ने सभी बाढ़ प्रभावित जिलों के डीएम को निर्देश दिया है कि नदी किनारे वाले क्षेत्रों में बढ़ते जलस्तर को देखते हुए अलर्ट रहें और सारी तैयारी रखें। उन्होंने कहा की सरकारी खजाने पर पहला हक आपदा पीड़ितों का है।

## जमालपुर-भागलपुर रेलखंड पर पुल के ग्रिडर तक पहुंचा बाढ़ का पानी, कई ट्रेन रद्द

पटना। पूर्व मध्य रेलवे के सुल्तानगंज और रतनपुर स्टेशन के बीच रेलवे के एक पुल के ग्रिडर तक बाढ़ का पानी पहुंच जाने के कारण जमालपुर-भागलपुर रेलखंड से गुजरने वाली कई ट्रेन रद्द कर दी गई, जबकि कई अन्य के मार्ग में बदलाव किया गया। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) सरस्वती चंद्रा की ओर से रविवार को जारी एक बयान के मुताबिक, जमालपुर-भागलपुर रेलखंड के सुल्तानगंज और रतनपुर स्टेशन के बीच पुल संख्या 195 के ग्रिडर तक बाढ़ का पानी पहुंच जाने से रात 23.45 बजे से इस रेलखंड पर ट्रेन परिचालन बाधित है। जमालपुर-भागलपुर रेलखंड से गुजरने वाली कई ट्रेन रद्द कर दी गई हैं, जबकि कई के मार्ग में बदलाव किया गया है। बयान के अनुसार, जिन ट्रेन को रद्द किया गया है, उनमें पटना-दुमका और दुमका-पटना एक्सप्रेस , सरायगढ़-देवघर और देवघर-सरायगढ़ एक्सप्रेस, जमालपुर-किउल मेमू स्पेशल तथा भागलपुर-दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस शामिल हैं। बयान के मुताबिक, जिन 10 से अधिक ट्रेन के मार्ग में बदलाव किया गया है, उनमें अजमेर भागलपुर एक्सप्रेस, विक्रमशिला एक्सप्रेस, हावड़ा-गया एक्सप्रेस, सूरत-भागलपुर एसएफ एक्सप्रेस (22947), गांधीधाम भागलपुर एक्सप्रेस, आनंद विहार टी-मालदा टाउन एक्सप्रेस , बांका राजेंद्रनगर एक्सप्रेस , ब्रह्मपुत्र मेल आदि शामिल हैं।

# पूर्णिया एयरपोर्ट से जल्द शुरू हो सकती है उड़ानें

- जदयू सांसद संजय झा ने केन्द्रीय मंत्री से कार्रवाई का किया अनुरोध
- केन्द्रीय मंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई का दिए निर्देश

प्रात : किरण

पटना। जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने शनिवार को नई दिल्ली में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पूर्णिया एयरपोर्ट से जल्द से जल्द उड़ान सेवा शुरू करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया। साथ ही, राजगीर और भागलपुर में प्रस्तावित ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के स्थल की संभाव्यता का अध्ययन करने के



लिए एक उच्चस्तरीय केंद्रीय टीम जल्द भेजने की भी मांग की। संजय झा ने इस बात की जानकारी सोशल मीडिया  पर पोस्ट के माध्यम से दी। इस मुलाकात के दौरान सांसद संजय झा ने मंत्री राम मोहन नायडू को इस बात से अवगत कराया कि पूर्णिया एयरपोर्ट में रनवे का निर्माण और कई अन्य तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। बिहार सरकार ने 4.57 करोड़ रुपए की लागत से चहारदीवारी निर्माण का प्रस्ताव एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया को भेजा है। इस प्रस्ताव की स्वीकृति मिलते ही राज्य सरकार चहारदीवारी का निर्माण कार्य शुरू कर देगी। सांसद ने दरभंगा एयरपोर्ट का उदाहरण देते हुए बताया कि जिस तरह वहां एक अंतरिम टर्मिनल का निर्माण कर उड़ान सेवा शुरू की गई थी, उसी तरह पूर्णिया में भी अंतरिम टर्मिनल का निर्माण कर उड़ान सेवा जल्द शुरू की जा सकती है इस पर केंद्रीय मंत्री ने सांसद के अनुरोधों को गंभीरता से लेते हुए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इससे पहले संजय झा ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू को दरभंगा हवाई अड्डे से यात्रा करने वाले यात्रियों को होने वाली परेशानियों को दूर करने और इसे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बनाने तथा रनवे का विस्तार करने की आवश्यकता के संबंध में एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा था।

**स्वागत** | अमेरिका की तीन दिवसीय यात्रा पर पीएम मोदी का बाइडन ने किया स्वागत

# मोदी ने बाइडन के साथ की सार्थक वार्ता, वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा

एजेंसी। प्रात : किरण

विलमिंगटन। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ बेहद सार्थक बैठक की और इस दौरान दोनों नेताओं ने आपसी हितों के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। साथ ही हिंद-प्रशांत क्षेत्र सहित वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी विचार विमर्श किया। मोदी अमेरिका की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं। राष्ट्रपति बाइडन ने शनिवार को डेलावेयर के ग्रीनविले स्थित अपने आवास पर उनका स्वागत किया और दोनों नेताओं ने एक-दूसरे को गले लगाया। इसके बाद बाइडन मोदी का हाथ थामकर उन्हें आवास के अंदर ले गए जहां दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय वार्ता हुई। मोदी और बाइडन के बीच एक घंटे से अधिक समय तक बातचीत हुई, इसके बाद बाइडन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत के साथ अमेरिका की साझेदारी पहले के मुकाबले अधिक



मजबूत, घनिष्ठ और अधिक गतिशील है। जब भी हम मिलते हैं मैं सहयोग के नए क्षेत्रों को तलाशने की हमारी क्षमता से प्रभावित होता हूं। आज भी ऐसा ही हुआ। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि दोनों नेताओं ने यहां क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) शिखर सम्मेलन से इतर मुलाकात की और आपसी हितों के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की साथ ही हिंद-प्रशांत क्षेत्र सहित वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर विचार विमर्श किया।

**पीएम मोदी ने कीं जापान, आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्रियों से द्विपक्षीय बैठकें**

विलमिंगटन। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को क्वाड नेताओं की छठवीं शिखर बैठक के इतर जापान के प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा और आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज के साथ अलग अलग मुलाकातें कीं और भारत के इन दोनों देशों के साथ द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। विदेश मंत्रालय के अनुसार प्रधानमंत्री श्री मोदी और जापान के प्रधानमंत्री श्री किशिदा की मुलाकात में दोनों नेताओं ने भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझीदारी के 10वें वर्ष में होने और इस दौरान संबंधों में हुई प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। दोनों प्रधानमंत्रियों ने दोनों देशों के बीच बहुआयामी संबंधों की समीक्षा की और रक्षा और सुरक्षा संबंधों तथा बी2बी और पी2पी सहयोग सहित सहयोग को और गहरा करने पर विचारों का आदान-प्रदान किया। इसके बाद प्रधानमंत्री श्री मोदी और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री श्री अल्बानीज की मुलाकात हुई। म्दोनों नेताओं ने राजनीतिक और रणनीतिक, रक्षा और सुरक्षा, व्यापार और निवेश, शिक्षा और अनुसंधान, जलवायु परिवर्तन और नवीकरणीय ऊर्जा और लोगों से लोगों के संबंधों जैसे व्यापक क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की।

# आयुष्मान योजना के तहत ईलाज के लिए 1624 करोड़ रुपये हुए खर्च : मंगल

## 13 लाख 22 हजार लोग उठा चुके कार्ड बनवाकर मुफ्त ईलाज की सुविधा

पटना। बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति (स्वास्थ्य विभाग) द्वारा आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के क्रियान्वयन के 6 वर्ष पूर्ण होने की पूर्व संध्या पर ज्ञान भवन में आयुष्मान दिवस वार्षिकोत्सव एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का शुभारंभ हुआ। वार्षिकोत्सव का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि मंगल पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार की आयुष्मान योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई में राज्य में 1 हजार 624 करोड़ की राशि अब तक गरीब परिवारों के मुफ्त इलाज के लिए दी जा चुकी है। जिनमें 13 लाख 22 हजार लोगों का ईलाज हुआ है। राज्य में कुल 1.79 करोड़ पात्र राशन कार्डधारी परिवार इस योजना के तहत लाभ लेने के पात्र हैं। इस योजना के तहत 70 साल या उससे अधिक उम्र वाले लगभग 50 लाख लाभुकों के कार्ड बनने की प्रक्रिया भी शीघ्र शुरू होने वाली है। श्री पांडेय ने कहा कि राज्य में अबतक 1 करोड़ 21 लाख परिवारों के लगभग 3 करोड़ 60 लाख पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड निर्माण किया गया है। बिहार कार्ड बनाने में देष में तीसरें नंबर पर है। साल 2024 में रिकॉर्ड 2.50 करोड



आयुष्मान कार्ड का निर्माण किया गया। राज्य में कार्ड बनाने लायक लगभग 8.50 करोड़ पात्र लाभार्थी की संख्या हैं। श्री पांडेय ने आगे कहा कि राज्य सरकार ने आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत लाभुक परिवार को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक की निःशुल्क चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलता है। साथ ही मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के माध्यम से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के वैसे सभी लाभार्थी परिवार जो (एबी - पीएमजेएवाई) में आच्छादित नहीं हैं। उन्हें भी देश भर के (एबी - पीएमजेएवाई) से सूचीबद्ध सरकारी एवं निजी अस्पतालों में कैशलेस एवं पेपरलेस व्यवस्था के तहत प्रतिवर्ष प्रति परिवार 5 लाख रुपये तक की स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इस अवसर पर आयुष्मान कार्ड निर्माण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों के जिला अधिकारियों, साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिला क्रियान्वयन इकाइयों, अस्पतालों एवं सिविल सर्जनों व अन्य हितभागियों को भी इस अवसर पर प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। मंत्री ने आयुष्मान जन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर सभी प्रमंडलों में रवाना किया साथ ही आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति के अब तक की यात्रा पर लगे फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं भ्रमण किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रत्यय अमृत, अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग, धर्मेन्द्र कुमार, प्रबंध निदेशक, बीएमएसआईसीएल तथा अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन द्वारा अखिल भारतीय ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

पटना/हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर द्वारा अखिल भारतीय ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन हाजीपुर एवं पटना में किया गया। इस अवसर पर ग्रुप-1 के बच्चे जिनकी उम्र 6 से 9 वर्ष, ग्रुप-2 के बच्चे जिनकी उम्र 9 से 12 वर्ष एवं ग्रुप-3 के बच्चे जिनकी उम्र 12 से 15 वर्ष थी, इस प्रतियोगिता में शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की संगठन की अध्यक्षा सुनीता सिंह द्वारा बच्चों को उपहार एवं अल्पाहार वितरित किया गया। इस अवसर पर संगठन की उपाध्यक्षा रंजना, सचिव मीनाक्षी कुमार, कोषाध्यक्षा अर्चना चौधरी, संयुक्त सचिव प्रियंका सिंह एवं संगठन की अन्य सदस्याएं भी उपस्थित थीं।

### जिला पार्षद अमित राज ने बाढ़ प्रभावित गांवों का किया दौरा

फतुहा। जिला पार्षद अमित राज उर्फ बबलू यादव ने अपने क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अपने क्षेत्र में आने वाले गांवों बलवा, वरूणा, गौरीपुन्दा, डीहपर, तरीपर और महादलित टोला का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को बाढ़ से उत्पन्न हुई समस्याओं को सुना और उन्हें दूर करने का आश्वासन दिया। उन्होंने प्रखंड कृषि पदाधिकारी व अंचलाधिकारी से प्रभावित गांवों के किसानों के बर्बाद हो चुके फसल के लिए मुआवजा, पशुओं के लिए चारा आदि की व्यवस्था करने की मांग की। वहीं टूटे बांध की मरम्मत करने की मांग की।

### पूर्व सांसद ने पन्द्रह लाख से निर्मित सामुदायिक भवन का किया उद्घाटन

दानापुर। नगर के अंतर्गत पूर्व सांसद रामकृपाल यादव और पूर्व विधायक आशा सिन्हा ने रविवार को प्राथमिक विद्यालय धनौत में नवनिर्मित सामुदायिक भवन ने किया। पूर्व सांसद ने कहा कि पन्द्रह लाख से निर्मित भवन से स्थानीय लोगों को लाभ मिलेगा।सामुदायिक भवन की मांग कई वर्षों से की जा रही थी।उन्होने कहा कि सामुदायिक भवन व स्कूल के लिए पांच कट्ठा जमीन दान देने वाले भिखारी ठाकुर को धन्यवाद दिये।मौके पर जमीन दानदाता भिखारी ठाकुर,प्रधानाध्यापिका उषा किरण,चन्दन कुमार, सतीश पासवान, भाई सनोज यादव पंकज कुमार, आदी मौजूद थे।

### सबका विकास स्वयं सहायता समूह का बैठक की गई

दानापुर। नगर के अंतर्गत बीबीगंज अंबेडकर भवन में सबका विकास स्वयं सहायता समूह का बैठक आयोजित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से नारी गुंजन के सचिव पद्मश्री सुधा वर्गीज, आरटीआई कार्यकर्ता राकेश रॉय पटेल, सुखदेव रजक, संस्था के अध्यक्ष सुजीत कुमार व आदि शामिल हुए। बैठक में सुधा वर्गीज ने कहा कि महिलाएं अपने परिवार और समाज व हर वर्ग की महिलाओं को सशक्त और समर्थ बनाने का सफल प्रयास करने का कोई अवसर नहीं छोड़ रही हैं। ऐसे वक्त में महिला को अपनी समर्थता दिखाने में पीछे नहीं रहना चाहिए। आप आगे आये, पीछे ना रहें। मै आपके साथ हूं। श्री रजक ने स्वयं सहायता समूह निर्माण और फायदे की जानकारी विस्तार पूर्वक महिलाओं को दी। बैठक के अध्यक्षता सुजीत कुमार ने करते हुए कहा कि हर प्रकार से सरकारी और गैर सरकारी मदद से महिलाओं को सहयोग प्रदान करने का प्रयास करते रहेंगे। जिससे महिलाएं अपने पैरों के ऊपर खड़ा होकर मर्द के कंधे से कंधा मिलकर सशक्त भारत का निर्माण में सहायक होगे।

### हत्याकांड में दो, वाहन चोरी व पुलिस पर हमला में गिरफ्तार

पटना सिटी, आलमगंज थाना की पुलिस ने हत्या मामले में फरार दो को गिरफ्तार किया है। वहीं मालसलामी थाना की पुलिस ने वाहन चोरी व पुलिस पर हमला करने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। मालसलामी थाना के थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि चोरी की बाइक के साथ दमराही घाट निवासी मुकेश कुमार पिता उमेश राय को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार मुकेश के पास से पुलिस ने पत्रकारनगर थाना क्षेत्र से चोरी गयी बाइक बरामद की है। यह उपलब्धि पुलिस को शनिवार की रात बहन जांच के दौरान हासिल हुई। इसके अलावा पुलिस बल पर हमला करने का आरोपी सूर्य प्रकाश पाठक को गिरफ्तार किया गया है। इसे लेकर थाना में कांड 443 दर्ज है।

# संदिग्ध टीबी मरीजों की खोज में कांटेक्ट ट्रेसिंग अहम

## संदिग्ध मरीजों की खोज में टीबी चैंपियंस की भूमिका प्रशंसनीय

● टीबी मरीजों के नोटिफिकेशन टारगेट को कम से कम 90 प्रतिशत प्राप्त करना अनिवार्य



प्रात :किरण संवाददाता

पटना- टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग कई कदम उठा रहा है. राज्य यक्ष्मा सेल से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में ज्यादा से ज्यादा जांच के लिए उपकरणों की उपलब्धता, बलगम जांच की उपलब्धता का विस्तार, लैब तकनीशियन का नियमित क्षमतावार्धन, समुदाय में जागरूकता फैलाने के लिए नियमित अंतराल पर गतिविधियों का आयोजन जैसे कदम उठाकर स्वास्थ्य विभाग एवं राज्य सरकार टीबी उन्मूलन की लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रयासरत है. सभी क्रियाशील हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर इसके लिए टीबी मरीजों की लाइन लिस्टिंग तैयार की जा रही है. उनके संपर्क में रहने वाले घर के लोगों से संपर्क कर जांच करने का प्रयास किया जा रहा है. निक्षय पोषण योजना के लाभुकों को समय से भुगतान करने का भी प्रयास किया जा रहा है। 90 प्रतिशत किया जाए टीबी मरीजों का नोटिफिकेशनः

टीबी मरीजों के नोटिफिकेशन टारगेट को कम से कम 90 प्रतिशत करने में सभी का सहयोग लिया जा रहा है. सभी सीएचओ को निर्देश दिया गया है कि उपचाराधीन मरीजों के घर जाकर फॉलो अप करें. सभी जिलों में कम से कम एक लैब तकनीशियन की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का भी निर्देश दिया गया है एवं नियमित अंतराल पर उनका उन्मुखीकरण किया जा रहा है. प्रिसमटिव टीबी एग्जामिनेशन रेट एवं ट्रीटमेंट सक्सेस रेट को बढ़ाने के साथ इसकी प्रविष्टि पोर्टल पर ससमय करने का प्रयास किया जा रहा है।

टीबी चैंपियंस की भूमिका प्रशंसनीयः

टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में टीबी चैंपियंस अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर रहे हैं. कई हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर टीबी चैंपियंस स्पुटम केरियर की भूमिका निभा रहे हैं. स्पुटम लेकर नजदीकी जांच केंद्र पर पहुंचा कर संदिग्ध मरीजों की पहचान करने एवं समुदाय को रोग के बारे में जागरूक करने में उनका योगदान सराहनीय है. भोजपुर की टीबी चैंपियन अंजना बताती हैं कि संदिग्ध मरीजों की जांच में सहयोग करने के अलावा उनके घर का नियमित फॉलो अप कर यह सनिश्चित करती हैं कि मरीज दिए गया दवा का नियमानुसार सेवन कर रहे हैं एवं साथ में पौष्टिक भोजन का सेवन कर रहे हैं. टीबी मुक्त वाहिनी, बिहार के सचिव सुधेश्वर सिंह बताते हैं कि टीबी चैंपियंस क्यूंकि स्वयं बीमारी से गुजर चुके होते हैं इससे लोगों को जागृत करने में उन्हें मदद मिलती है. लोग उनसे जल्दी एकाकार होकर उनकी बातों को सुनते और समझते हैं. उन्होंने बताया कि टीबी मुक्त वाहिनी टीबी चैंपियंस का देश का पहला रजिस्टर्ड नेटवर्क है और बिहार के 35 जिलों में 789 टीबी चैंपियन इससे जुड़े हैं।

## 29 को गोदावरी फाउंडेशन की ओर से आयोजित सम्मान अर्पण में बिहार के संजय और निशांत को मिलेगा राष्ट्रीय पर्यावरण सेवी सम्मान




प्रात :किरण संवाददाता

पटना। विख्यात पर्यावरणविद् अनुपम मिश्रा की याद में 29 सितंबर 2024 को रांची, झारखंड में गोदावरी फाउंडेशन की ओर से आयोजित सम्मान अर्पण समारोह में हमारी गौरैया तथा एनवायरनमेंट वारियर्स को भी राष्ट्रीय पर्यावरण सेवी सम्मान से नवाजा जायेगा। गोदावरी फाउंडेशन, रांची की महासचिव अंजुना झा राय, संयोजक प्रसून लतांत और सावित्रीबाई सेवा फाउंडेशन की महासचिव, हेमलता म्हस्के ने संयुक्त रूप जारी पत्र में बताया है कि मौजूद जलवायु परिवर्तन के दौर में बिगड़ते पर्यावरण को बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं और लोगों को जागरुक करने के लिए पटना के हमारी गौरैया के संयोजक गौरैया संरक्षक, पर्यावरण लेखक और पीआईबी-सीबीसी पटना के उपनिदेशक संजय कुमार का राष्ट्रीय पर्यावरण सेवी सम्मान के लिए चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि बिहार के एनवायरनमेंट वारियर्स के अध्यक्ष निशांत रंजन को भी पर्यावरण के क्षेत्र में बेहतर योगदान के मद्देनजर राष्ट्रीय पर्यावरण सेवी सम्मान के लिए चुना गया है। यह सम्मन 29 सितंबर 2024 को रांची में दिया जायेगा।

# तख्तश्री कमेटी की 15 की बैठक में जीएस के विचार व विरोध दर्ज नहीं

## इंद्रजीत सिंह ने अध्यक्ष को लिखा पत्र, वकील को बताया, आज हाईकोर्ट में सुनवाई

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता


प्रबंधक कमेटी
PRABANDHAK COMMITTEE
(Birth Place of Sri Guru Gobind Singh Ji Maharaj)
SRI TAKHT HARI MANDIR JI PATNA SAHEB - 800 008

प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के चुनाव को लेकर अब भी कमेटी के पदाधिकारी व सदस्यों के बीच शह और मात का खेल जारी है। पटना हाईकोर्ट के आदेश के बाद 15 सितंबर को कमेटी की बैठक हुई थी। बैठक में कोर्ट के आदेश से सभी पक्षकारों के अधिवक्तागण भी विशेष आमंत्रित के रूप में शामिल हुए थे। उक्त बैठक में अनेक निर्णय लिए गए थे। बैठक में हुई चर्चा, विचार और लिए गए निर्णय को कार्यवाही पुस्तिका में दर्ज किया गया था। वहीं कार्यवाही पुस्तिका को महासचिव इंद्रजीत सिंह ने 19 सितंबर को देखा। इसके बाद वह खासा परेशान हुए। इसके पीछे कारण था कि हाईकोर्ट के आदेश के बाद 15 सितंबर को जो बैठक हुई थी, उसमें उनके द्वारा जो भी विचार या विरोध दर्ज कराया गया था, इसका जिक्र कहीं भी कार्यवाही पुस्तिका में नहीं है। कमेटी के महासचिव इंद्रजीत सिंह ने इस संबंध में 20 सितंबर को पत्रांक टीपीएस 3/36/24 के माध्यम से कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही को पत्र भेजा है। इसमें उन्होंने अध्यक्ष को लिखा है कि 15 सितंबर को कमेटी की हुई बैठक की कार्यवाही पुस्तिका उन्हें 19 सितंबर, 24 को देखने को मिला। इसके अवलोकन करने पर पता चल रहा है कि उनके द्वारा बैठक में जो भी विचार या विरोध किया गया था, उसका जिक्र नहीं किया गया है। इसकी जानकारी वे पत्र के माध्यम से आपको दे रहे हैं। यह संबंध में जब इंद्रजीत सिंह से बात की गई, तो वह खासा दुखी थे। उन्होंने कहा कि बैठक की कार्यवाही पुस्तिका देखने के बाद उन्होंने इस मामले पर अपने अधिवक्ता को सूचित किया है। साथ ही उन्हें सारी स्थितियों से अवगत करा दिया है। कमेटी के चुनाव को लेकर सोमवार को हाईकोर्ट में सुनवाई होनी है। उनके अधिवक्ता के द्वारा भी इस मामले को वहां रखा जाएगा। फिलहाल महासचिव जमशेदपुर में हैं। वह एक बार फिर से अपना स्वास्थ्य परीक्षण करने को अपने गृह नगर को गए हैं। महासचिव ने कहा कि यही नहीं, वरीय उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह के द्वारा भी व्यक्त किए गए विचार और विरोध को भी अधिकांशतः कार्यवाही पुस्तिका में दर्ज नहीं किया गया है। अब लोगों की निगाहें एक बार फिर हाईकोर्ट की ओर टिकी है कि मामले पर 23 सितंबर को होने वाली सुनवाई में क्या आदेश आता है। कारण कि कमेटी की हुई बैठक में तीन माह में वोटर लिस्ट सुपुर्द किए जाने की बात की कही गई है। तब तक दिसंबर हो जाएगा और गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का प्रकाश पर्व चार से छह जनवरी, 25 को मनाया जाना है। ऐसे में चुनाव प्रक्रिया बिहार राज्य चुनाव प्राधिकार के द्वारा प्रकाश पर्व के बाद ही कराया जा सकेगा। वहीं चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों का कहना है कि वर्तमान कमेटी का कार्यकाल जुलाई, 23 में ही समाप्त हो चुका है। ऐसे में तैयार वोटर लिस्ट के आधार पर कमेटी दावा-आपत्ति निश्चित समय में लेकर इस पर सहमति देते हुए राज्य चुनाव प्राधिकार को भेज दे। प्राधिकार नवंबर तक चुनावी प्रक्रिया पूरी कर देगा। इस तरह से चार से छह जनवरी, 25 को होने वाला प्रकाश पर्व नई कमेटी मनाएगी।

# बिहार सरस मेला में हाथ से निर्मित और कसीदाकारी किये हुए देशी उत्पाद आगंतुकों के लिए आकर्षण का केंद्र

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। रविवार का दिन बिहार सरस मेला के लिए खास रहा ' ग्रामीण शिल्प की खरीददारी और देशी व्यंजनों का लुत्फ उठाने 50 हजार से अधिक लोग आये । बिहार सरस मेला 18 सितंबर से बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति , जीविका द्वारा ज्ञान भवन, पटना में आयोजित है । प्राचीन संस्कृतियों का पुनर्मिलन, विलुप्त हो रही कलाकृतियों को प्रोत्साहन एवं कल तक घर की चाहरदीवारी में कैद हुनर का बड़े कैनवास पर प्रदर्शन एवं बिक्री बिहार सरस मेला में हो रही है ' एक तरफ ग्रामीण शिल्प एवं कलाकृतियों को प्रोत्साहन और बाजार तो दूसरी तरफ ग्रामीण हुनर को मेला के माध्यम से सम्मान दिया जा रहा है । स्वयं सहायता समूह से जुडी ग्रामीण महिलाओं के हुनर, आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन के विविध रंगों को का समावेशन भी सरस मेला में प्रदर्शित है । लोक शिल्प एवं परंपरा पर आधारित सरस मेला अपने अन्दर लोक संस्कृति, परंपरा एवं लोक कला को अपने अंदर समेटे हुए राष्ट्रीय स्तर पर परिलक्षित है और आगंतुकों को लुभा रहा है । विदेशी और मशीनरी व्यवस्था से इतर हाथ से निर्मित और कसीदाकारी किये हुए देशी उत्पाद एवं दादी-नानी के जमाने के व्यंजन आगंतुकों के लिए आकर्षण के खास केंद्र हैं ' सीप से बने शर्ट-पैंट, सूट आदि के बटन, माला, कान बाली, हाथ की बाला, पावजेब और शंख इत्यादि लोगों को बरबस ही रिझा रहे हैं ' वहीँ घास , बालू , लकड़ी के बुरादा आदि से बनी कलाकृतियाँ, लहठी, चूड़ियां, खादी के परिधान , कास्यं, पीतल, पत्थर,घास एवं जुट आदि से बनी कलाकृतियाँ, दरी-कालीन, चादर , रसोई घर के सामान और बचपने के खिलौने, बांस एवं जुट से बने उत्पाद, सिक्की कला, मधुबनी पेंटिंग, फुलकारी कला, बुटिक प्रिंट की साड़िया , अहीर कला, तंजोर कला, कच्छ कला, सिक्की कला, बम्बू कला, लेदर पपेत्री, कलमकारी, अदिवा, हैडलूम समेत हैंडीक्राफ्ट के अंतर्गत आनेवाली विभिन्न कलावों के तहत निर्मित उत्पादों की जमकर खरीद-बिक्री हो रही है । स्टॉल पर उपस्थित ग्रामीण शिल्पकार स्वयं सहायता समूह से जुडी हुई हैं ' समूह से जुड़कर उन्होंने अपने हुनर और पुश्तैनी परंपरा और शिल्प को व्यवसाय से जोड़ा है ' समूह से मिली सहायता, ऋण , प्रशिक्षण और प्रोत्साहन की बदौलत ग्रामीण महिलाएं अब कुशल शिल्पकार एवं व्यवसाई के तौर पर आज सरस मेला में खुद के द्वारा अपने हाथ से निर्मित उत्पादों को लेकर देश के कोना-कोना से मेला में आई हैं ' प्रमिला देवी पहली बार सरस मेला में आई हैं ' प्रमिला देवी अररिया से बेंत से बने डलिया और टोकरी को लेकर आई हैं ' चार दिन में उन्होंने लगभग 20 हजार की बिक्री की है ' गाँव में रहकर इतनी राशि कमाना मुश्किल था ' प्रमिला देवी बताती हैं कि उन्होंने काफी गरीबी देखि है ' पति पतानु मांझी और वो खेत में मजदूरी करते थे ' लेकिन अब उनकी गरीबी दूर हो गई है ' प्रमिला देवी भारती जीविका महिला स्वयं सहायता समूह से जुडी ' प्रमिला पहले से ही बेंत से डलिया , टोकरी , स्टूल, फर्नीचर आदि बनाना जानती थी ' उन्होंने इसी हुनर को जीविका के माध्यम से व्यवसाय में तब्दील किया ' समूह से क्रमशः 10, हजार, 20 हजार और 30 हजार रूपया ऋण लिया और बेंत व्यवसाय शुरू किया ' अपने बेटा भोला मांझी को सिलीगुड़ी में इसके लिए प्रशिक्षण भी दिलाया ' प्रशिक्षण के बाद उनके बेटा ने उनके हुनर को आधुनिक बाजार से जोड़ा ' घर से ही बेंत से निर्मित उत्पादों का व्यवसाय घर से ही शुरू हुआ ' घर से ही कारोबारी बेंत से निर्मित उत्पाद उनसे थोक में ले जाते हैं ' लेकिन उसमे ज्यादा मुनाफा नहीं होता है ' लेकिन सरस मेला में आकर उन्हें ज्यादा मुनाफा हुआ है ' लाये गए सभी उत्पाद बिक गए हैं ' प्रमिला बताती हैं कि सरस मेला में आकर उन्हें व्यवसाय के नए तरीके भी सीखने को मिला है । मेला के चौथे दिन 21 सितंबर को 38 लाख 61 हजार से अधिक की राशी के उत्पादों एवं व्यंजनों की खरीद-बिक्री हुई ' खरीद-बिक्री का आंकड़ा स्टॉल धारकों द्वारा लिए गए रिपोर्ट के आधार पर आधारित होता है ' रविवार को खरीद-बिक्री का आंकड़ा 1 करोड़ पार करने की संभावना है। शनिवार को अनुमानतः 40 हजार से अधिक लोग आये और खरीददारी की ' सरस मेला 27 सितंबर तक चलेगा ।

# पूर्व सांसद डॉ आरके सिन्हा के जन्मदिन पर भंडारा आयोजित



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पूर्व सांसद आरके सिन्हा के जन्मदिन पर आदि श्री चित्रगुप्त मंदिर परिसर में भंडारा का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों जरूरतमंद लोगों को भोजन सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर चित्रगुप्त आदि मंदिर प्रबंधक कमेटी के प्रधान सचिव सुदामा प्रसाद सिन्हा ने बताया क मंदिर के अध्यक्ष डा आरके सिन्हा से हम सबों को प्रेरणा मिलती है कि हम कैसे एक-दूसरे का ख्याल रखें। पूर्व सांसद के निजी सचिव मनीष किशोर ने बताया कि 73वें जन्मदिन पर पटना के अनेक स्थानों पर कार्यकर्ता द्वारा अनेक कार्यक्रम रखे गए हैं। उनके पटना आवास अन्नपूर्णा में भी भंडारा का आयोजन किया गया है। इसके अलावा एसीएफएल द्वारा मुफ्त स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। पटना हाई स्कूल ,गर्दनीबाग पंच मंदिर तालाब एवं पटना हाई स्कूल के प्रांगण में पांच पीपल और नीम के पौधा का रोपण हुआ। निशा मंदिर, लोहानीपुर में सतीश राजू के नेतृत्व में फल एवं मिष्टान्न का वितरण मूक बधिर बच्चों के बीच किया गया।

कार्यक्रम में वार्ड 15 के पार्षद शशिभूषण, राजेश श्रीवास्तव, राजेश सिन्हा, विवेक जी, अभिषेक बिन्नी, चंद्रशेखर जी, राणा रितेश, बिट्टू सिंह, राजू जी, आशीष जी, अभिषेक सिंह, संजय राय, सुधीर मुखिया के साथ अनेक कार्यकताओं ने उनकी लम्बी उम्र की कामना की।

# नाला पाट निर्माण शुरू करने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

## आधा किमी सैदपुर-पहाड़ी नाला निर्माण में एक साल, डेढ़ साल में होना था पूरा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता




सैदपुर-पहाड़ी नाला को पाट कर सड़क बनाने के कार्य को अविलंब शुरू करने की मांग को लेकर रविवार को को लेकर प्रदर्शन किया गया। जन संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष सह पूर्व पार्षद प्रदीप मेहता के नेतृत्व में शनिचरा पुल पर प्रदर्शन हुआ। विदित हो कि आज से एक वर्ष पूर्व 23 सितंबर, 2023 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और बतौर उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादवने ने सैदपुर-पहाड़ी नाला को पाट कर 5.61 किलोमीटर 259ड्ड81 करोड़ की लागत से सड़क का निर्माण कराने के लिए शिलान्यास किए थे। इसका निर्माण बुडको को द्वारा 18 माह में पूरा कराने का लक्ष्य सरकार द्वारा निर्धारित किया गया था। लेकिन अब तक बुडको के कार्य संवेदनहीनता एवं लापरवाही के कारण छोटी पहाड़ी पर मात्र आधा किलोमीटर से भी कम केवल नाला का निर्माण हुआ है। अगर इस तरहकछुआ गति से नाला का निर्माण कार्य चलता रहा तो 5.60 किलोमीटर नाला को पाट कर सड़क निर्माण कार्य करने में दस साल लग जाएगा। इस नाला का दीवार नहीं रहने के कारण 23 सितंबर, 2023 यानी शिलान्यास के बाद एक वर्ष में लगभग आठ व्यक्ति के नाला में गिरने से मौत हो गई। लड्डू अख्तर से राम पुल तक नाला के दोनों तरफ सड़क इतना जर्जर हो गया है एवं नाला के दोनों किनारे दीवार नहीं रहने के कारण प्रति सप्ताह ई-रिक्शा या कोई वाहन नाला में गिर कर दुर्घटनाग्रस्त हो जा रहा है। नाला खुला रहने के कारण डेंगू और चिकनगुनिया महामारी के रूप में नाला वाले क्षेत्र में धारण कर लिया है। जन संघर्ष मोर्चा शनिचरा पुल पर प्रदर्शन कर सरकार एवं बुडको के प्रबंध निदेशक से मांग करता है किजनता के जान-माल के क्षति को देखते हुए सैदपुर से आरएमआरआई तक नाला को पाट कर सड़क निर्माण कार्य हर हाल में दो अक्टूबर गांधी जयंती पर शुरू करने की मांग की है। ऐसा नहीं होने पर दशहरा बाद रोड जाम जैसे बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा। प्रदर्शन में मोर्चा के उपाध्यक्ष सलमान अख्तर, डॉ इकबाल अहमद, प्रधान महासचिव उमेश पंडित, डॉ प्रवीण साहू, गिरजा शंकर, मो जावेद, बसी अख्तर, पंकज कुशवाहा, महिला नेत्री बैधु बाला सिन्हा, सोनी देवी, आमोद कुमार, अरुण स्वर्णकार, सुजीत कुमार चौधरी, राजीव रंजन सिंह, सूरज मेहता, प्रो असलम, छोटू राम, जमाल जी, वीणा देवी, अजीत कुशवाह, मृदुला देवी, रविंद्र कुमार सिन्हा, अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश मेहता, प्रवेश सिंह, शौकत अली, अफजल, पंकज कुमार, डॉ अनवर इमाम, शम्स तबरेज आदि उपस्थित थे।

# पालीगंज में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



प्रात :किरण संवाददाता

पालीगंज । पालीगंज अनुमंडल के पियरपुरा थाने में रविवार को दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक किया गया। जानकारी के अनुसार आगामी 12 अक्टूबर को दुर्गा पूजा मनाई जाएगी। वही पूजा को लेकर सप्तमी तिथि 9 अक्टूबर से ही दुर्गा की प्रतिमा का पट खुलते ही मेले की शुरूआत हो जाएगी। जबकि दशहरा के दूसरे दिन रविवार होने के कारण सोमवार को दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के साथ दुगार्पूजा की समापन होगी। जिसको लेकर इलाके में शांति ब्यवस्था कायम करने के लिए पालीगंज अनुमंडल अंतर्गत पियरपुरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए पियरपुरा थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने कहा कि पूजा हर्षोउल्लास लेकर आती है। सभी लोगो को शांति तथा सौहार्द वातावरण में पर्व मनानी चाहिए। इलाके में शांति ब्यवस्था कायम रखने में हमे आपसब की सहयोग की आवश्यकता है। पूजा पंडालों या अन्य कहि इलाके में किसी तरह की बाधा उतपन्न होने की संभावना हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करें ताकि समय रहते उसे ठीक किया जा सके। पूजा पंडालों में पूजा समिति के सदस्यों को बैच लगाकर सक्रिय रखे। सीसीटीवी कैमरे के साथ उचित व पर्याप्त मात्रा ने लाइटिंग की ब्यवस्था रखे। मौके पर राहुल प्रताप, रमन कुमार, राजेश कुमार, सहजानन्द प्रसाद, अरुण कुमार, मधुसूदन कुमार व गजेंद्र कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# आयुष्मान योजना के तहत ईलाज के लिए 1624 करोड़ रुपये हुए खर्चः मंगल पांडेय

प्रात :किरण संवाददाता




पटना। बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति (स्वास्थ्य विभाग) द्वारा आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के क्रियान्वयन के 6 वर्ष पूर्ण होने की पूर्व संध्या पर ज्ञान भवन में आयुष्मान दिवस वार्षिकोत्सव एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का शुभारंभ हुआ। वार्षिकोत्सव का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि श्री मंगल पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार की आयुष्मान योजना के तहत आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी व माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की अगुवाई में राज्य में 1 हजार 624 करोड़ की राशि अब तक गरीब परिवारों के मुफ्त इलाज के लिए दी जा चुकी है। जिनमें 13 लाख 22 हजार लोगों का ईलाज हुआ है। राज्य में कुल 1.79 करोड़ पात्र राशन कार्डधारी परिवार इस योजना के तहत लाभ लेने के पात्र हैं। इस योजना के तहत 70 साल या उससे अधिक उम्र वाले लगभग 50 लाख लाभुकों के कार्ड बनने की प्रक्रिया भी शीघ्र शुरू होने वाली है। श्री पांडेय ने कहा कि राज्य में अबतक 1 करोड़ 21 लाख परिवारों के लगभग 3 करोड़ 60 लाख पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड निर्माण किया गया है। बिहार कार्ड बनाने में देष में तीसरें नंबर पर है। साल 2024 में रिकॉर्ड 2.50 करोड आयुष्मान कार्ड का निर्माण किया गया। राज्य में कार्ड बनाने लायक लगभग 8.50 करोड़ पात्र लाभार्थी की संख्या हैं। श्री पांडेय ने आगे कहा कि राज्य सरकार ने आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी - पीएमजेएवाई) अंतर्गत लाभुक परिवार को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक की निःशुल्क चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलता है। साथ ही मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के माध्यम से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के वैसे सभी लाभार्थी परिवार जो (एबी - पीएमजेएवाई) में आच्छादित नहीं हैं। उन्हें भी देश भर के (एबी - पीएमजेएवाई) से सूचीबद्ध सरकारी एवं निजी अस्पतालों में कैशलेस एवं पेपरलेस व्यवस्था के तहत प्रतिवर्ष प्रति परिवार 5 लाख रुपये तक की स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इस अवसर पर आयुष्मान कार्ड निर्माण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों के जिला अधिकारियों।

# आरपी गोलवारा मेमोरियल अस्पताल में हृदय रोग विभाग का शुरूआत

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता




आरपी गोलवारा मेमोरियल अस्पताल के 12वें स्थापना दिवस पर हृदय रोग विभाग का शुभारंभ तथा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन करते बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने कहा कि लोगों को एक छत के नीचे हर प्रकार की चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध होने से खासा राहत मिलेगी। गोलवारा परिवार शुरू से ही समाजिक कार्यो में आगे रहा है। विशिष्ट अतिथि पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद ने भी अस्पताल के जरिए उपलब्ध सुविधाओं की सराहना की। मेयर श्रीमती सीता साहू, पद्मश्री बिमल जैन व समाजसेवी गिरधारी लाल सराफ ने भी अपने विचार रखे। अध्यक्षता डॉ त्रिलोकी प्रसाद गोलवारा ने और धन्यवाद ज्ञापन नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक गोलवारा ने किया। मौके पर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ वीरबाला गोलवारा, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ शिल्पी गोलवारा, आथोर्डोंन्टिक डॉ अमरेश कुमार गोलवारा, डॉ मोनिका रितु गोलवारा, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ आशीष गोलवारा एवं संत गोलवारा सक्रिय रहे। मंच संचालन पाटलिपुत्र परिषद के महासचिव संजीव कुमार यादव ने किया। इस दौरान डॉ एसए कृष्णा, शिव प्रसाद मोदी, बाबा विवेक द्विवेदी, गोविंद कानोडिया, तारा झुनझुनवाला, देवराज बल्लभ, सुमन पोद्दार, विष्णु झुनझुनवाला आदि मौजूद थे।

# किसानों को अमीर बनाना सरकार का मुख्य लक्ष्य : मंगल

## कृषकों की पैदावार को बाजार एवं अधिकतम मूल्य दिलवाना प्राथमिकता

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**



कृषि मंत्री श्री मंगल पांडेय ने रविवार को कृषि भवन पटना के सभागार से राज्य के बाहर प्रशिक्षण एवं परिभ्रमण कार्यक्रम में भाग लेने वाले किसानों को रवाना किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने कहा कि बिहार के किसानों को देश के कृषि से संबंधित प्रतिष्ठित संस्थानों में आत्मा योजना के माध्यम से प्रशिक्षण एवं परिभ्रमण कराने का मुख्य उद्देश्य कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्रों में हो रहे नवाचार कार्यों से अवगत कराना है। प्रशिक्षण एवं परिभ्रमण कार्यक्रम से किसानों की आमदनी दोगुनी करना व उन्हें उन्नत तकनीक से रुबरु करना विभाग का लक्ष्य है। पिछले कुछ सालों में कृषकों की आय बढ़ी है एवं बिहार के जीडीपी विकास में कृषि क्षेत्र का लगभग 14 प्रतिशत योगदान है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के मार्गदर्शन की देन है। श्री पांडेय ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आप जब बाहर जायें तो देखकर सीखो, सीखकर अपनाओ के सिद्धांत पर काम करें। इस हेतु आपको देश के दूसरे राज्यों में प्रशिक्षण एवं परिभ्रमण पर भेजा जा रहा है। देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में जाकर अपने विषय से संबंधित सवालों के बारे में वैज्ञानिकों से पूछें, ताकि किसानों को भविष्य में इसका लाभ मिल सके। आपके परिभ्रमण का मुख्य उद्देश्य कम जमीन पर अधिक फसलों का उत्पादन, मार्केटिंग, पैकेजिंग व्यवस्था को समझना एवं किसानों को ई-फ्रेंडली बनाना है।

**देखकर सीखो, सीखकर अपनाओ के सिद्धांत पर काम हो :** कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि यह कार्यक्रम हर जिले के लिए आयोजित किया जाएगा। बिहार कृषि प्रधान राज्य है। यहाँ भी कई जगहों से किसान परिभ्रमण के लिए आते हैं और सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस से सीख कर जाते हैं। आंवला, पपीता, नीम्बू, खरीफ प्याज तथा आलू की उन्नत तकनीक सीखने के लिए किसानों को अन्य जगहों पर भेजा जाएगा। इस कार्यक्रम का लक्ष्य विभिन्न संस्थानों में प्रशिक्षण लेने के साथ-साथ किसानों तथा वैज्ञानिकों से सीधा संवाद कर जानकारी प्राप्त करना है। उन्होंने निदेश दिया कि बामेती द्वारा नई रणनीति बनाई जाए तथा जो बिहार राज्य में बेहतर हो रहा है यथा बेबी कॉर्न, स्वीट कॉर्न से संबंधित जिलों में किसानों को देखकर सीखो, सीखकर अपनाओ के सिद्धांत पर अंतर-जिला परिभ्रमण कार्यक्रम अंतर्गत प्रशिक्षण दिलाने की व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान मन में जो भी प्रश्न आए, उसे जरूर पूछकर जानकारी प्राप्त करना है।

**ये रहें मौजूद :**

कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य बीज निगम आलोक रंजन घोष, निदेशक उद्यान अभिषेक कुमार, अपर सचिव-सह-राज्य नोडल पदाधिकारी, आत्मा योजना शैलेन्द्र कुमार, कृषि मंत्री के आप्त सचिव अमिताभ सिंह, अपर निदेशक (शष्य)-सह-निदेशक बामेती धनंजय पति त्रिपाठी, निदेशक पीपीएम आभांशु सी जैन सहित कृषि विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# चंद्रवंशी ललकार सम्मेलन में भाजपा नेताओं ने भरी हुंकार

- चंद्रवंशी समाज के लोग भाजपा के प्रति समर्पित : दिलीप
- भाजपा सभी समाज के लोगों को पिरोना चाहती है : सम्राट
- भाजपा में कार्यकर्ता बंधुआ मजदूर नहीं होते : विजय

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**




चंद्रवंशी चेतना मंच के तत्वाधान में आज पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित चंद्रवंशी ललकार सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि सम्राट जरासंध के वंशजों ने आज पटना में एकता दिखाई है। उन्होंने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि आप सभी भाजपा के साथ हैं, यह बड़ी खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि चंद्रवंशी समाज के लोग भाजपा के प्रति समर्पित रहे हैं और आगे भी रहेंगे। केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि आज सनातन धर्म पर प्रहार करने का प्रयास किया जा रहा है। चंद्रवंशी समाज का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि देश में राष्ट्रवाद की विचारधारा को मजबूत करने में आपकी अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि चंद्रवंशी समाज सदैव भाजपा के साथ है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि भाजपा समाज को जोड़ने वाली पार्टी है। यह पार्टी एक माला के समान है, जिसमें सभी समाज के लोगों को हम पिरोना चाहते है। यही कारण है कि हम सभी समाज के लोगों का सम्मान देते हैं। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ता बंधुआ मजदूर नहीं होता बल्कि यह अपनी बात नेताओं के सामने अधिकार से रखता है और नेता भी उनकी बातों को धैर्यपूर्वक और गंभीरता से सुनता है। उन्होंने कहा कि यह पार्टी की विशेषता है कि तुलसी के पत्ते की पवित्रता की तरह यहां कार्यकर्ता पवित्रता से राजनीति करते हैं। यहां के कार्यकर्ता न ठगी करते हैं और न उनका उस पर विश्वास रहता है। सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने वक्फ बोर्ड कानून को जल्द समाप्त करने की मांग करते हुए कहा कि यह कहीं से सही नहीं है। इस सम्मेलन में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं ने शिरकत की। इस सम्मेलन में प्रदेश के सभी जिले से चंद्रवंशी समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में भाजपा के साथ देने की बात कही। सम्मेलन की अध्यक्षता पूर्व मंत्री और राज्यसभा सांसद डॉ. भीम सिंह चंद्रवंशी ने किया।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बचाव एवं राहत टीम पूरी तरह मुस्तैद : उमेश

## जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया भ्रमण



**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**

जदयू के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्य-स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने वैशाली जिला के महनार विधानसभा अंतर्गत अल्लीपुर हट्टा, हसनपुर उत्तरी एवं दक्षिणी एवं समस्तीपुर जिला अंतर्गत मोहनपुर एवं मोहिउद्दीनगर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर जायजा लिया। साथ ही पदाधिकारियों के साथ मैराथन समीक्षा बैठक कर राहत एवं बचाव कार्य संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए एवं बाढ़ पीड़ितों की समस्याओं के निराकरण हेतु राहत-बचाव कार्य में तेजी लाने पर जोर दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने सामुदायिक रसोई का भी औचक निरीक्षण किया। इस मौके पर श्री कुशवाहा ने कहा कि बाढ़ पीड़ितों की सहायता हेतु प्रशासन द्वारा तमाम जरूरी उपाय किए जा रहे हैं। बाढ़ पीड़ितों के आवासन हेतु राहत शिविर और भोजन हेतु सामुदायिक रसोई की समुचित व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि बचाव एवं राहत टीम बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पूरी तरह मुस्तैद है। नावों का परिचालन, स्वास्थ्य सुविधाओं एवं पशुओं के चारा की भी पर्याप्त उपलब्धता है। साथ ही उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का स्पष्ट मानना रहा है कि राज्य के खजाने पर पहला अधिकार आपदा पीड़ितों का है एवं उनके नेतृत्व में आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में बिहार सरकार ने एक अलग मानक स्थापित किया है।

# भोला बाबू हर वर्ग के लोगों के लिए करते थे काम : अखिलेश

## सदाकत आश्रम में भोला पासवान शास्त्री की जयंती पर संगोष्ठी का अयोजन

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**



पूर्व मुख्यमंत्री स्व भोला पासवान शास्त्री की जयंती के अवसर पर रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में पटना महानगर जिला युवा कांग्रेस के ओर से जयंती समारोह सह संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद डा अखिलेश प्रसाद सिंह ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि पुर्णियां जिला के बैरगाछी ग्राम में एक साधारण परिवार में जन्मे अपने जीवन को सदैव नियंत्रित कर चलने वाले बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय भोला पासवान शास्त्री जी सत्य,निष्ठा, सादगी और त्याग के उच्च आदर्शों के प्रतिमुर्ती थे। उनका संसदीय जीवन अत्यंत ही गौरवपूर्ण रहा जो आज भी प्रासंगिक हैं । भोला बाबू शून्य से शिखर तक पहुंचें बिहार के तीन तीन बार मुख्यमंत्री व केन्द्रीय मंत्री रहे लेकिन सादगी की ऐसी मिसाल शायद ही कोई पेश कर पाया। गरीबी को अपनाने से कभी भी परहेज नहीं किया और ईमानदारी की ऐसी इबारत लिख दी जो आज भी कायम है। पर उनमें तनिक भी नीजी स्वार्थ की बू तक नहीं आयी। वे सदैव बिहार के हर वर्ग के लोगों के लिए सोचते और काम करते थे। उनके जीवन की कृति आज के राजनीतिज्ञों और हमसब के लिए अनुकरणीय है। इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन राजेश लिलोटिया ने कहा कि स्व भोला पासवान शास्त्री के बताये मार्गो पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम का आयोजन पटना महानगर युवा कांग्रेस के अध्यक्ष राहुल पासवान ने किया एवं अतिथियों को पुष्पगुच्छ एव अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मंच का संचालन वरिष्ठ कांग्रेस नेता उमेश कुमार राम ने की। कार्यक्रम में कांग्रेस विधानमंडल दल के नेता डॉ शकील अहमद खान, विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता डॉ मदन मोहन झा, एआईसीसी अनुसूचित जाति जनजाति विभाग के अध्यक्ष राजेश लिलोटिया, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव सुशील कुमार पासी एवं शाहनवाज आलम, पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, निर्मल वर्मा, ब्रजेश पांडे , राजेश राठौड़, लाल बाबू लाल, बंटी चौधरी, ब्रजेश प्रसाद मुनन, शिव प्रकाश गरीब दास, विनय वर्मा, राहुल पासवान, शरवत जहा फातिमा सहित सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

# धीरज पाण्डे सहित कई ने जदयू का दामन थामा



पटना। जदयू प्रदेश कार्यालय में रविवार को धीरेन्द्र नाथ धीरज उर्फ धीरज पाण्डे के नेतृत्व में कई कार्यकताओं ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति अपनी अटूट आस्था जताते हुए जदयू का दामन थामा। विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी एवं पार्टी के प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी चंदन कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से सभी को पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश सचिव राहुल खण्डेलवाल मौजूद रहे। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से आलोक कुमार पटेल, अंकित कुमार, श्वेत सिंह अवधिया, आशीष सिन्हा, रितेश पटेल, अभिनव आनंद, रीतश करण, अभिनव चैबे, अभिषेक श्रीवास्तव, सिद्धांत सिंह, श्री यादव सहित कई लोग थे।

# नवादा अग्निकांड को लेकर कांग्रेस ने जांच कमिटी का किया गठन

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**

- 23 सितंबर को राष्ट्रीय कॉर्डिनेटर के. राजू दो दिवसीय दौरे आयेंगे बिहार
- नवादा अग्निकांड के पीड़ित परिवार से करेंगे मुलाकात

बिहार के नवादा जिले में अनुसूचित जाति के लोगों के घर जलाए जाने की घटना को कांग्रेस डबल इंजन की सरकार एनडीए पर हमलावार है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी की ओर बिहार कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह को पत्र लिखकर 4 सदस्यीय टीम बनाकर नवादा अग्निकांड की जांच करने को कहा हैं। जांच कमिटी में बिहार अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राजेश राम, सासाराम के सांसद मनोज कुमार, बिहार अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष रविंद्र पासवान और कांग्रेस नेता अशोक गगन शामिल हैं। वहीं, पूरे मामले की को लेकर अनुसूचित जाति, ओबीसी, अल्पसंख्यक, अनुसूचित जनजाति के अखिल भारतीय कांग्रेस के राष्ट्रीय कॉर्डिनेटर के. राजू दो दिवसीय दौरे पर बिहार आयेंगे। 23 सितंबर को वे दोपहर 1. 40 बजे के करीब पटना पहुंचेंगे। जहां से वे सीधे नवादा के लिए सड़क से रवाना हो जायेंगे, जहां नवादा दलित अग्निकांड के पीड़ित परिवार से मुलाकात करेंगे। जिसके बाद रात को पटना में वे विश्राम करेंगे। 24 सितंबर यानी मंगलवार को के. राजू सदाकत आश्रम में अनुसूचित जाति-जनजाति, ओबीसी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की रणनीति और तैयारी पर चर्चा करेंगे। जिसके बाद शाम 6 बजे पटना से वे दिल्ली रवाना हो जायेंगे।

# आर के सिन्हा के जन्मदिन पर भोजन सामग्री का वितरण



पटना। पूर्व सांसद आर के सिन्हा के जन्मदिन के अवसर पर आदि चित्रगुप्त मंदिर, पटना सिटी में भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे सैकड़ों जरूरतमंद लोगो को भोजन सामग्री वितरण किया गया। इस अवसर पर चित्रगुप्त आदि मंदिर प्रबंधक कमिटी के प्रधान सचिव सुदामा प्रसाद ने बताया कि मंदिर के अध्यक्ष डा आर के सिन्हा से हमे प्रेरणा मिलती है कि हम कैसे एक दूसरे का ख्याल रखे इसी के आलोक में रविवार को उनके जन्मदिन के अवसर पर लोगो के बीच भोजन सामग्री का वितरण किया गया है। पूर्व सांसद के निजी सचिव मनीष किशोर ने बताया कि 73वे जन्मदिन के अवसर पर पटना के कई स्थानों पर कार्यकर्ता द्वारा कई कार्यक्रम रखे गए है। सांसद के पटना आवास अन्नपूर्णा में भी भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसके अलावा एसीएफएल द्वारा मुफ्त स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया जिसमे हजारों महिलाओं ने अपने स्वास्थ की जांच कराई। इसके अलावा पटना हाई स्कूल गर्दनीबाग पंचमंदिर तालाब एव पटना हाई स्कूल के प्रांगण में पीपल और नीम के वृक्षारोपण हुआ। निशा मंदिर लोहानीपुर में सतीश राजू के नेतृत्व में फल एवं मिष्ठान का वितरण मूक बधीर बच्चो के बीच वितरित किया गया। कार्यक्रम में वार्ड नं 15 के पार्षद शशिभूषण, राजेश श्रीवास्तव, राजेश सिन्हा, विवेक, अभिषेक, बिन्नी, चंद्रशेखर, राणा रितेश, बिट्टू सिंह, राजू, आशीष, अभिषेक सिंह, संजय राय, सुधीर मुखिया के साथ अनेकों कार्यकर्ता ने उनके लम्बी उम्र की कामना की।

# विस चुनाव में चंद्रवंशी समाज की हो उचित भागीदारी : राकेश




पटना। चंद्रवंशी जागृति मंच के तत्वावधान में रविवार को शहीद शिवनंदन प्रसाद चंद्रवंशी का शहादत दिवस कार्यक्रम दारोगा राय पथ स्थित जरासंध भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राकेश कुमार चंद्रवंशी ने और संचालन नरेंद्र चंद्रवंशी ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पटना जिला परिषद अध्यक्ष अंजू देवी, प्रख्यात हड्डी रोग विशेषज्ञ चिकित्सक डाक्टर अजय कुमार, जेपीएन सिंह, फुलवारी शरीफ प्रखंड प्रमुख ज्योति कुमारी, धनरुआ प्रमुख बबिता कुमारी, जिप सदस्य बिट्टू कुमार, मेजर चंद्रवंशी, उमानाथ और रंजीत चंद्रवंशी उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राकेश कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में चंद्रवंशी समाज की उचित भागीदारी हो, इसके लिए समाज एकजुट है। राजनीति में जिसकी जितनी भागीदारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी ही मूल मंत्र है। जिला परिषद अध्यक्ष अंजू देवी ने कहा कि सभी राजनीतिक दल हमारी संख्या को देखते हुए यह तय करें। मौके पर नरेंद्र चंद्रवंशी, सुनील चंद्रवंशी, संतोष चंद्रवंशी, हेमंत कुमार उर्फ पप्पू चंद्रवंशी, प्रभात चंद्रवंशी, निरंजन चंद्रवंशी, संजय चंद्रवंशी, रवि चंद्रवंशी, वीरेंद्र चंद्रवंशी उर्फ पप्पू नुरुल चंद्रवंशी, अमित चंद्रवंशी, रविंद्र चंद्रवंशी, डिंपल, शशि, रॉकी, रंजीत, निरंजन आदि उपस्थित थे।

# बूथ स्तर तक संगठन को किया जाएगा मजबूत : लोजपा रा

- 28 नवंबर को लाखों की संख्या में गांधी मैदान पहुंचने का आह्वान

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**




लोजपा-(रामविलास) विधानसभा चुनाव के लिए युद्ध स्तर पर तैयारी में जुट गई है। रविवार को पार्टी संसदीय बोर्ड, बिहार के जिला अध्यक्षों, राज्य के पदाधिकारियों और संसदीय बोर्ड के सदस्यों की बैठक दरोगा राय सभा कक्ष पटना में हुई। बैठक बोर्ड के अध्यक्ष हुलास पाण्डेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में राजनैतिक प्रस्ताव पारित कर निर्णय लिया गया कि बिहार के सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी बूथ स्तर तक संगठन को मजबूती प्रदान करेंगी ताकि बिहार में 2025 में आहूत विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ज्यादा से ज्यादा सीट जीत कर एनडीए की सरकार बनाई जा सके। प्रस्ताव में कहा गया है की विधानसभा चुनाव में जितनी सीटे हिस्से में आयेगी उन सभी सीटों पर जीत सुनिश्चित लोकसभा चुनाव की तरह हो इसके लिए संगठन को कार्यक्रम दिया गया है। बैठक में राजनैतिक प्रस्ताव युवा लोजपा के राष्ट्रीय महासचिव सह संसदीय बोर्ड के सदस्य अनिल कुमार पासवान ने पेश किया, समर्थन पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और केन्द्रीय संसदीय बोर्ड के सदस्य डॉ. शाहनवाज कैफी ने किया।

**1 से 15 अक्टूबर तक सभी जिलों, प्रखंडों में बैठक :**

बैठक में पार्टी के साथियों को कार्यक्रम दिया गया जिसके अनुसार 1अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक सभी जिलों, प्रखंडों में बैठक कर संघर्ष शील दस्ता तैयार करेंगी। 16 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक सभी पंचायतों में संगठन की समीक्षा करना। 2 नवंबर से 26 नवंबर तक गावों में जन-जागरण अभियान चलाया जायेगा और 28 नवंबर को लाखों की संख्या में पार्टी के स्थापना दिवस पर पटना के गांधी मैदान पहुंचेंगे। बैठक में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी,पार्टी की सांसद शांभवी चौधरी,पार्टी राष्ट्रीय महासचिव डॉ.सत्यानंद शर्मा, शंकर झा,पूर्व विधायक रामविनोद पासवान,पार्टी के प्रधान महासचिव संजय पासवान,पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष अशरफ अंसारी, संजय सिंह, पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र विवेक, युवा लोजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष वेद प्रकाश पाण्डेय, संसदीय बोर्ड के प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश यादव, संसदीय बोर्ड के प्रदेश महासचिव मनीष कुमार सिंह, अंकित कुमार,अमन कुमार, पार्टी के सभी प्रकोष्ठों के अध्यक्ष ने अपने विचार व्यक्त किया। उक्त आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन पासवान ने दिया।

# राजद का राज्यस्तरीय युवा समागम 5 मार्च को

- युवा राजद का दो दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**



युवा राजद का दो दिवसीय कार्यशाला रविवार को सम्पन्न हो गया। कार्यशाला में राज्य भर से आए हुए युवा राजद के चार सौ प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यशाला के अन्तिम दिन आज विभिन्न विषयों में विशिष्टता रखने वाले देश के कई ख्यातिप्राप्त विद्वानों ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए और विभिन्न प्रतिभागियों द्वारा पुछे गए सवालों का उनके द्वारा जबाब दिया गया। दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रो सुधा सिंह ने ह्य अवसर में हिस्सेदारी, महिला एससी,एसटी और ओबीसी का प्रतिनिधित्व विषय पर आंकड़ों के साथ काफी विस्तार से अपने विचारों को रखा। वहीं जेएनयू के प्रो एनपी राणा ने जातीय जनगणना और समाजिक न्याय की आवश्यकता पर अपने विचारों को व्यक्त किया । प्रो प्रवीण झा ने बिहार की राजनीति और अर्थ नीति में युवा संवाद की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। युवा राजद के अध्यक्ष राजेश यादव ने अपने सम्बोधन में 1990 से पहले बिहार का सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक स्थिति की चर्चा की। दो दिन तक चले इस कार्यशाला की अध्यक्षता युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष राजेश यादव ने और संचालन राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रो नवल किशोर यादव और प्रो सुबोध मेहता ने किया।

राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने हर राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक बदलाव में युवाओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए आज की परिस्थितियों में युवाओं को आगे आने का आह्वान किया। पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी एवं राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव ने भी सम्बोधित किया। युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष राजेश यादव ने बताया कि दो दिवसीय कार्यशाला में छनकर आई बातों को निचले स्तर पर ले जाने के लिए अनुमंडल स्तर पर अभियान चलाया जाएगा और प्रदेश के सभी अनुमंडलों में युवा कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि युवा राजद द्वारा प्रत्येक बुथ पर कम से कम एक सक्रिय सदस्य बनाने का संकल्प लिया गया है। युवा राजद अध्यक्ष ने कहा कि आगामी 15 मार्च को पटना में राज्यस्तरीय युवा समागम का आयोजन किया जाएगा।

# राहुल गांधी दलित पिछड़ों का नेता नहीं : अरविन्द

पटनाभारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द कुमार सिंह ने कहा है कि राहुल गांधी का एकमात्र लक्ष्य भारत की एकता, अखण्डता और सामाजिक समरसता को छिन्न-भिन्न करके देश को गृह युद्ध की ओर धकेलना है। राष्ट्र विरोधी नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन करने वाली और पिछड़ों के आरक्षण में सेंधमारी कर उसका बड़ा हिस्सा मुसलमानों को सौंपने वाली कांग्रेस के युवराज अब देश से आरक्षण को समाप्त करने का कुचक्र रच रहे हैं। अपने अमेरिका यात्रा में चीन और पाकिस्तान की तरफदारी करते हैं। श्री अरविन्द ने कहा कि किंतु, राहुल गांधी को समझ लेना चाहिए कि इस देश में जब तक भाजपा का एक भी कार्यकर्ता है, उनकी यह विभाजनकारी मंशा सफल नहीं होने पाएगी। हम भारत के लोग कांग्रेस सहित सभी राष्ट्र विरोधी ताकतों के विरुद्ध एकजुट हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में एनडीए सरकार शोषित, पीड़ित और वंचित के उत्थान के लिए कृतसंकल्पित है। राहुल गांधी द्वारा देश में विभाजन के बीज रोपने का प्रयास निन्दनीय है। उन्हें इसके लिए देश वासियों से माफी मांगनी चाहिए।

# नेता प्रतिपक्ष नहीं समझ सकते समीक्षा बैठक के मायने : प्रभाकर

पटना। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने समीक्षा बैठक को लेकर दिये गये तेजस्वी यादव के बयान पर जोरदार पलटवार करते हुए कहा कि 10वीं फेल कोई व्यक्ति समीक्षा बैठक के मायने नहीं समझ सकता। तेजस्वी को पहले ठीक से पढ़ाई करनी चाहिए। श्री मिश्र ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि अज्ञानी व्यक्ति थेथरई ज्यादा करता है। तेजस्वी का भी यहीं हाल है। मुर्गे को लगता है कि उसकी बांग से ही सबेरा होता है। तेजस्वी को भी ऐसी ही गलतफहमी हो गयी है। इसलिए आजकल बिना फीस के वकील बन गये हैं। सरकार तेजस्वी से अनुमति लेकर कोई काम करेगी क्या? यह लाठी में तेल पिलाने वाली सरकार नहीं है। कोई भी कदम उठाने से पहले स्थितियों की समीक्षा की जाती है। बेहतरी के लिए मंत्रियों और अधिकारियों से विचार-विमर्श किया जाता है।

# विधि व्यवस्था पर सरकार गंभीर नहीं : तेजस्वी



पटना। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव कानून व्यवस्था को लेकर सरकार पर लगातार हमलावर बने हुए हैं। इसी कड़ी में रविवार को उन्होंने बिहार में बढ़ते अपराध को लेकर बुलाई गई बैठक में मुख्य सचिव, डीजीपी और एडीजी के शामिल नहीं होने पर सवाल उठाया है। कहा है कि एनडीए की सरकार बिहार के लोगों की जान के साथ खेल रही है। तेजस्वी यादव ने एक्स पर बैठक का फोटो शेयर करते हुए हमला बोला है। तेजस्वी ने एक्स पर लिखा, कानून व्यवस्था पर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करने की सिर्फ औपचारिकता पूरी की जाती है। प्रदेश में ऐसी प्रत्येक समीक्षा बैठक के बाद अपराध में और अधिक वृद्धि होती है क्योंकि अधिकारी एवं अपराधी भी ऐसी आडंबरपूर्ण बैठकों की असलियत जानते है। अधिकारी भी जानते है कि जब विपक्ष का दबाव बढ़ता है तो दिखावे व फॉर्मेलिटी के लिए अचानक ऐसी बैठक बुलाई जाती है। उन्होंने आगे लिखा, ऐसी समीक्षा बैठक का क्या फायदा और औचित्य जिसमें राज्य के, डीजीपी, मुख्य सचिव और एडीजी भी उपस्थित ना रहे। शीर्षस्थ अधिकारियों की अनुपस्थिति दशार्ती है कि विधि व्यवस्था पर सरकार कितनी गंभीर है। एनडीए सरकार अपराधियों को संरक्षित एवं संपोषित कर बिहारवासियों की जान के साथ खेल रही है।

# 19-20 अक्टूबर को आयोजित होगा साहित्य सम्मेलन का दो दिवसीय 43 वां महाधिवेशन

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**




बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन का 43वां महाधिवेशन आगामी 19-20 अक्टूबर को, सम्मेलन के 106 ठे स्थापना दिवस समारोह के साथ आहूत होगा। दो दिवसीय इस महाधिवेशन के चिंतन का मुख्य विषय भारत की राष्ट्रभाषा और अन्य भाषाओं पर उसका प्रभाव रखा गया है। इसमें ६ वैचारिक-सत्रों के के अतिरिक्त प्रथम दिवस की संध्या में सांस्कृतिक-उत्सव एवं दूसरे दिन विराट कवि-सम्मेलन आयोजित होगा। समापन-समारोह में देश की साहित्यिक विभूतियों के साथ बिहार के साहित्यकारों को, नामित अलंकरणों से विभूषित किया जाएगा। सम्मान हेतु तीन अक्टूबर तक अनुशंसाएँ आमंत्रित की गयी हैं। यह अधिवेशन दो महान साहित्यिक विभूतियों महाप्राण पं सूर्यकांत त्रिपाठी निराला तथा कलम के जादूगर रामवृक्ष बेनीपुरी को समर्पित किया गया है, यह वर्ष जिनका १२५वाँ जयंती-वर्ष है। यह जानकारी रविवार को सम्मेलन-सभागार में संपन्न हुई कार्य समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों के आलोक में, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने दी। उन्होंने बताया कि महाधिवेशन में बिहार के सभी ज़िलों से कमसेकम तीन और अधिकतम दस हिन्दी-सेवियों को प्रतिनिधि-सदस्य बनाया जाएगा। बिहार के बाहर के साहित्यकार भी प्रतिनिधि बनाएँ जाएँगे। पूर्व सांसद और वरिष्ठ पत्रकार डा रवीन्द्र किशोर सिन्हा को पुनः स्वागत समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। शीघ्र ही अन्य उपसमितियाँ गठित कर दी जाएँगी। इस अवसर पर सम्मेलन पत्रिका सम्मेलन-साहित्य का विशेषांक भी प्रकाशित किया जाएगा। विविध सत्रों की अध्यक्षता करने वाले विद्वानों और अन्य वक्ताओं के चयन हेतु सम्मेलन अध्यक्ष और प्रधानमंत्री को अधिकृत किया गया है। इसमें सम्मेलन के वरीय अधिकारीगण भी सहायता करेंगे। बैठक में सम्मेलन के डा उपेंद्र नाथ पाण्डेय, डा शंकर प्रसाद, डा मधु वर्मा, पद्मश्री विमल जैन, डा ध्रुव कुमार, पारिजात सौरभ, डा पुष्पा जमुआर, डा पूनम आनंद, सागरिका राय, डा नागेश्वर प्रसाद यादव, प्रो सुशील कुमार झा, कृष्णरंजन सिंह सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में फसल क्षति के लिए दी जाएगी सहायता : सचिव

## कृषि सचिव बोलें- फसल क्षति के आकलन के लिए सभी पदाधिकारियों को दिया गया निर्देश

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**

कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में फसल क्षति के लिए किसानों को सहायता दी जाएगी।

सचिव ने रविवार को मुख्यालय के सभी वरीय पदाधिकारियों, प्रमंडलीय संयुक्त निदेशक (शष्य) और जिला कृषि पदाधिकारियों के साथ नदियों में अत्याधिक पानी बढ़ने से फसल नुकसान की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि किसानों का ने केवल खड़ी फसल के नुकसान के लिए सहायता प्रदान की जाएगी, बल्कि अगली फसल लगाने के लिए भी विभाग मदद करेगा। सचिव ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री के बाढ़ से प्रभावित जिलों के निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देश के अनुपालन में इस वर्ष खरीफ मौसम में सितम्बर में गंगा किनारे वाले जिलों में उत्पन्न बाढ़ की स्थिति के कारण पंचायतवार फसल क्षति का आकलन करने का निर्देश सभी जिला कृषि पदाधिकारी, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं कृषि समन्वयकों को दिया गया है। पंचायतवार खाद्यान्न फसलों के साथ-साथ बागवानी फसलों यथा मौसमी फल एवं सब्जी की क्षति का आकलन कर अगले 24 घंटे में प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। उन्होंने जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया कि किसानों के खेतों में जाकर फसल क्षति का आकलन करें तथा किसानों को हरसंभव सहायता उपलब्ध करायें।

उन्होंने कहा कि बाढ़ की स्थिति को देखते हुए विभागीय स्तर पर किसी भी आकस्मिक परिस्थिति से निपटने हेतु कृषि भवन, मीठापुर में नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है। यह नियंत्रण कक्ष 07 दिन 24 घंटे कार्यरत रहेगा। जिस पर फसल क्षति संबंधित सूचना प्राप्त की जायेगी। इसके लिए कृषि निदेशक श्री नितिन कुमार सिंह को वरीय नोडल पदाधिकारी तथा सुशील कुमार, संयुक्त निदेशक (सांख्यिकी), प्रभारी पदाधिकारी नियुक्त किए गए हैं तथा इनकी देख-रेख में कार्य किया जाएगा। सचिव ने कहा कि राज्य में नदियों में जलस्तर बढ़ने से प्रभावित जिलों के कृषि विभाग के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों की छुट्टी अगले आदेश तक रद्द की गयी है तथा इन्हें क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर किसानों को मदद पहुँचाने का निदेश दिया गया है।

# संक्षिप्त खबरें

## अशोक बनाए गए युवा राजद के जिला महासचिव, हर्ष



समस्तीपुर, समस्तीपुर जिला युवा राजद के महासचिव के रूप में अशोक राय को जिला महासचिव मनोनित किया गया है। इससे युवा राजद के कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल बना है। जिलाध्यक्ष पप्पू यादव ने उन्हें मनोनित किया है। स्थानीय विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन व जिलाध्यक्ष ने संयुक्त रूप से उन्हें मनोनयन पत्र प्रदान किया। अशोक मूल रूप से शहर के मोहनपुर के रहने वाले हैं। वह गत कई वर्षो से राजद के सक्रिय सदस्य के रूप में अपना योगदान देते आ रहे हैं। अब उनके जिला सचिव बनने से संगठन को अधिक मजबूती मिलेगी। उनके मनोनीत होने पर पवन कुमार, महेश राय, आशीष कुमार, संतोष कुमार, विजेंद्र कुमार, भोला कुमार राय, टींकू यादव सहित अन्य युवा राजद के कार्यकर्ताओं ने हर्ष जाहिर किया है।

## सीताराम येचुरी का श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड अंतर्गत कल्याणपुर उत्तर पंचायत स्थित शहीद भगत सिंह पुस्तकालय प्रांगण में सीताराम येचुरी का श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता जिला कमेटी सदस्य सिया प्रसाद यादव ने किया। सर्वप्रथम उपस्थित लोगों ने सीताराम येचुरी के फोटो पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। वहीं श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक अजय कुमार ने कहा कि सीताराम याचूरी राजनेता ही नहीं वे विद्वान भी थे। राजनीति में, सामाजिक में उनकी उपलब्धि की गणना नहीं की जा सकती है। राजनीति में उनके निधन से जो क्षति हुई है इसकी भरपाई नहीं हो सकती है। कांग्रेस प्रखंड कमेटी के अध्यक्ष कपिलेश्वर कुमार ने कहा की इंडिया गठबंधन बनाने में उनकी अहम भूमिका थी। आप नेता अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि सीताराम येचुरी को भारत रत्न मिलना चाहिए। राजद नेता उमेश पंडित ने भी भारत रत्न की मांग की। जिला सचिव रामाश्रय महतो, अंचल मंत्री श्याम किशोर कमल, जिला कमेटी सदस्य अरविंद दास ,विश्वनाथ महतो, राज्य सचिव मंडल सदस्य रामदयाल भारती, शशिकांत झा, जागेश्वर महतो ,क्रांति कुमार ,विष्णु देव महतो, अशोक कुमार ,राजेश कुमार ,बबलू कुमार, जितेंद्र कुमार, विद्यानंद पंडित आदि लोगों ने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित किया।

## तीन धर जलकर हुआ राख

कल्याणपुर समस्तीपुर चकमेहसी थाना क्षेत्र के कुढवा पंचायत के वार्ड ग्यारह में अचानक आग लग जाने से तीन धर जल कर राख हो गया है।धर में रखा सारा समान जलकर राख हो गया।आग पर काबू गारमीणो द्वारा निजी पंप सेट से काबू पाया गया। गा मीणा के अनुसार तीन धर जलने वाले में राजगीर पासवान, महेंद्र पासवान, संतोष पासवान का धर जल गया। वहीं अंचलाअधिकारी शशि रंजन कुमार ने बताया कि जांच किया जा रहा है। अग्नी पीड़ित को हर संभव मदद किया जाएगा।

## नल जल योजना टाई टाई फीस

कल्याणपुर समस्तीपुर प्रखंड क्षेत्र के अकंजना पंचायत में वार्ड सात में सात निश्चय योजना से बना हर घर नल जल योजना टाइ टाइ फीस दिखाई दे रहा है। नल जल निर्माण कर पंचायत संबंधित कर्मी अपना कोरम पूरा कर लिया गया। लेकिन नल जल योजना बन्द पड़ा हुआ है।नल जल योजना ग्रामीणों का बताना है कि लगभग 6 माह से बंद पड़ा हुआ है ।जिसका सुधी पंचायत स्तरीय कर्मी से लेकर प्रखंड स्तरी कर्मी एवं जनप्रतिनिधि सुधी लेना मुनासिब नहीं समझते हैं ।उमस भरी गर्मियों में लोगों नल जल योजना का पानी देखना तो दूर की बात साबित हो रहा है। पानी पीने की बात तो दूर है। अंजना पंचायत के वार्ड सात निवासी एक व्यक्ति ने नाम नहीं छापने के शर्त पर कहा कि प्रखंड के एक पदाधिकारी ने कहा कि हम लोगों का जिला स्तरीय कर्मी बात नहीं मानते हैं।आप सभी लाभुक लोग एक लिखित आवेदन जिलाधिकारी को देकर अपनी समस्या बाता दीजिए। इसी पर चालू होगा तो ठीक है नहीं तो जैसे है वैसा ही रहेगा।हम लोग क्या कर सकते हैं।वहीं ग्रामीण बबन कुमार राय ने बताया कि भीषण गर्मी में आम लोगों को पानी पीने के लिए भटकना पड़ रहा है।चापकल बहुत पानी कम दें रहा है। जिस कारण बहुत लोग पानी भरने के लिए इधर उधर भटकना पड़ता है। वहीं मवेशी पालने वाले किसान को भी समस्या से जूझना पड़ रहा है।

# मुफ्त राशन का वितरण नियमित रूप से ससमय करना सुनिश्चित करें :जिलाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर।जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में जिला आपूर्ति टास्क फोर्स की बैठक शनिवार को समाहरणालय सभागार में की गई तथा अधिकारियों को खाद्यान्न का उठाव एवं वितरण का कार्य ससमय शत प्रतिशत सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया। धान अधिप्राप्ति की समीक्षा में पाया गया कि अभी 19 लॉट सीएमआर चावल जमा करना शेष है। जिलाधिकारी ने इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया। समीक्षा में पाया गया कि कुढ़नी में सर्वाधिक सीएमआर लंबित है ।जिलाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी पश्चिमी को मॉनिटर करने तथा 22 सितंबर तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। 22 सितंबर तक सीएमआर जमा नहीं करने वाले पैक्स के विरुद्ध संबंधित प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी प्राथमिकी दर्ज कराना सुनिश्चित करेंगे तथा राशि की वसूली के लिए सर्टिफिकेट केस दर्ज करायेंगे।

सभी सहायक गोदाम प्रबंधक को 20 तारीख तक हर हाल में डीलर को खाद्यान्न उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। समय पर खाद्यान्न नहीं मिलने के कारण वितरण प्रभावित होता है। पिछली बैठक में जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम को निदेश दिया गया था कि हर हाल में 20 तारीख तक डीलरों को खाद्यान्न उपलब्ध करा देंगे किंतु उक्त निर्देश का अनुपालन नहीं होने के कारण जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम का वेतन अवरुद्ध करने का निर्देश दिया गया। परिवहन अभिकर्ता, डोर स्टेप डेलीवरी यदि पर्याप्त संख्या में गाड़ी उपलब्ध नहीं कराते है तो जुमार्ना लगाने का निर्देश डीएम एसएफसी को दिया गया।

वितरण प्रणाली को सुचारू एवं सुदृढ़ बनाने हेतु जिलाधिकारी में 25 सितंबर तक सभी आपूर्ति निरीक्षक को हर हाल में वितरण का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया ।आदेश का अनुपालन सुनिश्चित नहीं करने वाले के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जिला आपूर्ति पदाधिकारी को टीम गठित कर सार्वजनिक वितरण प्रणाली की जांच करने तथा कार्रवाई कर प्रतिवेदन भेजने का निर्देश दिया गया।बैठक में ई -केवाईसी के संबंध में सभी मार्केटिंग अफसर को निर्देश दिया गया कि 30 सितंबर तक सभी लाभुकों का शत प्रतिशत ई- केवाईसी कराना सुनिश्चित करेंगे। वर्तमान समय में जिला का प्रदर्शन अभी 62.77 प्रतिशत है।

जिला सहकारिता पदाधिकारी को फसल सहायता योजना से संबंधित जांच कराकर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

बैठक में अवगत कराया गया कि 23 सितंबर से 25 सितंबर तक आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु विशेष अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत जीविका की टीम को व्यापक प्रचार प्रसार कर आधिकाधिक लोगों को आयुष्मान कार्ड से आच्छादित करने का निर्देश दिया गया।

आकांक्षी प्रखंड मुसहरी के अतिरिक्त अन्य सभी प्रखंडों में भी गर्भवती महिलाओं को एएनसी जांच कराने हेतु प्रेरित करने, तथा हाइपरटेंशन एवं शुगर की जांच करने हेतु लोगों को प्रोत्साहित करने का निर्देश जीविका के डीपीएम को दिया। इसके लिए डीपीएम को सभी प्रखंडों में अभियान के तौर पर कार्य करने तथा आधिकाधिक लोगों को प्रेरित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## राजद नेता ने बाढ़ प्रभावितों को बांटी राहत सामग्री बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत अभियान जारी रहेगा : जवाहर लाल राय

प्रात : किरण संवाददाता




पटना। मोहिउद्दीन नगर प्रमुख सह राजद नेता जवाहर लाल राय ने मोहिउद्दीन नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत तेतारपुर पंचायत, कुरसाहा, रासपुर पतसिया पक्षिम, बदिया पंचायत के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर जायजा लिया। उनके नेतृत्व में पूरे इलाके में राहत अभियान चलाया गया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ पीड़ितों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया। श्री राय ने बताया कि बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच चूड़ा-गुड़, नमक, बिस्कुट, मिक्सचर सहित अन्य सामग्रियों का वितरण किया गया। जवाहरलाल राय के ने कहा कि बाढ़ पीड़ितों के बीच राहत सामग्री बांटने का अभियान लगातार जारी रहेगा। मौके पर पूर्व मुखिया संतोष राय, पूर्व मुखिया सह पंचायती राज जिला अध्यक्ष राजद मोहम्मद निजाम, युवा राजद नेता अभिजीत यादव, कुंदन यादव, विवेक कुमार, समाज सेवी अमन यादव मौजूद रहें। श्री जवाहर राय ने बताया कि कई पंचायतों में बाढ़ भयानक रूप ले लिया है। आम जन जीवन बूरी तरह प्रभावित है। पीड़ित परिवार के पास वर्तमान में रहने के लिए घर नहीं है। खाने के लिए राशन नहीं है। पशुओं के लिए चारा नहीं है। लोगों के बीच त्राहिमाम मचा हुआ है। उन्होंने कहा कि हम अपने स्तर से बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच राहत अभियान चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन की बाढ़ जैसे आपदाओं से निपटने की तैयारी हवा हवाई साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि तत्काल प्रशासन बाढ़ पीड़ितों के बीच राहत कार्य शुरू करे।

## सुमन कुमारी बनी कॉलेज अध्यक्ष व आशुतोष को मिला मंत्री का दायित्व




प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दरभंगा महात्मा गांधी महाविद्यालय इकाई का पुनर्गठन कॉलेज परिसर में किया गया जिसमे मुख्य रूप से विभाग संयोजक राहुल सिंह, नगर मंत्री शाश्वत चौधरी, मुख्य आमंत्रित सदस्य रितेश कुमार, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोज मिश्रा,नगर सह मंत्री युवराज कुमार, मनोहर मिश्र, मृत्युंजय कुमार,नगर सोशल मीडिया संयोजक रौनक कुमार, नगर एसएफडी प्रमुख आदित्य, ऋतिक कुमार, नगर कार्यकारिणी सदस्य संजना कुमारी मुख्य रूप में उपस्थित रहे। सर्वसम्मति से कॉलेज इकाई अध्यक्ष के रूप में सुमन कुमारी, कॉलेज मंत्री के रूप मे आशुतोष कुमार को दायित्व सौंपा गया। तत्पश्चात अध्यक्ष के द्वारा इकाई विस्तार कर रितेश सिंह, ओमकार साह एवं कृष्णा कुमार को उपाध्यक्ष, खुशी कुमारी, रिया मिश्रा व निशाद फातमा को कॉलेज सह मंत्री, रोशन गिरी को कोषाध्यक्ष, रजनी मिश्रा को एस एफ डी संयोजक , वर्षा चौधरी को एसएफएस संयोजक , आलोक कुमार साह को खेलो भारत संयोजक , गुड्डी कुमारी को राष्ट्रीय कला मंच संयोजक , सुमित ठाकुर को एनएसएस प्रमुख,मोना कुमारी को पुस्तकालय प्रमुख, पुष्कर पांडे को कला संकाय प्रमुख, खुशी कुमारी को वनिज संकाय प्रमुख, सतीष कुमार को विज्ञान संकाय प्रमुख व कार्यकारिणी सदस्य के रूप में क्षमा कुमारी, अंजलि कुमारी,पुजा कुमारी,मिन्कु झा, मानसी श्री, प्रेम राज, अनोखी , मनीषा कुमारी,आरुशी कुमारी, रिया कुमारी राउत , सुंदरम झा,आदि को दायित्व सौंपा गया।

विभाग संयोजक राहुल सिंह ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता संपूर्णता में विश्वास रखते है। राष्ट्र पुर्ननिर्माण हेतु विद्यार्थी हमारा माध्यम है किंतु राष्ट्रीय पुर्ननिर्माण का परिषद का व्यापक संदर्भ हमें संपूर्ण समाज परिवर्तन का वाहक बनता है द्दष्टि देता है। परिसर में पढ़ने वाला विद्यार्थी संपूर्ण समाज का दर्पण है। वह समाज का प्रतिनिधि है।

## जिले ने अपना निर्धारित 329 लक्ष्य निर्धारित समय से काफी पहले किया प्राप्त



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा की अध्यक्षता में मिशन वात्सल्य योजना के तहत प्रायोजन योजना (स्पॉन्सरशिप) से संबंधित बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में योजनांतर्गत 256 लाभुको के आवेदनों को स्वीकृति दी गई जिससे मधुबनी जिले ने अपना निर्धारित 329 का लक्ष्य प्राप्त कर लिया।गौरतलब हो कि पिछली बैठको मे 73 लाभुको को स्वीकृति प्रदान की गई थी।सहायक निदेशक आशीष अमन ने बताया कि जिला बाल संरक्षण इकाई मधुबनी समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मिशन वात्सल्य अन्तर्गत प्रायोजन कार्यक्रम हेतु जिलान्तर्गत पात्र विधावा तलाकशुदा जिनके परिवार के कमाऊ सदस्य दिव्यांग या गंभीर बीमारी से ग्रसित हो के 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को प्रतिमाह 4000 रुपए अनुदान राशि देने का प्रावधान है।योजना के इच्छुक लाभुको द्वारा आवेदन के साथ आय प्रमाण पत्र या बीपीएल सूची की छायाप्रति पिता के मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति लाभार्थी बालक बालिका का जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति आवेदक का लाभार्थी बालक बालिका के साथ सम्मिलित फोटो आवेदक का लाभर्थी बालक बालिका के साथ संयुक्त बचत खाता की छायाप्रति तथा आधार कार्ड की छायाप्रति जमा कराया गया जिसके पश्चात सत्यापन उपरांत स्वीकृति दी गई। उक्त बैठक मे अजय कुमार राय बाल संरक्षण पदाधिकारी सदस्य बाल कल्याण समिति एवं अन्य कर्मीगन भी उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ नागरिकों की समाज निर्माण मे महत्वपूर्ण भूमिका

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।वरीय नागरिक संस्थान की आवश्यक बैठक चितरंजन सिन्हा कनक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। अपने अध्यक्षीय भाषण में श्री कनक ने कहा कि वरीय नागरिक के पास प्रशासनिक पावर नहीं है, किंतु समाज को दशा एवं दिशा देने हेतु बहुत बड़ा पावर है। पर्यावरण, चिकित्सा ,शिक्षा के संबंध में हम उन्हें जागृत करते हैं। आज हमारे देश में डिजिटल इंडिया की बातें जोड़ों पर है। हम समाज को जागरुक करते हैं कि एजुकेशन में क्वालिटी की बहुत प्रधानता है, हम एजुकेशन में क्वालिटी लाए , ताकि हमारे बच्चे स्किल होकर बेरोजगार नहीं रहे। बैठक में डॉक्टर हरि किशोर प्रसाद सिंह, मधु मंगल ठाकुर, एवं शारदा प्रसाद ने गीत गाकर उपस्थित सदस्यों का मन मोह लिया। संस्था के सचिव संतोष कुमार ने कहा कि पहली अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय बुजुर्ग दिवस मनाया जाए गा, जिसमें दो वरिष्ठ नागरिकों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया जाएगा। बैठक में अरुणेश कुमार वर्मा, किरण वर्माडॉ प्रेम शरण , डॉ रविंद्र कुमार रवि, प्रेम सागर प्रसाद, उमानाथ सिंह, शत्रुघ्न प्रसाद दीनबंधु ठाकुर सुनील कुमार सिन्हा आदि उपस्थित थे।

## जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय शिक्षा पुरस्कार 2024 से डॉक्टर मीनाक्षी को सम्मानित किया

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिलाधिकारी अरविंद कुमार वर्मा ने कल 21 सितंबर को समाहरणालय सभागार में आयोजित संक्षिप्त समारोह में राष्ट्रीय शिक्षा पुरस्कार 2024 से सम्मानित डॉक्टर मीनाक्षी को सम्मानित किया उन्होने डॉक्टर मीनाक्षी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि डॉ मीनाक्षी ने शिक्षक के रूप में अपने कार्यों के द्वारा न सिर्फ जिले का मान सम्मान बढ़ाया है बल्कि पूरे बिहार के मान सम्मान बढ़ाने का कार्य किया है। बताते चले की राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए जिले से तीन शिक्षकों का अनुशंसा करके राज्य स्तर पर भेजा गया था। बिहार के हर जिले से तीन शिक्षकों का अनुशंसा कर राज्य स्तर पर भेजा जाता है। राज्य उनमें से बस 6 शिक्षकों की अनुशंसा कर राष्ट्रीय स्तर पर भेजता है। फिर राष्ट्रीय स्तर के लिए ऑनलाइन साक्षात्कार इन 6 शिक्षको का होता है। इस साक्षात्कार में बिहार के दो शिक्षकों का चयन राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए किया गया जिनमें डॉ मीनाक्षी कुमारी (सहायक शिक्षिका शिवगंगा बालिका उच्च विद्यालय मधुबनी) और कैमूर के सिकेन्द्र कुमार सुमन प्रधानाध्यापक का चयन राष्ट्रीय शिक्षा पुरस्कार 2024 के लिए किया गया।उक्त कार्यक्रम में उपनिदेशक सूचना एवं जनसंपर्क परिमल कुमार जिला शिक्षा पदाधिकारी जावेद आलम सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

## सीए सुरेश झा ने किया उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का भव्य स्वागत



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का स्वागत भाजपा वाणिज्य प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता सीए सुरेश झा ने किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर उत्तराखंड प्रवास के दौरान भाजपा नेता सीए श्री झा ने सीएम श्री धामी का मिथिला परंपरा के अनुसार भव्य स्वागत किया। उन्होंने बताया कि सीएम श्री धामी बहुमुखी प्रतिभा के धनी है और लोगों के प्रति उनके दिल में अपार श्रद्धा है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड के विकास में सीएम श्री धामी की कार्य कुशलता के लोग कायल हो गए हैं। बातचीत के क्रम में उन्होंने कहा कि मां जानकी की धरती मिथिला के लोगों का उत्तराखंड की पवित्र धरती से अपार श्रद्धा है। जिसके कारण लाखों लोग प्रत्येक साल उत्तराखंड आकर हरिद्वार में गंगा स्नान के साथ विभिन्न ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों पर जाकर देवी देवताओं की पूजा अर्चना करते हैं। अगर मिथिला से देवभूमि हरिद्वार के लिए सीधी ट्रेन मिल जाती तो आवागमन में लाखों लोगों को काफी सहूलियत होती। इस दौरान सीएम श्री धामी ने भी भाजपा नेता सीए सुरेश झा का स्वागत किया। सीए श्री झा ने कहा कि मुख्यमंत्री का स्नेह उन्हें जीवन भर याद रहेगा।

## कुलपति ने थामा झाड़ू,किया विश्वविद्यालय परिसर को साफ

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा।स्वच्छता का मैसेज दूर तलक जाए इसके लिये संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 लक्ष्मी निवास पांडेय ने शनिवार को स्वयं झाड़ू थाम लिया। स्वाभाविक है कि ऐसे में विश्वविद्यालय के अन्य पदाधिकारी भी पीछे नहीं रहे और सभी ने कैम्पस में सामूहिक रूप से झाड़ू लगाया। घास-फूस को भी उखाड़ा गया और साफ-सफाई की गई। मौके पर कुलपति पांडेय ने सभी का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि आंतरिक व वाह्य स्वच्छता हमारे संस्कारों को प्रतिविम्बित करती है। इसकी शुरूआत स्वयं से होनी चाहिए। तभी आप दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित कर सकते हैं। उन्होंने कैम्पस के अलावा अन्य संस्थानों को भी साफ सुथरा करने की सलाह दी। स्नातकोत्तर एनएसएस इकाई द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत आज की सारी गतिविधियां महाराजाधिराज डॉ सर कामेश्वर सिंह की प्रतिमा पर कुलपति प्रो0 पांडेय द्वारा माल्यार्पण के बाद शुरू हुई। स्नातकोत्तर समेत शिक्षा शास्त्र विभाग के स्वयंसेवकों के साथ साथ सभी विभागाध्यक्षों, प्रध्यापकों व अन्य कर्मियों ने बढ़ चढ़ कर कार्यक्रम में भागीदारी निभाई। नतीजा रहा कि ग्रह- नक्षत्र वाटिका समेत परिसर का अन्य भाग चकाचक हो गया। इसी क्रम में स्नातकोत्तर इकाई की कार्यक्रम पदाधिकारी सह कला रंजिनी की संयोजिका डॉ. साधना शर्मा ने सभी को स्वच्छता सम्बन्धी शपथ पत्र देकर जन- जागरण की अपील की। कार्यक्रम में अध्यक्ष छात्र कल्याण डॉ. शिवलोचन झा, शिक्षा शास्त्र के पवन सहनी भी शरीक हुए।

## यूनेस्को क्लब की ओर से अन्तर विद्यालय राधा कृष्ण नृत्य प्रतियोगिता आयोजित



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।यूनेस्को क्लब दरभंगा की ओर से अन्तर विद्यालय राधा कृष्ण नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन प्रेक्षागृह, लहेरियासराय में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राकेश रंजन, अपर समाहर्ता, लॉ एंड ऑर्डर, दरभंगा थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं मंचासीन क्लब के पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

अपने स्वागत उद्बोधन में डॉ आर बी खेतान ने अतिथियों, विभिन्न विद्यालयों के निदेशक, प्राचार्य, प्रतिनिधि, उपस्थित क्लब के सभी सदस्यों सहित सभी प्रतिभागियों का अभिनन्दन करते हुए सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। सभा को संबोधित करते हुए क्लब के संरक्षक बिनोद कुमार पंसारी ने क्लब की गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं डॉ बी के मिश्रा ने अपने संबोधन में कार्यक्रम के आयोजन पर उद्गार व्यक्त किया।क्लब के सदस्य हीरा कुमार झा और रिंकू कुमार झा के संयुक्त संचालन में आयोजित कार्यक्रम में कुल 20 विद्यालयों के 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया।प्रतियोगिता में दरभंगा पब्लिक स्कूल, दिल्ली मोड़ प्रथम, पब्लिक स्कूल बेला द्वितीय और पब्लिक स्कूल, लालबाग तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं समूह बी (सीनियर) में दरभंगा पब्लिक स्कूल, दिल्ली मोड़ प्रथम, पब्लिक स्कूल, बेला द्वितीय और संस्कृति इंटरनेशनल स्कूल, रामबाग तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में क्लब के राघवेन्द्र कुमार, ललित खेतान, शमीम हैदर, डॉ एम एच खान, डॉ बी बी शाही, डॉ आर एन पी सिन्हा, रतन खेड़िया, राज कुमार मारीवाल, सिधु मल, मधु रंजन, अमन पाठक, अमरनाथ साह, बिनोद कुमार, दीपक सिन्हा, डॉ मनीष कुमार प्रसाद, विशाल गौरव, एस एच अली, डॉ शारिक हुसैन, डॉ अल्का द्विवेदी, लता खेतान, डॉ मिनी प्रियदर्शिनी, मीनाक्षी पाठक, नीलम पंसारी आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

## अधिक से अधिक भाजपा का सदस्य बनाएं : सतीश चन्द्र दुबे



प्रात : किरण संवाददाता

बेनीपुर(दरभंगा)। भाजपा है तो विकास है, जब-जब देश मे भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आई देश में विकास को गति मिला। उक्त बातें रविवार को स्थानीय कपूर सभा भवन में नगर अध्यक्ष प्रवीण कुमार झा की अध्यक्षता में आयोजित भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान समारोह को संबोधित करते हुए भारत सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कहा। उन्होंने कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के तर्ज पर देश का विकास हो रहा है। इसके लिए उन्होंने बिहार वासियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि उत्तर बिहार का एक-एक सीट जीतने का प्रतिफल है कि तीसरी बार नरेंद्र मोदी की सरकार बनी है। यह हमारे कार्यकर्ता की मेहनत का प्रतिफल है।इस अवसर पर सांसद गोपाल जी ठाकुर, दरभंगा नगर विधायक संजय सरावगी, राज्यसभा सांसद धर्म शीला गुप्ता ने सम्बोधित किया।मौके पर जिला प्रभारी उमेश कुशवाहा जिला अध्यक्ष जीबछ सहनी विधानसभा पुर्व प्रत्याशी राम नारायण ठाकुर राम सागर ठाकुर महामंत्री अभया नंद झा विधानसभा संयोजक मुनेंद्र प्रसाद यादव जिला मीडिया प्रभारी प्रेम कुमार मिश्र भाजपा नेता अवधेश कुमार झा सोनू ठाकुर सत्यम कुमार ठाकुर राजीव कुमार झा ग्रामीण विधानसभा के मदन कुमार यादव सुबोध कामत राजीब कुमार झा मनोज कुमार झा रमण जी पासवान मंडल अध्यक्ष त्रिवेणी महतो महिला मोर्चा के निभा देवी जिला अध्यक्ष सपना भारती आदि ने कार्यक्रम को संबोधित किया तथा संचालन मंडल अध्यक्ष रजनीश सुंदरम कर रहे थे।

## पिकअप पर लदे 248 कार्टून शराब बरामद, चालक व एक धंधेबाज गिरफ्तार, तीन फरार

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर थाना क्षेत्र के मुस्तफापुर से चकहबीब जाने वाली सड़क पर पुलिस ने विभूतिपुर थाना अध्यक्ष आनंद कुमार कश्यप के नेतृत्व में एक पिकअप वैन पर लदे 248 कार्टून विदेशी शराब बरामद किया है। वहीं पिकअप के चालक व एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। मौके से तीन धंधेबाज भागने में सफल बताया गया। शराब की कुल मात्रा 248 कार्टून में 11904 टेट्रा पैक जिसकी मात्रा 2142.720 लीटर बताई गई है। गिरफ्तार चालक की पहचान राजस्थान जयपुर जिला के दुदु सोनरिया निवासी कजोर भागारिया का पुत्र बाबूलाल भागारिया एवं धंधेबाज दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के मालपुर वार्ड 05 निवासी देवन साहनी के पुत्र राजेश कुमार सहनी उर्फ छोटू के रूप में किया गया है। थाना अध्यक्ष आनंद कुमार कश्यप ने बताया कि शनिवार की रात्रि मधनिषेध विभाग पटना से सूचना मिली कि एक पिकअप वैन से दलसिंहसराय से मुस्तफापुर की ओर शराब जा रही है। सूचना के आधार पर एक टीम के साथ तुरंत सत्यापन के लिए निकले। मुस्तफापुर से चकहबीब जाने वाले सड़क पर एक पिकअप वैन तथा दो मोटरसाइकिल पर तीन व्यक्ति खड़ा था। घेराबंदी कर पकड़ने का प्रयास किया गया। जिसमें मोटरसाइकिल सवार तीनों व्यक्ति अंधेरा का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। वहीं पिकअप चालक व एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के क्रम में पिकअप पर लदे 248 कार्टून शराब, दो एंड्राइड मोबाइल फोन, पिकअप वाहन, वाहन पर चिपके फास्ट टैग, एवं जीपीएस बरामद किया गया।गिरफ्तार चालक से पूछताछ के क्रम में बताया गया कि लखनऊ से शराब लोड कर दलसिंहसराय आया था। वहीं धंधेबाज राजेश कुमार सहनी उर्फ छोटू से भागे व्यक्ति के बारे में पूछने पर दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के मालपुर निवासी संजय साह के पुत्र विनोद कुमार, शंकर महतो के पुत्र लाल बाबू उर्फ ललुआ तथा कमराउ वार्ड एक निवासी भिखर सिंह के पुत्र मंजय लाल बताया गया। मधनिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। तथा फरार धंधेबाज की गिरफ्तारी हेतु ठिकाने पर छापेमारी जारी है

## संक्षिप्त खबरें

### रेलवे ट्रैक पर चढ़ा पानी रेल यातायात हुआ प्रभावित

बरियारपुर (मुंगेर)। जमालपुर-भागलपुर रेल खंड पर रेलवे पुल संख्या 195 के गाडर में बाढ़ के पानी स्पर्श होने के कारण रेल परिचालन बन्द हो गया है। मध्यरात्रि से जमालपुर भागलपुर रेल खंड पर रेल परिचालन बन्द होने से दैनिक यात्रियों में आक्रोश व्याप्त हो गया है। जहां रतनपुर बरियारपुर रेलवे स्टेशन के मध्य रेलवे पुल संख्या 195 के गाडर वाल में बाढ़ के पानी स्पर्श होने की सूचना रात्रीकालीन गस्ती दल द्वारा बरियारपुर सहायक स्टेशन पंकज कुमार सिंह ने इसकी सूचना मालदा कन्ट्रोल को दिया है। अधिक्षण अभियंता घटनास्थल पहुंच कर जांच प्रारम्भ कर आवागमन पर पूर्ण तह रोक लगा दिया है।

### स्कूलों की पुताई गुलाबी और मैरून रंग से होगी

गिद्धौर। जमुई जिले में विद्यालयों की रंगाई-पुताई मरम्मत का कार्य अब जिला स्तर पर गठित समिति द्वारा प्राथमिकता निर्धारित करते हुए निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार और वित्तीय अधिसीमा के अनुकूल अधिकृत एजेंसी द्वारा कराया जाएगा। विद्यालय भवन के रंगाई पुताई के क्रम में प्रारंभिक विद्यालय वर्ग 1 से 8 तक के स्कूलों के बाहरी भाग को गुलाबी रंग बॉर्डर में मैरुन रंग और भवन के अंदर में सफेद रंग का इस्तेमाल किया जाएगा। जबकि हाई स्कूल के बाहरी भाग में ग्रे रंग बॉर्डर में नीला रंग और भवन के अंदर में सफेद रंग का इस्तेमाल किया जाएगा। बता दें कि सरकारी विद्यालयों में आवश्यकता अनुरूप भौतिक सुविधाएं बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य कराया जाएगा। योजनाओं के चयन एवं प्राथमिकता का निर्धारण जिला पदाधिकारी और डीएम अनुपस्थिति में उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में गठित समिति करेगी।

# बैठक के दौर से बाहर निकल बाढ़ पीड़ित को सरकारी सुविधा मुहैया कराए जिला प्रशासन : सपा

## आपदा में अवसर तलाशने में जुटे हैं तमाम अधिकारी : पप्पू




प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। जिले में बाढ़ की स्थिति किसानों के फसल नुकसान सहित जिले के मूलभूत समस्याओं पर आक्रोशित समाजवादी पार्टी के जिला पदाधिकारी की एक आवश्यक बैठक जिला मुख्यालय स्थित किला परिसर के शहीद स्मारक भवन में जिला अध्यक्ष पप्पू यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा कि आपदा के मौके तलाशने वाले अधिकारी बैठक के दौर से बाहर निकल बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंच कर सरकारी सुविधा का भरपूर लाभ दें अन्यथा जिले की स्थिति कभी भी भयावह हो सकती है वहीं उन्होंने सरकार और जिला प्रशासन को आगाह करते हुए कहा कि सरकार के सांसद विधायक व जिला प्रशासन सड़क अपराध और विद्युत की अनियमित आपूर्ति पर सजग हो अन्यथा समाजवादी पार्टी ऐसे अकर्मण्य नेताओं को क्षेत्र में घुसने नहीं देगी। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित समाजवादी लोहिया वाहिनी के प्रदेश महासचिव रविकांत झा ने सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि यह सरकार लुटेरों की सरकार है जो आम जनता का शोषण कर रही है उन्होंने कहा कि सड़क मरम्मत के नाम पर जिला प्रशासन मुंगेर जमालपुर के सड़कों पर चिप्पी साट रही है जो और भी जानलेवा होगी और सरकार गाल बजा रही है। वहीं पार्टी के प्रधान महासचिव मनोज कुमार मधुकर ने कहा कि बाढ़ के भयावह स्थिति से हजारों परिवार बेघर हो गए किसानों की फसल नष्ट हो रही है सरकार अभिलंब किसानों के नष्ट हुए फसलों का सर्वे कराकर मुआवजा की घोषणा करें अन्यथा हम लोग आंदोलन के लिए सड़क पर उतरेंगे। बैठक के अंत में दिनांक 10 अक्टूबर को समाजवादी योद्धा पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव एवं 12 अक्टूबर को महान समाजवादी चिंतक विचारक डॉ राम मनोहर लोहिया के पुण्यतिथि का आयोजन करने एवं मूलभूत समस्याओं पर आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष रामनाथ राय वरिष्ठ नेता सुरेश यादव मुंगेर नगर अध्यक्ष मो आजम सदर प्रखंड अध्यक्ष ईश्वर मंडल मीडिया प्रभारी मनोज क्रांति ने भी संबोधित किया। बैठक में गोपाल वर्मा मनिष यादव छडपन मंडल कुणाल रंजन सुनिल साव जितेंद्र यादव रंजीत सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## धर्म आस्था : 24 व 25 सितंबर को जिउतिया व्रत, 24 को सूर्योदय से पहले ओटधन

- चार साल बाद खरजिउतिया का दुर्लभ संजोग महिलाएं शुरू कर सकती है जिउतिया व्रत

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। जिउतिया व्रत 24 और 25 सितंबर को होगा। इस वर्ष अमृत योग में जिउतिया व्रत का शुभारंभ होगा। जबकि ओटघन व स्त्रियों का विशेष भोजन 23 सितंबर को रात्रि के अंत अर्थात सूर्योदय से पहले होगा। इस बार जिउतिया का पारण 25 सितंबर को दिन के अंतिम भाग अर्थात संध्या काल 5 बजकर 5 मिनट के उपरांत डाली खोलकर पारण होगा।इस वर्ष दो दिन का व्रत हो जाने से पहली बार जिउतिया व्रत करने वाली महिलाओं के लिए थोड़ी कठिनाई हो सकती है।इस बार चार वर्ष बाद खरजिउतिया का भी दुर्लभ संजोग है। खरजितिया लगने पर ही स्त्रियां पहली बार व्रत करती है।जिसके लिए बहुत दिनों तक इंतजार में महिलाएं रहती है। यह जानकारी गिद्धौर थाना क्षेत्र के पतसंडा निवासी पंडित दीपू पांडे ने दी। मंगलवार या शनिवार को अगर अष्टमी व्रत लगता है तो खर जिउतिया लग जाता है। जिसमें पहली बार महिलाएं जिउतिया व्रत उठाती है। खरजिउतिया लगने पर व्रत उठाने वाली महिलाएं के संतान की अकाल मृत्यु नहीं होती है। अतः हरेक दृष्टिकोण से यह व्रत स्त्रियों के लिए बड़ी साधना है। इस व्रत में जल तक लेने का विधान नहीं है। गंगा पुलकित पंचांग और विद्यापति पंचांग अनुसार व्रत के दौरान संकट आने पर या विशेष परिस्थिति उत्पन्न होने पर जल,शर्बत,शुद्ध देसी गाय के दूध एवं जूस आदि ग्रहण कर व्रत पूर्ण किया जा सकता है। वंशवृद्धि के लिए बांस के पत्तों से पूजा आश्विन मास की कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि में प्रदोश काल में जीमुतवाहन भगवान की पूजा करने का विधान है।भविष्यपुराण में कहा गया है कि यह व्रत अष्टमी तिथि प्रदोष काल व्यापिनी ग्रहण करनी चाहिए।आश्विन मास के कृष्ण पक्ष अष्टमी जीवित पुत्रिका नाम से प्रसिद्ध है। जो सभी स्त्रियों के संतानों और अखंड सौभाग्य प्रदान करने वाली है। पूजा विधान के अनुसार आंगन में पोखर बना पाकड़ वृक्ष रोपें। उसमें गोबर-माटी से चिल्ली डाली पर एवं पुनः गोबर- माटी से सियारिनी वृक्ष के नीचे धोंधर में रखें। मध्य में जल से भरा हुआ कलश रखे। उस कलश पर कुश से निर्मित जीमुतवाहन भगवान की प्रतिमा स्थापित कर अनेक रंगों की पताका लगानी चाहिए। इसके बाद कुश,तिल,जल लेकर संकल्प कर अनेक पदार्थों से पूजन करें एवं जीमुतवाहन भगवान की कथा सुननी चाहिए। जीमुतवाहन व्रत उपवास में वंशवृद्धि के लिए बांस के पत्तों से पूजन करने की परंपरा है।

## सरकारी अस्पताल की खुल रही पोल अस्पताल परिषर में किया गया तालाबंदी



प्रात : किरण संवाददाता

सोनो जमुई : जमुई जिले के सोनो प्रखंड अंतर्गत काली पहाड़ी गाँव में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र काली पहाड़ी में डाक्टर, नर्स एवं कोई भी सरकारी कर्मियों के नहीं रहने के कारण दर्जनों ग्रामीण एकजुट होकर स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि सुनिल कुमार दास की निगरानी में रविवार को तालाबंदी कर दिया गया है। मुखिया प्रतिनिधि सुनिल कुमार दास ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र काली पहाड़ी में पिछले कई दिनों पुर्व से किसी भी डाक्टर एवं कोई भी नर्स अथवा एक भी सरकारी कर्मी नहीं है तथा मरिजों के लिए किसी भी बिमारी का इलाज के लिए कोई दवा उपलब्ध नहीं है। साथ ही अस्पताल के अंदर सभी बेड बिलकुल खाली पड़ा हुआ है। इसके अलावा डाकटरों को बेठनें के लिए कार्यालय भी खाली पड़ा रहता है। जिस कारण स्थानीय मरिजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मौके पर उपस्थित गंदर पैक्स कुंदन यादव ने बताया कि इस अस्पताल में डाकटरों ओर नर्सों को नहीं रहने के कारण गर्भवती महिलाओं को प्रसव के लिए अन्यत्र ले जाना पड़ता है। लिहाजा बाध्य होकर ग्रामीणों ने अस्पताल परिसर में तालाबंदी कर दिया है।

# प्रमंडलीय आयुक्त ने राजस्व से संबंधित समीक्षात्मक बैठक किया

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। मुंगेर प्रमंडल अंतर्गत सभी अपर समाहर्ता, भूमि सुधार उप समाहर्ता के साथ प्रमंडलीय आयुक्त संजय कुमार सिंह ने राजस्व से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में आयुक्त के सचिव अरविंद कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी दिलीप कुमार देव, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देवव्रत मिश्रा एवं अन्य भी उपस्थित थे। विगत दिनों अत्यधिक वर्षापात के कारण कई जिलों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने के संबंध में आयुक्त ने जिलावार बाढ़ की स्थिति की समीक्षा की। लखीसराय, बेगूसराय, मुंगेर, शेखपुरा, खगड़िया जिला में कई प्रखंडों के विभिन्न पंचायतों में जलस्तर बढ़ने से बाढ़ की स्थिति की जानकारी ली गयी। आयुक्त को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सामुदायिक किचन की स्थापना प्रभावित लोगों के बीच पॉलिथीन सीट, स्वास्थ्य सुविधाएं, राहत शिविर, पशु के लिए पशु चारा की सुविधा, एंटी रैबिज और एंटी वेनम, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ की उपलब्धता एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में अवगत कराया गया। बताया गया कि बेगूसराय जिला में आठ प्रखंड के 70 हजार लोग प्रभावित हुए हैं। 47 सामुदायिक किचन की स्थापना की गयी है एवं राहत कार्य युद्धस्तर पर किए जा रहे हैं। मुंगेर जिला में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 20 राहत शिविर बनाया गया है। पॉलीथिन सीट एवं सूखा अनाज का भी वितरण किया जा रहा है। इसके अलावे सामुदायिक किचन के माध्यम से लोगों को भोजन मुहैया करायी जा रही है। वहीं खगड़िया जिला में चार प्रखंड बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बारह सामुदायिक किचन स्थापित किए गए हैं। पॉलीथिन सीट का वितरण किया जा रहा है। मेडिकल कैंप, पशु चारा पशु आश्रय स्थल की भी व्यवस्था की गयी है। गर्भवती महिलाओं के लिए वोट एंबुलेंस के माध्यम से उनकी स्वास्थ्य जांच एवं स्वास्थ्य की देखभाल की जा रही है। लखीसराय जिला में प्रभावित क्षेत्रों में राहत शिविर, सामुदायिक किचन का संचालन किया जा रहा है। साथ ही अन्य सभी व्यवस्थाएं भी की जा रही है।

आयुक्त ने पशु चारा एवं पशु आश्रय स्थल का भी विशेष रूप से व्यवस्था करने का निर्देश दिया। साथ ही तटबंधों की सुरक्षा, आवश्यक दवाएं यथा सर्प दंश, एंटि डायरिया, ओआरएस, हैलोजन टैबलेट आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। आयुक्त ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पीड़ितों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उन्हें मुहैया कराएं। किसी भी परिस्थिति में पीड़ितों को भोजन, पेयजल आदि की कमी न हो, इसका विशेष ध्यान रखें। राहत शिविरों में ब्लीचिंग छिड़काव के साथ ही साफ सफाई की भी समुचित व्यवस्था रखें, ताकि किसी प्रकार का संक्रमण न हो।आगामी 25 सितंबर को अध्यक्ष राजस्व पर्षद की अध्यक्षता में सभी प्रमंडलीय आयुक्त एवं जिलाधिकारियों की आहूत बैठक के संदर्भ में नीलाम पत्र वाद, न्यायालयों में लंबित मामलों एवं अन्य राजस्व संबंधित बिंदुओं पर जिलावार आयुक्त के द्वारा समीक्षा की गयी और लंबित मामलों के निष्पादन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में बिना सूचना एवं अनुमति के अनुपस्थिति को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए कई भूमि सुधार उप समाहताओं से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया गया, जिसमें भूमि सुधार उप समाहर्ता, मुंगेर सदर, बखरी, जमुई, शेखपुरा, बेगूसराय सदर, बलिया सम्मिलित हैं।

## बाढ़ ने मचाई तबाही गांव से लेकर शहर जल मंगन



प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। गंगा के बढ़ते जल स्तर से हर तरफ पानी ही दिखाई पड़ रहा है। मुंगेर जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत 13 पंचायत में से 11 पंचायत पूरी तरह से बाढ़ के चपेट में आ चुके हैं। लोग अब अपने घर को छोड़ ऊंचे स्थान पर गाय, भैंस, बकरी ,को लेकर अपना आशियाना विद्यालय या किसी अन्य जगहों पर बना चुके हैं। खास कर दियारा क्षेत्र के पंचायत में किसी भी घरों में लोगों को रहना खतरे से खाली नहीं है लोग डरे शहर में घर छोड़ अन्य जगहों पर रहने को मजबूर है। सदर प्रखंड अंतर्गत, तारापुर दियारा कुतलूपुर दियारा, जफर नगर, टिका रामपुर , महुली, शंकरपुर, मय, मिजार्पुर वरदह, जानकी नगर, नौवागढ़ी उत्तरी, तथा नौवागढ़ी दक्षिणी पंचायत के वार्ड संख्या 15,14 एवं 13 पूरी तरह से बाढ़ के चपेट में आ गए हैं लोग विद्यालय में जाकर रहकर अपना जीवन गुजर रहे हैं। वहीं बाढ़ प्रभावित पंचायत के मुखिया द्वारा बताया गया कि हम लोग अंचलाधिकारी सदर मुंगेर तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी सदर मुंगेर को लिखित आवेदन दे चुके हैं हमारे पंचायत के बाढ़ बाढ़ प्रभावित लोगों को रहने खाने से लेकर अन्य सुविधा देने की कृपा किया जाए।

# पुल की मरम्मती को लेकर दिया गया एक दिवसीय धरना प्रदर्शन



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] रविवार को जर्जर स्थिति में तब्दील हो रहे बरमसिया पुल की मरम्मती को लेकर विभिन्न सामाजिक संगठन की ओर से पुल के नजदीक गणेशी मंदिर के पास एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता जन संघर्ष मोर्चा संयोजक सह बिहार किसान समिति जिलाध्यक्ष विनोद यादव के द्वारा किया गया। धरना प्रदर्शन कर रहे एक स्वर में जबतक पुल निर्माण नही किया जाता है तबतक आंदोलन जारी रहेगा। लोगों ने कहा कि बीते एक साल से बरमसिया पुल के पीलर के पास गडडा होते जा रहा है जिससे पुल की हालत जर्जर है और पुल का पीलर हवा में लटका हुआ है। विनोद यादव ने कहा कि पुल की स्थिति जर्जर होने और पीलर के नीचे गडडा होने से यह पुल कभी भी क्षतिग्रस्त होकर गिर सकता है जिससे कई गांवो का मुख्यालय से संपर्क टूट जाएगा। उन्होनें आगे कहा कि बरमसिया पुल प्रखंड मुख्यालय का प्रमुख पुल में शामिल है जहां प्रत्येक दिन हजारों की तादाद में लोगों को आवागमन होते रहता है। पुल अगर ध्वस्त होता है तो इसका प्रभाव स्वास्थ्य, शिक्षा, व्यवसाय सहित दैनिक मजदूरों पर पड़ेगा। इसलिए दो दिन के अंदर पुल की जर्जर स्थिति पर अगर जनप्रतिनिधि या जिला प्रशासन की ओर से ठोस कदम नही उठाया गया तो 25 दिसंबर को बिहार के सीएम का पुलता दहन करेंगे जिसकी जबाबदेही शासन प्रशासन की होगी। मौके पर मानव सेवा संघ के अध्यक्ष घनश्याम गुप्ता, कामरेड योगी रावत, गौरव सिंह राठौड़, अधिवक्ता मदन यादव, बसपा नेता राजू यादव, अरविंद दास, सोनू बरनवाल सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## बीजेपी देश में नफरत की राजनीति करती है : उमैर खान

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। कांग्रेस पार्टी हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी धर्मों का सम्मान करती है। कांग्रेस पार्टी सबको एक साथ लेकर देश की उन्नति चाहती है। उक्त बातें रविवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह मे बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे बिहार प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष उमैर खान ने कही। उन्होंने कहा कि बीजेपी देश मे नफरत की राजनीति करके लोगों को एक दूसरे से लड़ाने का काम कर रही है। कहा कि देश मे महंगाई और बेरोजगारी की समस्या से लोग परेशान हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जब दलितों, गरीबों, वंचितों, अल्पसंख्यकों की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इनकी धमकी से डरने वाली नही है, राहुल गांधी ही नही इस देश मे कांग्रेस के लाखों कार्यकर्ता देश की खातिर अपनी जान निछावर करने को तैयार है। कार्यक्रम मे अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष उमैर खान का जिला कांग्रेस अध्यक्ष सीताराम चौधरी, उप महापौर नाजिया हसन, प्रदेश प्रतिनिधि रामनारायण झा, जिला मीडिया प्रभारी, मो. असलम, जिला उपाध्यक्ष रेयाज अली खां, पूनम झा,अब्दुल हादी सिद्दीकी आदि नेताओं ने पाग-चादर से सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के नवनियुक्त अध्यक्ष सरफराज अनवर ने अपने अध्यक्ष को संगठन को जिला से पंचायत और बूथ स्तर तक मजबूत करने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम मे, वरीष्ठ नेता, अय्यूब खान, आफताब आलम, जुबैर आलम, फैयाज खान, इबरार राजा, मो.नसीम हैदर, प्रो.खादिम हुसैन, राजा अंसारी, प्रिंस परवेज, शादाब अतिकी, प्रो.उदयशंकर मिश्र, पिंकू गिरी, तनवीर अनवर, एजाज अनवर, लुतफुर रहमान डाबर, प्रो.शिवनारायण पासवान, मो. अंसार हसन, गणेश चौधरी,शुशील कुमार सिंह, धनंजय सिंह,हसमत अंसारी, प्रो. मिथिलेश यादव, उदितनारायण चौधरी, मनोरंजन झा सहित सैकड़ों की संख्या मे कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूरी ताकत के साथ कार्य कर रही है

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर । गंगा के जल स्तर में हुई अप्रत्याशित वृद्धि से जिले में उत्पन्न बाढ़ की विभीषिका से जहां आमजन परेशान हैं वहीं इस प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूरी ताकत के साथ कार्य कर रही है। जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह द्वारा स्वयं ही बाढ़ प्रभावित विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। साथ ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के सभी संबंधित पदाधिकारी भी राहत एवं बचाव कार्य में पूरी तत्परता के साथ कार्य कर रहे हैं। रविवार को भी जिलाधिकारी स्वयं बरियारपुर एवं हेमजापुर जाकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य की जानकारी लिए। साथ ही आमजन से मिलकर उन्हें कहा कि जिला प्रशासन आपके साथ है, आप सभी को जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि गंगा के जल स्तर में आज कोई वृद्धि नहीं देखी गई है और अनुमान लगाया जा रहा है कि अब गंगा का जल स्तर स्थिर रहेगा और कल से गंगा के जल स्तर घटने की भी संभावना जताई जा रही है। उन्होंने सभी लोगों से कहा की आप सभी को एसडीआरएफ की टीम द्वारा विभिन्न पंचायतों में रेस्क्यू कर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का भी कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। आप सभी धैर्य और संयम से रहें। जिला प्रशासन आपके साथ है। जिलाधिकारी ने बताया कि बाढ़ के दृष्टिगत झौवा बहियार और हरिण मार पंचायत ज्यादा प्रभावित हुआ है, वहां एसडीआरएफ की टीम द्वारा नावों के जरिए लोगों को सुरक्षित स्थानों अथवा राहत शिविरों में भेजा जा रहा है। साथ ही उन्हें प्लास्टिक, सुखा अनाज सहित अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अलावा समाहरणालय और सूचना केंद्र के पास विस्थापित पशुओं को जिला पशुपालन पदाधिकारी द्वारा सुखा चारा भी उपलब्ध कराया जा रहा है। बरियारपुर पेट्रोल पंप, नीरपुर, हेमजापुर, बाहाचौकी, चोरगांव आदि स्थानों पर टैंकर के माध्यम से पेयजल की भी व्यवस्था की गई है। दुगार्पुर में बने बाढ़ राहत शिविर में लोगों का चिकित्सीय सुविधा के साथ स्वास्थ जांच भी किया जा रहा है। वहीं हेरू दियारा और तेलियाडीह सहित अन्य स्थानों पर अस्थाई शौचालय की भी व्यवस्था की गई है। इसके अलावा खड़गपुर और बरियारपुर अंचल सहित अन्य बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में भी सभी वरीय अधिकारियों द्वारा लगातार भ्रमण कर बाढ़ पीड़ितों को सुखा अनाज और प्लास्टिक का भी वितरण किया जा रहा है तथा हर स्थिति पर भी नजर रखी जा रही है।

# शिक्षा विभाग की लापरवाही- दूसरे स्कूलों में शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति व मजिस्ट्रेट के साथ उड़नदस्ता की टीम कर रही है मॉनिटरिंग

प्रात : किरण संवाददाता




जमुई।अर्ध्य किताबों के साथ शुरू है अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन। यानी बच्चों को किताबें मिला नहीं और परीक्षा शुरू कर दी गई है। यह वानिगी जमुई जिले विद्यालयो में वर्ग एक से आठवीं तक के लिए चल रही अर्द्धवार्षिक परीक्षा है। जहां परीक्षा में शामिल कई बच्चों ने बताया कि नामांकन के छ्ह माह बीत गए और अबतक किताबें नहीं मिली और परीक्षा शुरू हो गई।वह भी मूल्यांकन बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के तर्ज पर,जहां शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति के साथ मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल की तैनाती कर कदाचारमुक्त परीक्षा ली जा रही है। जो पूरी तरह से हास्यास्पद है। चुकिं जब बच्चों ने किताब ही नहीं देखा तो बिन पढ़ाई किए परीक्षा कैसे दे रहे हैं।बता दें कि जिले में 18 सितंबर से सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त प्रारंभिक विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं का अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन 2024 के तहत कुल 1808 विद्यालयों में परीक्षा ली जा रही है। सवाल यह है कि जब जिले के विद्यालयों में नामांकित बच्चों में आधे से अधिक के पास कई विषयों का किताब ही नहीं है उन विषयों का परीक्षा उनसे लेना क्रूर मजाक से काम नहीं है। जैसा कि अभिभावक व सामाजिक चिंतकों का कहना है। यह बात सोलह आने सच है। क्योंकि जिले के बहुत ऐसे प्राइमरी व मध्य विद्यालय है जहां के नामांकित बच्चों को नामांकन के छह माह बीतने के बावजूद कई विषयों के किताब अब तक नहीं मिल सका है। बच्चों के भविष्य के साथ हो रहा है खिलवाड़ पिछले 18 सितंबर से शुरू है जो 26 सितंबर को समाप्त होगा। जिसके लिए बजाप्ते परीक्षा संचालित करने का प्रोग्राम निकाला गया है। जहां दो पालियों में प्रथम पाली में 10 बजे पूर्वाह्न से 12 बजे तक जबकि द्वितीय पाली दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक विषयबार परीक्षा ली जा रही है।19 सितंबर को संस्कृत की परीक्षा ली गई।जिसमें दर्जनों ऐसे छात्र-छात्राएं मिली जिन्होंने संस्कृत की किताब तक देखा नहीं है।जब उन्हें किताब मिला ही नहीं है तो फिर परीक्षा देंगे कैसे। यह केवल संस्कृत विषय की बात नहीं है। 21 सितंबर को हिंदी की परीक्षा हुई। जहां के बच्चों को हिंदी की किताब तक नहीं है। यह स्थिति संस्कृति व हिंदी के किताब तक का मामला नहीं है। ऐसे कई विषय है जिसका किताब बच्चों को नसीब तक नहीं हो सका है।जिले के कई ऐसे विद्यालय है जहां के हेडमास्टर किताब उपलब्ध कराने को लेकर डिमांड भेजें है। हालांकि डिमांड पर एक सप्ताह पहले बीआरसी को किताब उपलब्ध कराया गया है। इस तरह बच्चों के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ के प्रति कौन जिम्मेदार है यह सवाल भी है। क्योंकि जब छात्र- छात्राओं को शिक्षा विभाग किताब उपलब्ध ही नहीं कर सकी है तो फिर यह कैसी मूल्यांकन है जो भी बोर्ड की तर्ज पर जहां एक विद्यालय से दूसरे विद्यालय के शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इतना ही नहीं जिला प्रशासन के आदेश पर मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारी भ्रमण कर कदाचार मुक्त परीक्षा कराने में जुटे हैं। निःशुल्क मिलती है किताबें कन्या मध्य विद्यालय में पढ़ने वाली सातवीं की छात्रा कविता कुमारी ने बताया की किताब मिला ही नहीं है। वही कविता व अर्चना ने बताया कि एक भी विषय का किताब नहीं अब तक मिली है। जबकि परीक्षा दे रही है। वही आठवीं की छात्रा ज्योति,रिया,सोनाक्षी,लुशी ने कुछ इसी तरह की बात को बयां करते हुए कहा कि नामांकन के बाद से अब तक कोई किताब मिला ही नहीं है। ऐसे में उनसे पूछे जाने पर की फिर परीक्षा कैसे दे रही हो तो स्पष्ट नहीं बोल पायी। जबकि आधे से अधिक बच्चे बिना किताब पढ़े ही परीक्षा दे रहे हैं। विद्यालय में नामांकित बच्चों को शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों को निःशुल्क किताब उपलब्ध कराया जाता है। ताकि बच्चों को पढ़ाई करने में आर्थिक परेशानी आड़े नहीं आये। सरकार की यह सोच काफी अच्छी है परंतु सोच को जमीन पर उतारे बिना परीक्षा लिया जाना यह अपने आप को एक गंभीर सवाल है। क्योंकि बाद में इस परीक्षा में शामिल होने वाले बच्चे खुद को ठगा महसूस करेंगे।लाजमी है। जब उन बच्चों को संबंधित विषयों की जानकारी ही नहीं होगी तो उनकी नींव खराब होगी ही।

## कैदी की मौत के बाद थाना पर शव रख तीन घण्टे तक हंगामा



प्रात : किरण संवादाता

बोचहा। दो माह पूर्व आर्म्स एक्ट के मामले में जेल गए एक युवक की ईलाज के दौरान मौत के बाद रविवार को आक्रोशित स्वजनों ने तीन घण्टे तक हंगामा किया। इस दौरान आक्रोशित लोगों ने पुलिस की पिटाई से मौत होने का आरोप लगाकर नारेबाजी की। इस दौरान पुरानी दरभंगा रोड को जाम कर दिया। हंगामा की सूचना मिलते ही गरहां थाना, हथौड़ी थाना व गायघाट थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। करीब तीन घण्टे बाद मौके पर पहुंचे एएसपी सहरियार अख्तर ने आक्रोशित लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया। वहीं पीड़ित से मामले की लिखित शिकायत करने को कहा। मृत युवक की पहचान बोचहां थाना क्षेत्र के करनपुर दक्षिणी पंचायत के धरना निवासी भोला सहनी के 22 वर्षीय पुत्र उदय कुमार है। घटना को लेकर मृतक की मां कैलाशा देवी ने बताया की बीते 10 अगस्त को उसके बेटे को पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार किया। जिसमें पुलिस ने फर्जी तरीके से उसके घर से हथियार बरामद किया। इसके बाद उसे तीन दिन तक थाना में रखकर उसके साथ मारपीट की गई। इसके बाद बुरी तरह से पीटकर जेल भेज दिया गया। घटना के बाद से लगातार ही उसका तबियत लगातार खराब रह रहा था। ईलाज के दौरान शनिवार की रात एसकेएमसीएच में ईलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं मामले को लेकर एएसपी सहरियार अख्तर ने बताया कि मृतक दो माह पूर्व आर्म्स एक्ट में जेल गया था। उसके पास से हथियार बरामद किया गया था। जेल में उसकी तबियत बिगड़ने पर उसे एसकेएमसीएच में ईलाज कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। स्वजनों ने लिखित शिकायत की है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# विचार मंथन

@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
पटना, सोमवार, 23 सितम्बर, 2024

**सम्पादकीय**

## हमारी विनाश सामग्री हमारी ही जेब में?

जब से मोबाईल फोन प्रचलन में आया है तब से देश में ऐसे सैकड़ों हादसों की खबरें आईं जिनसे पता चला कि मोबाइल फोन में ब्लॉस्ट हो गया। कभी उनकी बैटरी ओवर हीट होकर फट गयी तो कभी चार्जिंग में लगे सेलफोन में विस्फोट गया। याद कीजिये किसी समय में विश्व की सबसे बड़ी मोबाईल निमार्ता कम्पनी मानी जाने वाली ह्यनोकियाह्न को अपने मोबाईल में होने वाले विस्फोट की घटनाओं के चलते 2007 में अपने बीएल-5सी मोबाइल फोन मॉडल की 46 मिलियन बैटरियों को वापस मंगाना पड़ा था। मोबाईल फोन फटने की इन घटनाओं में अनेक लोगों के बुरी तरह से घायल होने यहाँ तक कि दर्जनों लोगों की मौत होने तक की खबरें आई थीं। केरल में त्रिशूर जिले के तिरुविल्वमला में, राजस्थान के बांसवाड़ा जिले में उत्तर प्रदेश के बरेली मेरठ व फरुर्खाबाद में, आंधप्रदेश के प्रकाशम जिले तथा ओडिशा आदि स्थानों में ऐसे अनेक हादसे हुये जहाँ मोबाईल में हुये विस्फोट के कारण लोगों को अपनी जानें तक गंवानी पड़ीं। इसी तरह पिछली रिकार्ड तोड़ गर्मी के दौरान बढ़ते तापमान के चलते अनेक एयर कन्डीशन के कम्प्रेसर फटने यहाँ तक कि इन विस्फोटों के परिणामस्वरूप घरों में आग लगने तक की खबरें आईं। इसके बाद 2017 में कोरियन स्मार्टफोन कंपनी सैमसंग ने अपने जिस फ़्लैगशिप स्मार्टफोन गैलेक्सी नोट 7 को लॉन्च किया था उसकी लांचिंग के केवल दो सप्ताह बाद ही इस मोबाईल में चार्जिंग के दौरान विस्फोट की शिकायत के कारण कंपनी ने इसकी बिक्री पर रोक लगा दी थी। बाद में गैलेक्सी नोट 7एस खरीद चुके नए स्मार्टफोन को कम्पनी ने बिना शर्त बदलने का निर्देश दिया। उसके साथ ही कम्पनी द्वारा दुनियाभर से गैलेक्सी नोट 7 वापस मांगे लिये गये। उस समय भारत में सैमसंग गैलेक्सी नोट 7 का मूल्य 59, 900 रुपये था। परन्तु इन सब दहशत पूर्ण घटनाओं के बावजूद जनमानस में भय व अविश्वास का ऐसा वातावरण कभी नहीं बना जैसा पिछले दिनों इस्त्राइल द्वारा छल कपट द्वारा लेबनान के विभिन्न शहरों में एक साथ अंजाम दिये गये पेजर व वॉकी टॉकी में हुये धमाकों और इनके परिणाम स्वरूप होने वाली तबाही के बाद उत्पन्न हुआ है। इन धमाकों में दर्जनों लोगों के मरने व तीन हजार से अधिक लोगों के घायल होने की खबरें हैं। पहले तो यह खबर थी कि लेबनान में धमाके से फटने वाले पेजर को ताइवान की इलेक्ट्रॉनिक कंपनी गोल्ड अपोलो द्वारा बनाया गया था। जबकि गोल्ड अपोलो ने इस पेजर को बनाने से साफ इनकार कर रही है। गोल्ड अपोलो कंपनी, हंगरी की एक कंपनी को इसके निर्माण का जिम्मेदार बता रही है। गोल्ड अपोलो का दावा है कि लेबनान में एक साथ फटने वाले अफ-924 पेजर का निर्माण बुडापेस्ट स्थित इअउ कंसल्टिंग ङ्क्रह्र ने किया था। जोकि एक सहयोग समझौते के तहत बीएसी लेबनान और सीरिया में पेजर की बिक्री के लिए गोल्ड अपोलो ब्रांड के ट्रेडमार्क का इस्तेमाल कर सकती है। परन्तु इसके निर्माण के लिए बीएसी ही जिम्मेदार है गोल्ड अपोलो नहीं। परन्तु हंगरी के अधिकारियों ने भी गोल्ड अपोलो के बयान को खारिज करते हुए कहा कि बुडापेस्ट में मौजूद कंपनी एक व्यापारिक मध्यस्थ है। वहां पर इसका कोई भी उत्पादन यूनिट नहीं है। फिर सवाल यह है कि आखिर लेबनान में फटने वाले पेजर का निर्माण किसने किया? पूरे विश्व को हतप्रभ कर देने वाले इस पूरे घटनाक्रम को लेकर यदि न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट को सच माना जाये तो लेबनॉन में विस्फोट होने वाले पेजर व वाकी टाकी के निर्माण से लेकर इसके विस्फोट तक में इस्त्राईली खुफिया एजेंसी मोसाद की ही भूमिका है। अज्ञात स्त्रोतों के हवाले से न्यूयॉर्क टाइम्स ने कहा कि इस्त्राईल ने पेजर के अंदर बम छिपाए और इसमें एक स्विच जोड़ा, जिसका प्रयोग बाद में उन्हें दूर से विस्फोट करने के लिए किया गया। मोसाद की ही खड़ी की गयी फर्जी कंपनी से ये हैंडसेट खरीदे भी गये थे। मोसाद ने ही ऐसा जाल बिछाया कि उसने लेबनान से पैसे लेकर उन्हें पेजर और वॉकी-टॉकी सेट बेचे और उन्हीं के द्वारा हिज्बुल्लाह के कई लड़ाकों को मार भी दिया। यानी पूरी चतुराई के साथ मारने वाले बम रुपी उपकरण को बनाने का मूल्य भी वसूल किया और उनका विस्फोट कर हत्याएं अंजाम देने का अपना लक्ष्य भी पूरा किया। और इससे भी बड़ी सफलता इस्त्राईल को तब मिली जब हिज्बुल्लाह ने भयवश पेजर और वाकी टॉकी जैसे इलेक्ट्रानिक उपकरण इस्तेमाल करना ही बंद कर दिया। गौर तलब है कि लोकेशन ट्रेस होने के भय से हिज्बुल्लाह पहले ही मोबाईल के इस्तेमाल बंद कर चुका है। ऐसे में इलेक्ट्रानिक व साइबर तकनीक पर आधारित होते जा रहे दौर में अपनाई जा रही वर्तमान आधुनिक रणनीति में हिज्बुल्लाह इस्त्राईली छल कपट का सामना कैसे कर सकेगा? इस घटना ने पूरे विश्व को यह भी सोचने को मजबूर कर दिया है कि क्या इलेक्ट्रानिक उपकरण पर आश्रित हो चुकी इस दुनिया का भविष्य भी अब मोसाद जैसी एजेंसियों के हाथों में जा चुका है?

## आतंकी नजरें और मीरजाफरों की फौज

देश-दुनिया में आतंक का साय गहराता ही जा रहा है। हथियारों के सौदागर अपने उत्पादनों की बिक्री के लिए नित नये बाजार तैयार करने में जुटे हैं। वैध ढंग से कहीं ज्यादा अवैध ढंग से हथियारों की हो रही बिक्री ने जीवन के सामने चुनौतियां प्रस्तुत कर दी है। आतंकियों के खेमों में हथियारों की आपूर्ति करके राष्ट्रों के सामने सक्षम होने की मजबूरी पैदा की जा रही है। अहंकार के दावानल ने वर्चस्व की जंग शुरू कर दी है। मानसिक दुर्बल लोगों को भडकाने के लिए लालची मीरजाफरों की जमातें तैयार की जा रहीं हैं। कहीं मजहबी हुकूमत का सगूफा फैलाया जा रहा है तो कहीं सीमायें बढाने की जद्दोजेहद हो रही है। ताकत की दम पर सल्तनत हथियाने की तालीम देने वालों में अमेरिका, फ्रांस, चीन, ब्रिटेन, कनाडा जैसे देश हमेशा से ही अग्रणीय रहे हैं। हालिया हालातों में इजराइल के साथ हो रहे हिजबुल्लाह के युध्द में अब फ्रांस ने आमद दर्ज कर दी है। लेबिनान के साथ संबंधों की दुहाई पर उसकी सक्रियता इजराइल के साथ कथित रूप से खडे अमेरिका के लिए बाहर से दिखने वाली एक चुनौती है। ऐसी ही चुनौतियां दिखाकर अन्य देश सहानुभूति की मरहम के नाम पर खूनी चालें चल रहे हैं। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका ने जहां अफगानस्तान, यूक्रेन, पाकिस्तान, बंगलादेश जैसे राष्ट्रों को मानसिक गुलाम बना लिया वहीं चीन की कुटिल चालों में श्रीलंका, म्यांमार, ताइवान, मालदीप, नेपाल, पाकिस्तान जैसे देश पूरी तरह फंस चुके हैं। वे चाहकर भी उसे बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। ईरान से लेकर कतर तक, तुर्की से लेकर सीरिया तक आतंक की पाठशालाओं में वहां की सरकारें अपने छदम्मवेशधारी सेनायें तैयार करने में जुटी हैं। अत्याधुनिक हथियार, नवीनतम तकनीक और कुशल प्रशिक्षण के साथ-साथ भारी मात्रा में धनराशि मुहैया कराई जा रहीं हैं। कहीं हिजबुल्लाह सक्रिय है तो कहीं हूती, कहीं हमास का बोलबाला है तो कहीं अलकायदा। कहीं इस्लामिक स्टेट का फतवा जारी होता है तो कहीं जमात नुसरत अल-इस्लाम वल मुस्लिमीन लहू डूबी कलम से वर्तमान लिखने लगता है, कहीं अल शबाब की गोलियां चलतीं हैं तो कहीं लश्कर-ए-तैयबा के धमाके गूंजते हैं। कहीं अल-नुसरा फ्रंट के जहर बुझे हथियार लोगों की जानें लेते हैं तो कहीं जेमाह इस्लामिया की बारूद से सांसें खामोश होतीं हैं, कहीं अबू सय्याफ के फरमान जारी होते हैं तो कहीं बोको हराम के हमले होते हैं। समूची दुनिया को आतंक के झंडे तले झुकाने की कोशिश में लगे खास मुल्क और उनके खास सरपरस्तों की घातक चालें अब लाशों के कारोबार को बुलंदी पर पहुंचाने में लग गईं हैं। दूसरी ओर देश के अन्दर के हालात भी भीतर-भीतर सुलगती जा रही बारूद बनते जा रहे हैं। म्यामांर के रास्ते आतंकियों ने मणिपुर में कुकी बनकर पहाडों में बंकरों का निर्माण शुरू कर दिया है। गुप्त सूत्रों की मानें तो सीमापार से 900 प्रशिक्षित आतंकियों ने राकेट लांचर, ड्रोन, मिसाइल सहित अत्याधुनिक हथियारों के साथ मणिपुर में आमद दर्ज कर ली है। इन घुसपैठियों ने 30-30 के समूहों में विभक्त होकर पूरे इलाके को अपने कब्जे में ले लिया है। आतंकियों के नेटवर्क के साथ वहां के अनेक प्रशासनिक अधिकारियों के कदमताल करने की चर्चायें भी जोरों पर हैं जो केन्द्रीय बलों को सहयोग देने के स्थान पर भ्रमित करके षडयंत्रकारियों के मंसूबे पूरे करने में लगे हैं। ऐसे ही हालात जम्मू-कश्मीर में भी देखने को मिलते हैं जहां पाकिस्तान के दहशतगर्द देश के मीरकासिमों के सहयोग से अपने पांव फैला बैठे हैं। इन दुश्मनों को संरक्षण देने हेतु अनेक राजनैतिक दलों के जन्मजात नेता निरंतर उत्साहित देखे जाते हैं। हाल ही में कर्नाटक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश बी श्रीशानन्द ने बैंगलुरु के बाजार से गोरीपाल्या तक मैसूर रोड फ्लाइओवर के भू भाग को पाकिस्तान में होने जैसी स्थिति का खुलासा करके कटु सच्चाई की ओर देश का ध्यानाकर्षित किया है। एक मामले की सुनवाई के दौरान उन्होंने तो यहां तक कहा कि ह्यमैसूर रोड फ्लाइओवर पर जायें तो हर रिक्शावाले के पास 10 आदमी हैं। वहां कितने भी सख्त अधिकारी भेज दें, उसे पीटा ही जायेगा। यह किसी चैनल पर नहीं दिखाया जा रहा है।

# तिरुपति में प्रसादम से खिलवाड़ आस्था पर आघात

**मन्दिर-व्यवस्थाएं मूल्यहीन और दिशाहीन हो रही है, उनकी सोच जड़ हो रही है। मिलावट, अनैतिकता, अपवित्रता और अविश्वास के चक्रव्यूह में मन्दिर मानो कैद हो गये है। यह तो दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण है कि प्रसादम के साथ भी खिलवाड़ हो रहा है, सामान्य जन-जीवन में दूध, घी, मसाले, अनाज, दवाइयां तथा अन्य रोजमर्रा के उपयोग एवं जीवन निर्वाह की शुद्ध वस्तुएं किसी भाग्यशाली को ही मिलती होंगी। भारत के लोगों को न शुद्ध हवा मिल रही है और न शुद्ध पानी और न ही शुद्ध खाने का निवाला, कैसी अराजक शासन व्यवस्था है? इस भ्रष्ट एवं अनैतिकता की आंधी मन्दिरों तक पहुंच गयी है**





**ललित गर्ग**
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

लाखों-करोड़ों हिन्दू श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र तिरुमाला भगवान वेंकटेश्वरस्वामी मंदिर में मिलने वाले लड्डू वाले प्रसाद में घी की जगह जानवरों की चर्बी और मछली के तेल का इस्तेमाल की शर्मनाक एवं लज्जाजनक घटना ने न केवल चौंकाया है बल्कि मन्दिर व्यवस्था पर सवाल खड़े किये हैं। यह मामला जितना सनसनीखेज है, उतना ही आस्था पर आघात करने वाला भी। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने पहले यह कहा कि तिरुपति मंदिर में मिलने वाले लड्डुओं को बनाने में ऐसी सामग्री का इस्तेमाल किया जाता था, जिसमें पशुओं की चर्बी मिली रहती थी, फिर उन्होंने गुजरात की एक सरकारी प्रयोगशाला से मिली रपट के आधार यह कहा कि लड्डुओं को बनाने में जिस घी का उपयोग होता था, उसमें सचमुच पशुओं की चर्बी, मछली के तेल आदि का प्रयोग होता था। यह घटना हिन्दू आस्था, पवित्रता एवं मन्दिर संस्कृति को धुंधलाने की कुचेष्ठा एवं एक विडम्बनापूर्ण त्रासदी है। अगर प्रसाद के मिलावटी एवं अपवित्र होने की बात सही है तो इससे अधिक आघातकारी, अनैतिक एवं अधार्मिक और कुछ हो ही नहीं सकता। चौंकाने वाली बात यह है कि प्रसाद के तौर इन लड्डुओं का वितरण न केवल श्रद्धालुओं के बीच किया गया, बल्कि भगवान को भी भोग के तौर पर यही लड्डू चढ़ाया जाता था। अब इस मामले में केंद्र सरकार एवं प्रांत सरकार के दखल देने मात्र से संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता क्योंकि हिंदुओं की आस्था से खिलवाड़ करने वाला यह प्रकरण अक्षम्य अपराध है, जिसकी गहन जांच होनी ही चाहिए, ताकि ऐसे जघन्य कृत्य अन्य मन्दिरों की अस्मिता के धुंधलाने के कारण न बने। प्रथम दृष्टया मंदिर प्रबंधन प्रसादम से खिलवाड़ का दोषी है। जो मंदिर प्रतिदिन तीन लाख लड्डू बेचकर सालाना 500 करोड़ रुपये तक लाभ कमाता है, वह क्या इतना सक्षम नहीं कि गुणवत्ता जांच के लिए एक किफायत्ती प्रयोगशाला ही बना ले? मंदिर प्रबंधन के पास न तो अपनी जांच सुविधाएं हैं और न वह जांच कराने का इच्छुक था? देश के संपन्नतम मंदिरों में शुमार यह तीर्थ अगर गुणवत्ता, आस्था एवं पवित्रता से समझौता कर रहा है, तो देश के बाकी मंदिरों में क्या हो रहा होगा, सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। मन्दिरों एवं आस्थास्थलों पर दिनोंदिन बढ़ रही श्रद्धालुओं की आस्था एवं भीड़ से आर्थिक लाभ कमाने की मानसिकता न केवल घिनौनी है बल्कि शर्मनाक भी है। मंदिर तो भगवान भरोसे चल रहे हैं, पर मन्दिर-प्रबंधन स्वयं को अर्थपति बनाने में जुटा है, यही कारण है कि मन्दिर को धंधा बना दिया गया है, ऐसे मन्दिर प्रबंधकों, पूजारियों एवं पदाधिकारियों की श्रद्धा न तो भगवान के प्रति है और न भक्तों के प्रति। वे तमाम मंदिर, जो अपने यहां से प्रसाद वितरित करते हैं या बेचते हैं, उन सभी को गुणवत्ता, शुद्धता एवं पवित्रता जांच की व्यवस्था जरूर करनी चाहिए। एक बड़ा सवाल यह है कि ये कौन लोग हैं, जिन्हें पवित्रता एवं जन-आस्था की परवाह नहीं है। मंदिर ट्रस्ट ने प्रसादम से खिलवाड़ और मिलावट की पुष्टि की है। देश के एक पवित्रम श्रद्धा केंद्र तिरुपति मंदिर का प्रबंधन करने वाली संस्था तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम ने कहा है कि घी के आपूर्तिकताओं ने मंदिर में गुणवत्ता जांच की सुविधा न होने का फायदा उठाया है। अब सवाल उठता है कि मंदिर प्रबंधन की सफाई या स्वीकारोक्ति को कितनी गंभीरता से लिया जाए? क्या मंदिर प्रबंधन को अपराध की गंभीरता का अंदाजा है? क्या मंदिर प्रबंधन को मंदिर की पवित्रता का अनुमान है? देश एवं दुनिया के सबसे चर्चित आस्थास्थल से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जरूरी है। यह अफसोस की बात है कि मंदिरों में बाहर से चढ़ने वाला प्रसाद तो पहले से ही संदेह के दायरे में रहता है, पर अगर मंदिर की अपनी रसोई में तैयार होने वाले प्रसाद की भी विश्वसनीयता आहत हुई है, तो यकीन मानिए, इंसान फिर किन पर भरोसा करेगा? क्योंकि व्यापार में मिलावट तो चल ही रही है, अब मन्दिरों में यानी भगवान के दरबार में मिलावट से मनुष्यता गहरे रसातल में चली गयी है। मूल्यहीनता एवं अनैतिकता की यह चरम पराकाष्ठा है। गुणवत्ता एवं पवित्रता सुनिश्चित करने वाले अधिकारियों के लिए यह एक गंभीर चुनौती है और इस चुनौती को स्वीकार करते हुए युद्ध स्तर पर काम करने की आवश्यकता है।

इस खुलासे के बाद लोग अपना गुस्सा एवं आक्रोश भी जाहिर कर रहे हैं। कुछ ऐसा ही 1984 में भी हुआ था जब डालडा में चर्बी मिले होने का मामला सामने आया था, लेकिन वह व्यापार का मामला था, लेकिन तिरुपति प्रसादम में मिलावट का मामला आस्था का है। भूल, अपराध एवं लापरवाही की नब्ज को ठीक-ठीक समझना जरूरी है। भूल सही जा सकती है, लेकिन लापरवाही एवं आपराधिक सोच को सहन नहीं किया जा सकता। दरवाजे पर बैठा पहरेदार भीतर-बाहर आने-जाने वाले लोगों को पहचानने में भूल कर सकता है मगर सपने नहीं देख सकता। लापरवाही एवं अपराधिक मानसिकता विश्वसनीयता एवं पवित्रता को तार-तार कर देती है। बुराइयां जब भी मन पर हावी होती हैं, गलत रास्ते खुलते चले जाते हैं। मन्दिरों पर बुराइयां हावी होना चिन्ताजनक ही नहीं, गंभीर खतरों के संकेत हैं। मन्दिर प्रबंधन को अधिक चुस्त-दुरस्त, पारदर्शी एवं नैतिक बनाने की भी जरूरत है। प्रश्न है कि हिन्दू मन्दिरों में ही ऐसे मामले क्यों सामने आते हैं, क्या मन्दिर प्रबंधन अन्य समुदायों के मन्दिरों या धार्मिक-स्थलों की तरह पवित्र, गुणवत्ता पूर्ण, उच्च चारित्रिक एवं नैतिक देखभाल नहीं कर सकते?

यह मंदिर भगवान वेंकटेश्वर को समर्पित है, जिसे तिरुपति बालाजी मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। इन्हें भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है। मान्यता है कि भगवान वेंकटेश्वर ने लोगों को कलियुग के कष्टों और परेशानियों से बचाने के लिए अवतार लिया था। यहां बालों का दान किया जाता है। मान्यता है कि जो व्यक्ति अपने मन से सभी पाप और बुराइयों को यहां छोड़ जाता है, उसके सभी दुःख देवी लक्ष्मी खत्म कर देती हैं।

# एक राष्ट्र, एक चुनाव कराने से क्या बदलाव आएगा?

**एक राष्ट्र एक चुनाव के संभावित लाभों के बावजूद, आलोचकों ने लोकतांत्रिक भावना, स्थानीय चिंताओं पर राष्ट्रीय मुद्दों के प्रभुत्व तथा संवैधानिक संशोधनों की आवश्यकता के बारे में चिंता व्यक्त की है। एक राष्ट्र एक चुनाव भारत में विभिन्न राज्यों की अद्वितीय राजनीतिक गतिशीलता और क्षेत्रीय हितों को कमजोर कर सकता है, क्योंकि यह एक समान चुनाव चक्र को बढ़ावा देता है। यह अलग-अलग राज्यों के विविध मुद्दों और आकांक्षाओं को नजरअंदाज कर सकता है, जिससे उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं की उपेक्षा हो सकती है। समकालिक चुनावों के साथ, एक जोखिम है कि राष्ट्रीय मुद्दे स्थानीय चिंताओं पर हावी हो जाएँगे। स्थानीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर पर्याप्त ध्यान और चर्चा नहीं हो सकती है, क्योंकि राजनेता राष्ट्रीय स्तर के प्रचार और एजेंडे पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हैं...**





**डॉ. सत्यवान सौरभ**
लेखक

एक राष्ट्र एक चुनाव भारत में प्रस्तावित चुनावी सुधार है जो देश में सभी चुनावों को एक साथ कराने की वकालत करता है, चाहे वह संसदीय, राज्य विधानसभा या स्थानीय निकाय चुनाव हों, हर पाँच साल में एक बार एक साथ कराए जाने चाहिए। इस अवधारणा का उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना, चुनाव से संबंधित खर्चों को कम करना, बार-बार होने वाले चुनावों से होने वाले व्यवधान को कम करना और अभियान से हटकर नीति कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित करके शासन को बेहतर बनाना है। समर्थकों का तर्क है कि इससे मतदाताओं की भागीदारी भी बढ़ेगी और चुनावों का निरंतर चक्र समाप्त होगा। हालाँकि, कार्यान्वयन के लिए व्यापक संवैधानिक संशोधनों और राजनीतिक दलों और हितधारकों के बीच आम सहमति की आवश्यकता होती है। एक राष्ट्र एक चुनाव के पीछे का विचार भारत में लोकसभा (संसद का निचला सदन) और राज्य विधानसभाओं के चुनावों को एक साथ समयबद्ध करना है। फिलहाल, भारत में हर पाँच साल में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए राष्ट्रीय चुनाव होते हैं। सरकार पर लागत का बोझ बढ़ाने के लिए, कुछ राज्य अपनी राज्य विधानसभाओं के लिए अलग-अलग चुनाव भी कराते हैं। एक राष्ट्र एक चुनाव की अवधारणा के तहत सभी चुनाव एक साथ आयोजित करके, चुनावों की संख्या और उनके साथ होने वाले खर्चों को कम करके चुनावी प्रक्रिया को सरल बनाने की उम्मीद है। इस समन्वय के कारण मतदाता एक साथ कई चुनावों में भाग ले सकते हैं, जिससे चुनावी प्रक्रिया सुव्यवस्थित होगी और संभवतः मतदान में वृद्धि होगी। प्रशासन को चुनाव समय-सारिणी में सामंजस्य स्थापित करके शासन की प्रभावशीलता में सुधार करने की उम्मीद है। भारत में एक राष्ट्र एक चुनाव के क्रियान्वयन के कई संभावित लाभ हैं, विभिन्न स्तरों पर चुनावों को एक साथ कराने से चुनाव संबंधी व्यय में उल्लेखनीय कमी आएगी, जिसमें सुरक्षा, रसद और प्रचार की लागत शामिल है। बार-बार चुनाव होने से अक्सर शासन में व्यवधान पैदा होता है क्योंकि नीति कार्यान्वयन के बजाय चुनाव प्रचार पर ध्यान केंद्रित हो जाता है। एक राष्ट्र एक चुनाव से शासन को स्थिर करने की लंबी अवधि मिलेगी, जिससे निर्वाचित प्रतिनिधि नीतियों को लागू करने पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। बार-बार चुनाव होने से कभी-कभी मतदाता थक जाते हैं और मतदान में कमी आती है। एक साथ चुनाव होने से मतदाताओं को हर पाँच साल में केवल एक बार ही वोट डालना होगा, जिससे संभावित रूप से मतदाताओं की भागीदारी बढ़ेगी और वे अधिक सूचित निर्णय ले सकेंगे। एक साथ चुनाव होने से नीति निरंतरता सुनिश्चित होगी क्योंकि एक ही सरकार एक निश्चित अवधि के लिए सभी स्तरों पर सत्ता में रहेगी। इससे दीर्घकालिक योजना और सुसंगत नीति कार्यान्वयन में सुविधा होगी। अलग-अलग समय पर कई चुनाव कराने से प्रशासनिक मशीनरी पर दबाव पड़ता है। एक राष्ट्र एक चुनाव से चुनाव आयोगों पर बोझ कम होगा। समन्वित चुनावों से संभावित रूप से अधिक राजनीतिक स्थिरता आ सकती है, क्योंकि इससे बार-बार होने वाले मध्यावधि चुनावों, गठबंधन सरकारों और इससे जुड़ी अस्थिरता की संभावना कम हो जाएगी। भारत में एक राष्ट्र एक चुनाव के क्रियान्वयन में कई संभावित कमियाँ हैं। एक राष्ट्र एक चुनाव भारत में विभिन्न राज्यों की अद्वितीय राजनीतिक गतिशीलता और क्षेत्रीय हितों को कमजोर कर सकता है, क्योंकि यह एक समान चुनाव चक्र को बढ़ावा देता है। यह अलग-अलग राज्यों के विविध मुद्दों और आकांक्षाओं को नजरअंदाज कर सकता है, जिससे उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं की उपेक्षा हो सकती है। समकालिक चुनावों के साथ, एक जोखिम है कि राष्ट्रीय मुद्दे स्थानीय चिंताओं पर हावी हो जाएँगे। स्थानीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर पर्याप्त ध्यान और चर्चा नहीं हो सकती है, क्योंकि राजनेता राष्ट्रीय स्तर के प्रचार और एजेंडे पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हैं। भारत का संघीय ढांचा राज्यों को अपनी सरकारें और नीतियाँ रखने की अनुमति देता है। एक राष्ट्र एक चुनाव शक्ति और निर्णय लेने को केंद्रीकृत करके इस संघीय ढांचे को कमजोर कर सकता है, जिससे राज्यों की स्वायत्तता और स्थानीय मुद्दों को प्रभावी ढंग से संबोधित करने की उनकी क्षमता कम हो सकती है। बार-बार चुनाव होने से मतदाता थक सकते हैं, जहाँ नागरिक असंबद्ध हो जाते हैं और चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने में कम रुचि रखते हैं। एक साथ चुनाव कराने के लिए प्रचार उद्देश्यों के लिए महत्वपूर्ण वित्तीय संसाधनों की आवश्यकता होती है। सीमित फंडिंग वाले छोटे दल या उम्मीदवार बड़े पैमाने पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए संघर्ष कर सकते हैं, जिससे संभावित रूप से राजनीतिक प्रतिनिधित्व में असंतुलन पैदा हो सकता है और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में आवाजों की विविधता सीमित हो सकती है। भारत के विभिन्न राज्यों में अलग-अलग राजनीतिक विचारधाराएँ, प्राथमिकताएँ और नीतिगत प्राथमिकताएँ हो सकती हैं। एक राष्ट्र एक चुनाव नीति निरंतरता को बाधित कर सकता है, क्योंकि राष्ट्रीय स्तर की सरकारों में बदलाव से राज्य स्तर के शासन में महत्वपूर्ण बदलाव हो सकते हैं, जो संभावित रूप से दीर्घकालिक योजना और विकास को प्रभावित कर सकते हैं। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में समकालिक चुनावों को लागू करना महत्वपूर्ण तार्किक चुनौतियाँ पेश करता है। पर्याप्त सुरक्षा, कुशल प्रशासन और कई हितधारकों के बीच समन्वय सुनिश्चित करना जटिल हो सकता है

# डिजिटल डिवाइस, मैसेजिंग ट्रिगर और युध्द की विभीषिका

**ऋतुपर्ण दवे**

संचार क्रांति के दौर में चौतरफा और रोजाना नित नई तकनीकों से दुनिया रू-ब-रू हो रही है। मोबाइल, जीपीएस, इण्टरनेट, बिना ड्राइवर की गाड़ियों से लेकर अब कृत्रिम मेधा यानी एआई (आर्टीफीसियल इण्टेलीजेन्स)के युग में 1950 के जमाने में न्यूयॉर्क सेनिकले पेजर, 74 वर्षों के बाद पहली बार और एक साथ सीरियल ब्लास्ट में तब्दील हो जाएंगे, भला किसने सोचा था?रेडियो फ्रिक्वेंसी पर चलने वाले पेजर का क्रेज अब न के बराबर है। लेकिन किसी पकड़ या सुराग के लिहाज से बेहद सुरक्षित पेजर का उपयोग आतंकी गतिविधियों में जरूर थोक में होने लगा। इसमें न जीपीएसहोता है और न ही कोईआईपीएड्रेस, इसलिएलोकेशन ट्रेसका सवाल ही नहीं। इसका नंबर भी बदला जा सकता है। इसीलिए इसका पता लगाना आसान नहीं होता। बसइसी चलते एक बड़ी साजिश को अंजाम देकर बड़े षड़यंत्र के तहत 9/11 जैसी बल्कि उससे भी बहुत बड़े दायरे में लेबनान में हर वो शख्स विस्फोट का शिकार हुआ जो साजिश के पेजर रखे था। लेकिन चिन्ता की बात यह कि मामला पेजर तक नहीं रुका बल्कि रेडियोवॉकी टॉकी जैसेदूसरी कम्युनिकेशन डिवाइस यहां तक कि घरों में लगे सोलर सिस्टम भी फटने की बातेंसामने आईं। धमाकों का शक इजराइल पर जताया जा रहा है। इन विस्फोटों को लेकर पूरी दुनिया हैरान है। इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच जारी तनाव और बढ़ गया है। पूरे मिडिल ईस्ट में युद्ध के खतरेकी स्थिति बन चुकी है। वायरलेस उपकरणों में सीरियलविस्फोटों के बाद कई घरों, दुकानों, बाइक और दूसरे वाहनों में भी आग लग गई। एक तरह से पूरा क्षेत्र विस्फोटों की जद में आ गया। वहां अबलोग इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के उपयोग को लेकर डरेहुए हैं। हर कोई हैरान है कि पेजर जैसा साधारण उपकरण बम में कैसे बदल गया? इसको लेकर पुख्ता तौर पर तो अभी किसी तरह की सच्चाई सामने नहीं है। लेकिन विस्फोट को लेकर तरह-तरह के कयास जरूर हैं। संभावनाओं में पेजर में लगी लीथियम बैटरी शक में है जो अत्याधिक गर्म होने पर फट सकती है। लेकिन इस थ्योरी पर भी ज्यादा भरोसा नहीं है। वहीं दूसरी दमदार संभावना साजिश के पेजरों को बनाते के वक्त ही इनमें विस्फोटक छुपानेकी है जिससे सप्लायर अन्जान हो?यकीनन साजिश बहुत बड़ी रही जिसको लेकर किसी नतीजे पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। बैटरियों में खराबी या गुणवत्ता की कमींके चलते मोबाइल में विस्फोट तो हो जाते हैं। लेकिन एक तयशुदा वक्त पर रेडियो फ्रिक्वेंसी आधारित छोटे से उपकरण में सीरियल ब्लास्ट का ट्रिगर दबना-दबाना, हैरान कर रहा है। क्या किसी कोडिंग से ऐसा हो पाया? या वजह कुछ और है? ऐसी तमाम बातों की पर्तों को खुलने में वक्त लगेगा। आखिर ऐसी कौन सी रासायनिक श्रृंखला प्रतिक्रिया को अंजाम दिया गया जो अलग-अलग और काफी दूर-दूर तक ट्रिगर में बदल गईं? हैकर ने ट्रिगरिंग सिग्नल भेजने के लिए कौन सा तरीका अपनाया?फिलाहाल केवल कयास हैं। रेडियो नेटवर्क से संचालित पेजर पर ऐसा कौन सा सिग्नल भेजा गया जो बैटरियां गर्म हुईं और इतनी कि कथित तौर पर साथ रखे घातक विस्फोटक फटे जिन्हें लॉट विशेष में छिपानेकी संभावना कही जा रही है। एक सच जरूर है कि कुछ महीने पहले थोक में खरीदे पेजर ही फटे ऐसे में उनमें खतरनाक ज्वलनशील विस्फोटक को छुपाने की थ्योरीजरूर बनती है। सच के लिए इंतजार करना होगा। लेकिन एक सवाल हर किसी के दिमाग में कौंधनेलगा है कि मोबाइल या दूसरे इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स कितने सुरक्षित? कभी लिंक क्लिक करने से खाते खाली होना तो कभी हैक हो जाना, कभी क्लोनिंग के जरिए पूरा डेटा चुरा लेने जैसी घटनाओं को लेकर दुनिया भर में सायबर सिक्योरिटी पर न केवल जोर है बल्कि पूरी गंभीरता है। इसी बीच इतना बड़ा डिजिटल अटैक बहुत बड़ीचुनौती है। इस घटना को चाहे जो नाम दें, दो देशों की दुश्मनी या दुनिया में अशांति का जिम्मेदार बताएं लेकिन इसने संचार क्रान्ति के दौर में बड़े दुरुपयोग का बहुत ही बड़ा मैसेज जरूर दे दिया। युध्द की नई तकनीक रूपी पेजर अटैक ने दुनिया भर के कम्युनिकेशन सिस्टम कोबहुत बड़ी चुनौती दे डाली। छोटा सा पोर्टेबल इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जिसे बीपर भी कहते हैं, इतना खतरनाक..! बेहद हैरानी वाली बात है।

# जातीय जनगणना और सामाजिक परिवर्तन विषय पर सेमिनार आज

● राष्ट्रीय संगोष्ठी की तैयारी लगभग पूरी, अधिकांश अतिथिगण छपरा पहुंचे

प्रातः किरण संवाददाता




छपरा। भारत में जातीय जनगणना और सामाजिक परिवर्तन विषय पर सोमवार को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय संगोष्ठी की समस्त तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। विभिन्न विश्वविद्यालयों के विषय विशेषज्ञ, शिक्षकों एवं सेमिनार में शिरकत करने के लिए प्रतिभागियों का आना प्रारंभ हो गया है। अभी तक कोलकाता विश्वविद्यालय कोलकाता तथा काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी के प्रोफेसर के साथ ही दरभंगा में रह रहे अनुग्रह नारायण सिन्हा संस्थान, पटना के पूर्व निदेशक प्रो. डी. एम. दिवाकर छपरा पहुँच चुके हैं। इस आशय की जानकारी प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से सेमिनार के प्रायोजक पाटलिपुत्रा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस रिसर्च, दिल्ली के मानद निदेशक डॉ. प्रमोद कुमार, बिहार समाज विज्ञान अकादमी के अध्यक्ष डॉ. लालबाबू यादव, संगोष्ठी के मुख्य संरक्षक प्रो. वीरेन्द्र नारायण यादव, एमएलसी, सह-संयोजक डॉ. दिनेश पाल एवं आयोजन समिति के सदस्य सह सारण जिला माध्यमिक शिक्षक संघ के सचिव विद्यासागर विद्यार्थी ने शिक्षक संघ भवन में दी।

विदित हो कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संगोष्ठी की कार्यवाही पूर्वाह्न 9:30 बजे से प्रारंभ होगी, जिसमें उद्घाटन सत्र तथा संगोष्ठी की विषय वस्तु की प्रस्तुति की जाएगी। दूसरे तकनीकी सत्र में ह्यलोकतंत्र और सामाजिक न्यायह्न उप-विषय पर आधे दर्जन वक्ता अपने विचार एवं शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे,तथा आवश्यकता पड़ने पर प्रतिभागियों के प्रश्नों का उत्तर भी देंगे। संगोष्ठी के तीसरे सत्र में ह्यप्रतिनिधित्व एवं समावेशी विकासह्न पर विमर्श होगा। चतुर्थ सत्र सह समापन सत्र में संगोष्ठी के विमर्श का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा तथा इस सत्र को प्रख्यात लेखक चिंतक एवं पूर्व विधान पार्षद प्रेमकुमार मणि सहित अन्य वक्तागण संबोधित करेंगे। आयोजन समिति के अनुसार अब तक जिन अन्य वक्ताओं के आने की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है, उनमें महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय मोतिहारी के डॉ. मृत्यंजय कुमार, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया के डॉ. शुभनित कौशिक, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी के डॉ. राहुल कुमार मौर्या, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद के डॉ. रामानुज यादव, डॉ. भीमराव आंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय मुजफ्फरपुर के डॉ. राकेश रंजन, कोलकाता विश्वविद्यालय कोलकाता के डॉ. शिवम दयाल चौधरी के साथ ही पटना विश्वविद्यालय के डॉ. मनोज प्रभाकर, डॉ. सुधीर कुमार, डॉ. अनिल कुमार, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय दरभंगा के प्रो. घनश्याम राय, मुजफ्फरपुर के डॉ. जी शंकर आदि का नाम शामिल हैं। संगोष्ठी के मुख्य आकर्षण प्रख्यात सामाजिक चिंतक तथा पूर्व राज्यसभा सदस्य अली अनवर अंसारी होंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### इंडो नेपाल सीमा पर एसएसबी जवानों ने मानव श्रृंखला से स्वच्छता का दिया संदेश

प्रातः किरण संवाददाता

बगहा। रविवार को इंडो नेपाल सीमा गंडक बराज के समीप अंतर्राष्ट्रीय राजमार्ग पर एसएसबी 21 वीं बटालियन के बी समवाय के जवानों के द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत वृहत मानव श्रृंखला बनाकर लोगो को स्वच्छता के लिए जागरूक किया। यह मानव श्रृंखला एसएसबी चेक पोस्ट से 3 आरडी के बीच बनाया गया जो करीब एक किलोमीटर लम्बा श्रृंखला था। इस श्रृंखला में एसएसबी के करीब 30 अधिकारी व जवान समेत आमजन मानस महिला और पुरुष सैकड़ो की संख्या में शामिल हुए। बतादें की एसएसबी स्वच्छता जागरूकता अभियान चला रही है।इसी क्रम में रविवार के दिन इस क्षेत्र को नेपाल से जोड़ने वाले अंतर्राष्ट्रीय राजमार्ग 3 आरडी से गंडक बराज एसएसबी चेक पोस्ट तक मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। एसएसबी के सहायक कमांडेंट जयंत बोरा,निरीक्षक प्रदीप कुमार मंडल, उप निरीक्षक अश्वनी,सहायक उप निरीक्षक गिरवर सिंह,सीता राम मुख्य आरक्षी एल टंडन,अमित कुमार, आरक्षी अमित, जितेंद्र समेत बड़ी संख्या में अन्य लोग शामिल हुए।

### हैंडबॉल में भाग लेने के लिए 42 सदस्यीय बालिका टीम दरभंगा रवाना

प्रातः किरण संवाददाता

मशरक। राज्य स्तरीय अंतर जिला स्कूली खेलकूद हैंडबॉल बालिका अंडर 14/17/19 में भाग लेने के लिए सारण जिला से 42 सदस्यीय बालिका टीम रविवार के सुबह मशरक जंक्शन से पाटलिपुत्र एक्सप्रेस से रवाना हुई। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवम जिला प्रशासन दरभंगा द्वारा 23 से 28 सितम्बर तक आयोजित तीन आयु वर्ग के बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का चयन जिला स्कूली खेल कूद प्रतियोगिता के परिणाम के आधार पर हुआ है। सारण टीम को जिला खेल पदाधिकारी मो शमीम अंसारी , प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मशरक डॉ वीणा कुमारी , जिला स्कूली हैंडबॉल संयोजक संजय कुमार सिंह ने रवाना किया। मौके पर सुजीत कुमार , अवधेश प्रसाद , यशपाल सिंह , कुंदन कुमार, मो खुर्शीद आलम सहित अन्य थे। बालिका अंडर 14 टीम मैनेजर शिवानी सिंह प्रशिक्षक अंजली कुमारी , अंडर 17 के टीम मैनेजर अभिषेक कुमार सिंह , प्रशिक्षक पुष्पा कुमारी एवम अंडर 19 के टीम मैनेजर राजा कुमार सिंह एवम प्रशिक्षक जितेंद्र कुमार पांडेय टीम बनाए गए है। टीम में शामिल खिलाड़ियों में अंडर 14 में अर्चना कुमारी , गुड्डी कुमारी, खुशी कुमारी , प्रिया कुमारी , सोनी कुमारी , रीमा कुमारी , करिश्मा कुमारी, नेहा कुमारी , मुस्कान कुमारी, पूजा कुमारी, आर्या सिंह , राज अंजनी बालिका अंडर 17 में निधि कुमारी , तृप्ति कुमारी, रागिनी कुमारी , सिमरन कुमारी, खुशी कुमारी , आदिति, दीपशिखा कुमारी, अंजली, नसीमा परवीन, आलिशा खातून , कल्पना कुमारी , साक्षी कुमारी जबकि अंडर 19 बालिका में मुस्कान कुमारी, रिया कुमारी, मनीषा कुमारी, शबाना खातून, खुशबू कुमारी, खुशी कुमारी , दूजा कुमारी , सुनीता, रिंकी कुमारी, गुड़िया कुमारी, नेहा कुमारी, अंकू कुमारी के नाम शामिल है।

## खोया मोबाइल ले कर सबके चेहरे खिल उठे

प्रातः किरण संवाददाता



चनपटिया। मुस्कान योजना के तहत सिरसिया पुलिस ने छह लोगों के खोया व गुम हुए मोबाइल को ढुढ़ कर पीड़ित लोगों के हवाले कर दिया।महगें दामों के मोबाइल पाकर पुर्व मुखिया निर्भय राय उर्फ मुन्ना, रामाशंकर राय, सत्येन्द्र साह, शीला देवी ,मो यासीर, सुजीत कुमार के चेहरे खिल उठे। सभी लोग बेतिया पुलिस के साथ सिरसिया पुलिस को धन्यवाद दिया। मौके पर थानाध्यक्ष मदन कुमार मांझी, अपर थानाध्यक्ष कार्वेन्द्र पासवान,परि दारोगा राकेश कुमार, आदि ने आमलोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति से मोबाइल नहीं खरीदे । अन्यथा कभी भी कानकुन के शिकंजे में आ सकते हैं। पुलिस के इस कारवाई से चोरी या फिर गुम हुए मोबाइल फोन खरीद फरोख्त करने वालों में दहशत है।

## न्यायालय के आदेश के आलोक में दो वारंटियों को पकड़कर भेजा गया जेल

प्रातः किरण संवाददाता



बगहा। बगहा पुलिस जिला न्यायालय के आदेश के आलोक में फरार चल रहे दो अभियुक्तों को पकड़कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।नौरंगिया थाना कांड संख्या 05/21 के फरार अभियुक्त जरलहिया सिरिसिया निवासी जंगली चौधरी और जंगल विभाग के केस के तहत सिरिसिया निवासी लुटावन मुखिया को उनके निवास स्थान से पकड़ कर जेल भेज दिया गया है। इन दोनों अभियुक्तों को पकड़ने के लिए एसएचओ अजय कुमार के नेतृत्व में टीम बनाई गई थी। इस टीम में एएसआई धर्मेंद्र कुमार के साथ अन्य पुलिसकर्मी भी शामिल थे।

## सदर प्राथमिक शिक्षक संघ के अमरेन्द्र अध्यक्ष एवं दिग्विजय बने सचिव



डोरीगंज । सदर प्रखण्ड के अर्जुन सिंह मध्य विधालय विष्णुपुरा मे प्राथमिक शिक्षक संघ की एक बैठक आयोजित की गयी जिसमे चुनाव पर्यवेक्षक संजय कुमार एवं मतदान पदाधिकारी शहुद आलम की उपस्थिति मे सदर प्रखण्ड प्राथमिक शिक्षक संघ चुनाव संपन्न कराया गया ।जिसमे सर्वसम्मति से सदर प्रखण्ड प्राथमिक शिक्षक संघ का गठन किया गया जिसमे अमरेन्द्र कुमार सिंह को अध्यक्ष , दिग्विजय नारायण सिंह को अंचल सचिव , राकेश कुमार सिंह , देवेन्द्र प्रसाद राय को वरिय उपाध्यक्ष , मुकेश कुमार , रोहित कुमार एवं रविरंजन को उपाध्यक्ष , पंकज प्रसुन , अश्विनी कुमार यादव को उप अंचल सचिव , अशोक माँझी , अर्चना कुमारी एवं पंकज कुमार गुप्ता को उप सचिव , धर्मेन्द्र कुमार सिंह को कार्यालय सचिव , नमन को कोषाध्यक्ष एवं कृष्णा कुमार सिंह को अंकेक्षण के पद पर मनोनीत किया गया ।

## पोषण मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन सीडीपीओ कुमारी ममता ने किया उद्घाटन

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। बाल विकास परियोजना के तहत शहर के कटहरी बाग मुहल्ला में स्थित शुभारंभ पैलेस में पोषण मेला सह प्रदर्शनी का अयोजन किया गया। मेला का उदघाटन बाल विकास परियोजना पदाधिकारी शहरी कुमारी ममता, पर्यवेक्षिका सोनम सिंह ने द्वीप प्रज्वलित कर और फीता काट कर किया।मेला में गर्भवती महिला और नवजात बच्चों को कुपोषण से बचने के तौर तरीके पर व्यापक जानकारी दी गई। मेला में विभिन्न प्रकार के पोषण वाले स्टाल लगाए गए थे जहां लोगों को पोषण संबधी जानकारियां दी जा रही थी। इस अवसर पर परियोजना पदाधिकारी ने कहा कि कुपोषण के विरुद्ध इस जंग में गर्भवती महिलाओं पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। बच्चों को कुपोषणसे बचने के लिए पोषण युक्त भोजन देना बहुत ही जरूरी है।

इस अवसर पर उन्होंने गर्भवती महिलाओं और किशोरियों को भी पोषक आहार लेते हुए स्वछता पर विशेष ख्याल रखने की नसीहत दी। पर्वेक्षिका सोनम सिंह ने कहा कि यह मेला का आयोजन समाज से कुपोषण को खत्म करने के लिए चलाया जा रहा है जब समाज में महिलाएं और बच्चे स्वस्थ होंगे तभी हमारा समाज भी स्वस्थ और पोषणयुक्त होगा और तभी हम स्वस्थ और सशक्त देश का निर्माण कर सकेंगे। मेला में महिलाओं के द्वारा रंगोली, पेंटिंग के साथ आहार से संबंधित प्रदर्शनी लगाई गई और महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। मौके पर डाटा ऑपरेटर अभिषेक कुमार, आंगनबाड़ी सेविका मीरा कुमारी, शर्मिला देवी, चंचल देवी, बबिता देवी, पुष्पा कुमारी, सुनीता देवी समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे कार्यक्रम का समापन सेविका मीरा कुमारी के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

## लायंस क्लब ऑफ छपरा के द्वारा आयोजित ऐतिहासिक मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर को किया गया समापन

● लायंस क्लब ऑफ छपरा ने किया 2734 रोगियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

प्रातः किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। लायंस क्लब ऑफ छपरा द्वारा सारण के खालपुरा स्थित मेगा हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के 26 प्रतिष्ठित डॉक्टर्स ने 2734 रोगियों का निःशुल्क चेकअप किया और साथ ही निःशुल्क खून जांच और दवाइयों का वितरण भी किया गया। कैंप का उद्घाटन सुबह 8 बजे शहर के प्रमुख नेत्र चिकित्सक और लायंस क्लब के पूर्व जिलापाल डॉ. एस.के. पांडेय, सीपीएस ग्रुप के चेयरमैन डॉ. हरेंद्र सिंह, खालपुरा गांव के मुखिया, डिस्ट्रिक्ट ट्रेजरर डॉ. मनोज कुमार वर्मा (संकल्प), आरसी लायन विक्की आनंद, कैंप के चेयरपर्सन डॉ. बबन कुमार सिंह और डॉ. निशु कुमार सिंह, लायंस क्लब ऑफ छपरा के अध्यक्ष डॉ. विकाश कुमार सिंह, तथा जेडसी सुशील कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। निःशुल्क कैंप में सुबह से ही रोगियों की भारी भीड़ लगी रही।

कैंप में उपस्थित डॉक्टर्स जैसे डॉ. मकेश्वर चौधरी, डॉ. जितेंद्र तिवारी, डॉ. सुधांशु शेखर, डॉ. एस.के. पांडेय, डॉ. प्रियंका भारती, डॉ. निशु कुमार सिंह, डॉ. संदीप कुमार सिंह, डॉ. इशिका सिंह, डॉ. बृजेश मिश्रा, डॉ. बबन कुमार सिंह, डॉ. आशुतोष रंजन, डॉ. अशोक कुमार सिंह, डॉ. प्रियंका साही, डॉ. विधि सिंह, डॉ. इंदु खरे सिंह, डॉ. गुंजन रानी, डॉ. नताशा, डॉ. अमित रंजन, डॉ. अमित राज, डॉ. उज्जवल कुमार वर्मा, डॉ. ओपी गुप्ता, डॉ. सोनल, डॉ. राजकुमार सिंह, डॉ. रितेश कुमार रवि, डॉ. केके बोस और डॉ. एके श्रीवास्तव ने शिविर में अपनी निःशुल्क सेवाएं दीं। खून जांच के लिए डॉ. मंजय शर्मा अपने दल-बल के साथ अंकिता डायग्नोस्टिक की ओर से तैनात रहे। डॉक्टर्स ने अपने स्तर पर निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया, और साथ ही सदर के सिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिन्हा ने सदर अस्पताल द्वारा भी निःशुल्क दवाइयों का वितरण कराया।

### सरकार चला रही है स्वच्छता ही सेवा सप्ताह, सड़कों पर पसरी गंदगी

मशरक। मशरक नगर क्षेत्र के सड़कों पर कचरों का अंबार लगा हुआ है वहीं सरकार स्वच्छता ही सेवा अभियान चला रही है जो 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। जिसमें प्रतिदिन सफाई को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। पर इस कार्यक्रम के उल्टा मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के स्टेशन रोड, थाना चौक, अस्पताल चौक, महावीर चौक समेत अन्य इलाकों में गंदगी पसरी हुई है। जिससे अंधेर नगरी चौपट राजा वाला कहावत चरितार्थ होता नजर आ रहा है। वहीं स्थानीय लोगों की शिकायत और सफाई मजदूरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल का कोई भी समाधान होता नहीं दिख रहा है। वहीं नगर पंचायत के सफाई पर प्रतिमाह 16 लाख रुपए खर्च किए जा रहे हैं। सड़कों पर चौक चौराहे पर गंदगी से लोग परेशान है।

## वाहन जाँच के दौरान चोरी की मोटरसाईकिल के साथ दो व्यक्तियों को किया गया गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा । रिविलगंज थानान्तर्गत ग्राम खैरवार से नयका बाजार जाने वाली सड़क पर गस्ती टीम के द्वारा वाहन चेकिंग किया जा रहा था। वाहन चेकिंग के दौरान गस्ती टीम के द्वारा मोटरसाईकिल सवार संदिग्ध व्यक्तियों की जाँच/तलाशी ली जा रही थी। वाहन चेकिंग के क्रम में 01 मोटरसाईकिल पर 02 सवार व्यक्ति से पूछ-ताछ एवं जाँच में उक्त मोटरसाईकिल के संबंध में पूछा गया तो व्यक्ति द्वारा मोटरसाईकिल से संबंधित कोई कागजात उपस्थित नहीं किया गया तथा बताया गया कि यह मोटरसाईकिल चोरी का है तथा किसी और व्यक्ति से उनके द्वारा यह मोटरसाईकिल 10,000 रू0 में खरीदा है एवं किसी दूसरे के नंबर प्लेट का इस मोटरसाईकिल में उपयोग किया जा रहा था। लूट की गाड़ी खरीद कर इस्तमाल करने एवं गाड़ी का नंबर प्लेट बदल कर चलाने के आरोप में रिविलगंज थाना कांड सं0-279/24 दिनांक-21.09.2024 धा317(4)/318(4)/336(3)/338/3(5) बी0एन0एस0 दर्ज कर अभियुक्त 1.गोपाल कृष्ण यादव उर्फ मौला यादव, पिता- हिरालाल यादव, साकिन- बसडिला 2. कुन्दन कुमार सिंह, पिता- हरेन्द्र कुमार सिंह, साकिन- अनवल देवरिया दोनों थाना- कोपा, जिला- सारण को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

### गिरफ्तार आरोपियों का नाम एवं पता

1. गोपाल कृष्ण यादव उर्फ मौला यादव, पिता- हिरालाल यादव, साकिन- बसडिला, थाना- कोपा, जिला- सारण।

2. कुन्दन कुमार सिंह, पिता- हरेन्द्र कुमार सिंह, साकिन- अनवल देवरिया, थाना- कोपा, जिला- सारण।

चोरी की गई मोटरसाईकिल भी बरामद हो चुकी है। वहीं टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारियों में पु0अ0नि0 सुभाष पासवान थानाध्यक्ष रिविलगंज थाना, प्र0पु0अ0नि0 मणिकांत कुमार मणी, सि0/458 रविरंजन कुमार, सि0/583 विनित कुमार एवं रिविलगंज थाना के अन्य कर्मी शामिल थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के पुर्नगठन समिति की हुई बैठक

प्रातः किरण संवाददाता

माँझी प्रखंड के शिवाजी नगर स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर में पुनर्गठन स्थानीय समिति की प्रथम आयोजित बैठक में लिये गये कई महत्वपूर्ण निर्णय समिति के अध्यक्ष पृथ्वी नाथ ओझा अध्यक्ष द्वारा प्रांतीय प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद सिंह संकुल संयोजक की अनुमति से नए जुड़े सदस्यों को समिति के अंग वस्त्र व विद्यालय के पुस्तक से सम्मानित किया गया वहीं समिति के सदस्यों ने बैठक में शिशु मंदिर के विकास साथ-साथ नये छात्रों की संख्या बढाने पर गहनता से विचार विमर्श किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि विद्यालय के विकास के लिए आचार्य एवं प्रचार्य द्वारा समन्वय बनाकर शिशु सम्पर्क चलाकर विद्यालय के बच्चे और उनके अभिभावक से मिलकर शैक्षणिक स्थिति की जानकारी ली जाएगी उन्होंने समिति को बताया की विद्यालय में छात्रों की संख्या बढ़ोतरी हो रही है। शिशु मंदिर में ज्यादा से ज्याद छात्रों का नामांकन हो इसके लिए अभिभावकों का समन्वय स्थापित करने की जरूरत है।

## हेचरी,तालाब व पार्क का निर्माण कर दह पुरैना ताल को पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित किया जाएगा: उदय शंकर सिंह

प्रातः किरण संवाददाता



माँझी। सारण जिले के रिविलगंज प्रखंड क्षेत्र से सटे पश्चिम माँझी के कौरुधौरु पँचायत अंतर्गत 58 एकड़ में फैले दह पुरैना ताल के दिन जल्द ही बहुरेंगे तथा आने वाले दिनों में दह पुरैना ताल के एक सिरे पर दो करोड़ रुपये की लागत से पँचायत सरकार भवन का निर्माण होगा।

इसके अलावा लगभग तीन करोड़ रुपये की लागत से ताल के बीचोबीच हेचरी,तालाब एवम पार्क का निर्माण कर सौंदर्यीकरण कराया जाएगा।

इसकी जानकारी देते हुए कौरुधौरु पँचायत के मुखिया पति उदय शंकर सिंह ने बताया कि सारण वन प्रमण्डल द्वारा दह पुरैना ताल के सौंदर्यीकरण के लिए भेजे गए प्रस्ताव को सारण जिला प्रशासन ने स्वीकार कर लिया है।

बता दें कि सारण जिला प्रशासन से उक्त महत्वाकांक्षी योजना को मूर्त रूप देने के लिए वन विभाग को प्रारूप तैयार करने का अनुमोदन कर दिया है। श्री सिंह ने बताया कि उक्त महत्वाकांक्षी योजना के पूरा कर लिए जाने के बाद वहाँ मछली पालन के अलावा मछली के बीज।जीरा।उत्पादन एवम पार्क व बृक्षारोपण आदि में स्थानीय किसानों व युवाओं के लिए रोजगार के अनेक अवसर सृजित होंगे तथा सारण के राजस्व बृद्धि के मामले में जबरदस्त तरीके से उछाल आएगा।

### भूमि अतिक्रमण ने दह पुरैना ताल को बनाया संकरा व बदसूरत

मुखिया पति ने बताया कि क्रमशः 52 एकड़ तथा अलग से छह एकड़ में फैले दह पुरैना ताल की जमीन पर अतिक्रमणकारियों द्वारा दशकों से भूमि अतिक्रमण करके उसे संकरा बना दिया गया है। जिससे मछली पालन तथा जल से कमल के फूल व पत्तल की आवक पर विपरीत असर पड़ा है। उन्होंने बताया कि दह पुरैना ताल की भूमि पर ठेकेदारों द्वारा अवैध तरीके से की गई खुदाई से कई लोग असमय काल कवलित भी हो चुके हैं। माँझी की कई पंचायतों की पानी के संग्रह एवम सिंचाई हेतु अंग्रेजों ने कराया था ताल का निर्माण।

मुखिया पति ने बताया कि दशकों पूर्व उक्त ताल में कौरुधौरु पँचायत के अलावा माँझी, सोनबरसा, मरहा, मदनसाठ तथा बनवार आदि पँचायत क्षेत्रों से उक्त ताल में पानी के संग्रहन की सामुदायिक व्यवस्था की गई थी। इधर दशकों पूर्व से ही ताल की सम्पर्क नलियों पर अतिक्रमणकारियों द्वारा अनैतिक तरीके से अतिक्रमण कर लिए जाने से कारण आसपास के क्षेत्रों से सिर्फ बाढ़ व बरसात के पानी का ही संग्रहन हो पाता है। उन्होंने बताया कि सारण जिला प्रशासन द्वारा जल्द ही उक्त सरकारी भूमि की मापी कराकर दह पुरैना ताल को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा तथा इस महत्वाकांक्षी योजना को मूर्त रूप देकर इसे पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित किया जाएगा।

## बगहा समेत पर्यटन नगरी में गर्मी और उमस से लोग हुए बेहाल



प्रातः किरण संवाददाता

बगहा। बगहा समेत पर्यटन नगरी वाल्मीकिनगर में इन दिनों लोग भीषण गर्मी और उमस से परेशान नजर आ रहे हैं।जबकि सितंबर के महीने में पर्यटन नगरी वाल्मीकिनगर में गुनगुना ठंढ का एहसास होने गलता है लेकिन इस सीजन में सितंबर माह उमस और गर्मी का कहर बरपा रहा है। जिससे लोगवाग परेशान हो चलें है।बतादें की बगहा और वाल्मीकिनगर समेत आसपास के इलाके में पिछले कई दिनों से बारिश नहीं हो रही है।जिस कारण वीटीआर परिक्षेत्रों में उमस और गर्मी प्रचंड रूप धारण किए हुए है।

### रोहतास भारत स्काउट व गाइड ने मनाया अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस

प्रातः किरण संवाददाता

करगहर (रोहतास) बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड जिला रोहतास के तत्वाधान में जिला संगठन आयुक्त अरविंद कुमार सिंह के नेतृत्व में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करगहर में अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस मनाया गया।

मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं बीसीओ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी व प्रधानाध्यापक ने संयुक्त रूप से झंडातोलन कर किया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस के अवसर पर स्काउट गाइड के माध्यम से स्वच्छता अभियान चलाने की आगाज की गई। अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्काउट और गाइड को सम्मानित किया गया। भारत स्काउट और गाइड ने मैसेंजर ऑफ पीस का सिंबल बनाकर देशवासियों को अमन चयन एवं शांति से रहने का संदेश दिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी को ध्यान में रखना चाहिए की स्वछता हमारे लिए जरूरी है। स्वच्छता के साथ-साथ सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया जाएगा। मौके पर विद्यालय के शारीरिक शिक्षक संजीव कुमार एवं स्काउट मास्टर उमेश प्रसाद गाइड कैप्टन कुमारी कृति लता, पीयूष कुमार, शुभम कुमार पटेल, रंजीत कुमार, गुलशन राज, गाइड में रोशन आरा, पिशु कुमारी, खुशबू कुमारी, खुशी कुमारी, अंजनी कुमारी, जागृति राज के साथ सैकड़ो स्काउड व गाइड उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ की गई।

## भाजपा में नये सदस्यों को जोड़ने के लिए चलाई जा रही सदस्यता अभियान को लेकर पार्टी की बैठक संपन्न




सदस्यता अभियान कार्यक्रम की दूसरा चरण 19 से 25 सितंबर चलाया जा रहा है

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय।भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के तहत महा सदस्यता अभियान कार्यक्रम की दूसरा चरण 19 से 25 सितंबर चलाया जा रहा है, इसी क्रम को आगे बढ़ाने के लिये छपरा नगर मण्डल के विवश बैठक स्नेही भवन में नगर अध्यक्ष राजेश फैशन के अध्यक्षता में हुआ।

बैठक कि शुरूआत पंडित दीन दयाल उपाध्याय ,श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर वन्दे मातरम से शुरूआत हुआ। जिला अध्यक्ष रंजीत सिंह ने कहा कि सभी कार्यकर्ता इस अभियान में अपने अपने बूथ पर 200 सौ नया सदस्य 8800002024 पर मिस्ट कॉल करके आन -लाइन फॉर्म को समिट कर सदस्य बनाया जाय। सारण जिला पूरे बिहार में 5 वा स्थान पर है हमे आप सभी कार्यकताओं के बल से सारण जिला को 1-3 में लाना है।

छपरा के विधायक डॉ सी एन गुप्ता ने कहा कि सारण जिला को छपरा विधानसभा में भाजपा के सदस्य सबसे ज्यादा बने इसकी हम सभी बूथ स्तर से लेकर वरिष्ट कार्यकर्ता का जबाबदेही बनता है। जिले के संगठन के दृष्टिकोण से 39 मण्डल में सबसे ज्यादा 22 शक्ति केंद्र का मण्डल है सबसे ज्यादा सदस्य यहाँ से बनने का प्रयास किया जाय। छपरा विधानसभा के संयोजक सह जिला भाजपा के मुख्य प्रवक्ता धर्मेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि छपरा नगर के सभी टीम के कार्यकर्ता सदस्य बनाने में लगे है बस थोड़ा सक्रियता बढ़ाने की जरूरत है। खासकर युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा टीम को ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है । हमे पूरा विश्वास है कि छपरा जिला पूरे बिहार में 1-3 में सदस्य बंनाने में रहेगा साथ ही छपरा विधानसभा जिला का अपना स्थान अच्छा रहेगा

बैठक में मुख्य रूप से पूर्व जिला महामंत्री शांतनु कुमार, पूर्व मण्डल अध्यक्ष सुशील सिंह, महिला मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष ममता मिश्रा, नगर महामंत्री अनूप यादव, सन्नी प्रकाश चंदू, संदीप कुमार,अति पिछड़ा मोर्चा के जिला महामंत्री शत्रुध्न चौधरी, अनुरंजन प्रसाद, मनीष मिश्रा, अजित सोनी, बिक्की श्रीवास्तव, पीढ़ी बाबा,गोकुल कुमार, सहित मांग मण्डल के सभी पदाधिकारी, मोर्चा,मंच के अध्यक्ष, शक्ति केंद्र के प्रभारी उपस्थित हुए।

नगर मण्डल अध्यक्ष राजेश फैशन ने कहा कि हम पूरे जिले में छपरा नगर सदस्य बनाने में एक नम्बर स्थान रहेगा सभी स्थानों पर कैम्प लगातार लगाया जा रहा है।

## कुपोषण को ले गर्भवती महिलाओं पर विशेष ध्यान देने की जरूरत: परियोजना पदाधिकारी



● एक दिवसीय पोषण मेला सह प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा ' बाल विकास परियोजना के तहत शहर के कटहरी बाग मुहल्ला स्थित शुभारंभ पैलेस में पोषण मेला सह प्रदर्शनी का अयोजन किया गया। मेला का उदघाटन बाल विकास परियोजना पदाधिकारी शहरी कुमारी ममता, प्रवेक्षिका सोनम सिंह ने द्वीप प्रज्वलित और फीता काट कर किया। मेला में गर्भवती महिला और नवजात बच्चों को कुपोषण से बचने के तौर तरीके पर व्यापक जानकारी दी गई। मेला में विभिन्न प्रकार के पोषण वाले स्टाल भी लगाए गए थे, जहां लोगों को पोषण संबधी जानकारियां दी जा रही थी। इस अवसर पर परियोजना पदाधिकारी ने कहा कि कुपोषण के विरुद्ध इस जंग में गर्भभवटी महिलाओं पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए पोषण युक्त भोजन देना आवश्यक है। इस अवसर पर उन्होंने गर्भवती महिलाओं और किशोरियों को भी पोषक आहार लेते हुए स्वछता पर विशेष ख्याल रखने की नसीहत दी। पर्वेक्षिका सोनम सिंह ने कहा कि यह मेला का आयोजन समाज से कुपोषण को खत्म करने के लिए चलाया जा रहा है जब समाज में महिलाएं और बच्चे स्वस्थ होंगे तभी हमारा समाज भी स्वस्थ और पोषणयुक्त होगा,और तभी हम स्वस्थ और सशक्त देश का निर्माण कर सकेंगे। मेला में महिलाओं द्वारा रंगोली, पेंटिंग के साथ आहार से संबंधित प्रदर्शनी लगाई गई और, महिलाओं ने बढ़ -चढ़ कर हिस्सा लिया। मौके पर डाटा ऑपरेटर अभिषेक कुमार, आंगनबाड़ी सेविका मीरा कुमारी, शर्मिला देवी, चंचल देवी, बबिता देवी, पुष्पा कुमारी, सुनीता देवी समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे ' कार्यक्रम का समापन सेविका मीरा

## नेपाल नेशनल चितवन पार्क प्रशासन 8 नए मेहमानों के आगवानी की तैयारियों में जुटा

● चितवन प्रजनन केंद्र की 8 गर्भवती हाथिनी बच्चे को देगी जन्म



प्रातः किरण संवाददाता

बगहा। नेपाल स्थित चितवन नेशनल पार्क के खसरा हाथी प्रजनन केंद्र की 8 हाथियाँ गर्भवती हैं जो इस साल के अंतिम माह में बच्चे को जन्म देगी।इसके लिए चितवन नेशनल पार्क के प्रजनन केंद्र अधिकारी तैयारियां शुरू कर दिया है। बतादें की इस प्रजनन केंद्र में 11 वयस्क हाथी और करीब 10 बच्चे हैं जिनमे 8 हाथियाँ गर्भवती हैं।अधिकारी सूत्रों के मुताबिक प्रजनन केंद्र में मनकली,हिमाली,रिमझिम,देवकली,कनाली,तमोर,चितवन और लोकतंत्र कली है।बतातें चलें कि बच्चे जन्म के 3 वर्ष पूरे होने पर उनको प्रशिक्षित किया जाता है और प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात उन्हें चितवन के स्थित दूसरे दूसरे पोस्टो समेत जंगल सफारी के कार्यों में लगा दिया जाता है।अधिकारी सूत्रों की माने तो पिछले 25 वर्षों में 67 बच्चों ने प्रजनन केंद्र में जन्म लिया है।

# रोहतास एसपी ने सरपंच हत्याकांड मामलें में चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

## त्वरित कार्रवाई कर एक घंटे के अंदर ही हत्याकांड का किया खुलासा

- छानबीन में पुलिस ने घटनास्थल से हथियार व कारतूस को किया बरामद

प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) विगत शनिवार की देर शाम बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के शिवपुर पंचायत के वर्तमान सरपंच सह प्रखंड सरपंच संघ अध्यक्ष सतीश सिंह की शनिवार की देर शाम उनके अपने ही भतीजा बादल कुमार ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। सूत्रों के मुताबिक घटना को अंजाम उनके घर पर हीं उसके भतीजा द्वारा दिया गया। हत्यारा भतीजा द्वारा सरपंच के शरीर पर दो गोली मारी गई। जिसमें एक गोली उनके पेट में और दूसरा गोली सिर में लगी। जिस घटना में 60 वर्षीय सरपंच सतीश सिंह की मौत हो गई थी। घटना की सूचना मिलते ही तत्काल एसडीपीओ कुमार संजय और स्थानीय थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच जांच शुरू कर दिया था। इस घटना मामले में परिजनों से एसडीपीओ ने जानकारी लेते हुए कांड के उदभेदन में जुट गए। ग्रामीणों ने बताया कि घटना दौरान मृतक सरपंच की पत्नी व पुत्र दोनों रांची में थे। मृतक अपने गांव अपने भाई के साथ रह रहे थे। दूसरी तरफ घटना की सूचना मिलते ही मामले को त्वरित संज्ञान में लेते हुए रोहतास एसपी रौशन कुमार अपने पुलिस बल के साथ शिवपुर पंचायत गांव के घटनास्थल पर पहुंच स्वयं छानबीन शुरू कर दी। एसपी द्वारा करीब एक घंटे चले जांच में कांड





मामले का उद्भेदन सामने आया। जिस घटना का मुख्य कातिल मनोज कुमार सिंह का पुत्र बादल कुमार एवं मामले में प्रयुक्त हथियार को छुपाने के आरोप में पुलिस ने कातिल के पिता जो मृतक सरपंच के भाई मनोज कुमार सिंह ,पवन कुमार सिंह एवं शयेंद सुमन को मौके वारदात से गिरफ्तार किया गया। साथ ही साथ पुलिस ने घटना में उपयोग लाइसेंसी एक दो नाली बंदूक,12 बोर का तीन जिंदा कारतूस,12 बोर का दो खोखा व 315 बोर का एक कट्टा को भी बरामद किया। वही हत्या मामले में मृतक की पत्नी द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इसकी जानकारी एसडीओ कुमार संजय ने दी। उन्होंने बताया कि इस मामले में गिरफ्तार आरोपियों को हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### रोहतास में भूमि विवाद को लेकर फायरिंग कर रहे शख्स को पुलिस ने हथियार के साथ किया गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता

रोहतास जिले के डिहरी मुफस्सिल थानाक्षेत्र के गोपी बीघा गांव में एक व्यक्ति द्वारा लाइसेंसी बंदूक से पुरानी भूमि विवाद को लेकर शनिवार की देर शाम फायरिंग की गई । जिसमें किसी की हताहत की सूचना नहीं है। जिसके बाद रोहतास एसपी रौशन कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अरढ कोटा किरण कुमार के नेतृत्व में डेरी मुफस्सिल थानाध्यक्ष सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों के द्वारा छापेमारी कर फायरिंग कर रहे मिथिलेश कुमार को लाइसेंसी एक दोनाली बंदूक ,एक पिस्टल तथा भारी संख्या में कारतूस एवं दो मैग्जीन के साथ गिरफ्तार कर लिया है। डिहरी मुफस्सिल थाना पर आयोजित पत्रकार वार्ता में अरढ कोटा किरण कुमार ने बताया कि गोपी बीघा में शनिवार की देर शाम एक युवक द्वारा लाइसेंसी हथियार से फायरिंग किया जा रहा था। जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर तत्काल टीम गठित कर घटनास्थल पर पुलिस टीम पहुंची ।

पुलिस टीम के पहुंच कर फायरिंग कर रहा युवक को गिरफ्तार किया ।गिरफ्तार युवक गांव के शिव प्रसाद सिंह के पुत्र मिथिलेश कुमार बताया जाता है ।जो अपनी लाइसेंसी दुनाली बंदूक से फायरिंग कर रहा था । हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं है। जिस दो नाली बंदूक को पुलिस ने जप्त कर ली है। वहीं पुलिस टीम ने घटनास्थल से एक पिस्टल, दो मैगजीन , 13 जिंदा कारतूस , तीन खाली खोखा एवं एक छड़ बरामद की है ।वहीं आरोपी मिथिलेश कुमार को गिरफ्तार कर ली है। पुलिस टीम में डिहरी मुफस्सिल थाना अध्यक्ष विद्याभूषण के साथ-साथ पुलिस अवर निरीक्षक बृजेश कुमार सिंह, शुभम कुमार, नवीन कुमार एवं नीरज कुमार सभी डिहरी मुफस्सिल थाना के पुलिस अवर निरीक्षक पुलिस टीम में शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### डेहरी को जिला बनाने को लेकर डेहरियंस टीम ने किया नुक्कड़ नाटक को मंचन

प्रातः किरण संवाददाता

तिलौथू (रोहतास) डेहरी को जिला बनाने की मांग को लेकर टीम डेहरियंस के सदस्यों ने तिलौथू बाजार में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। इस दौरान टीम डेहरियंस के सदस्यों के द्वारा रणनीति और आंदोलनात्मक चर्चा किया गया और डेहरी को जिला बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। इस दौरान स्थानीय लोगों ने भी टीम डेहरियंस के इस मुहिम को तन मन धन से समर्थन करने की बात कही। टीम डेहरियंस के सदस्यों ने कहा कि जन जागरूकता के लिए जनप्रतिनिधियों का सहयोग भी जरूरी है टीम डेहरियंस के सदस्यों ने 92 पंचायत एवं चार नगर निकायों को लेकर जिला गठन की मांग किया और इसकी रूपरेखा साझा किया। टीम डेहरियंस के संयोजक आरके सिंह बताया कि डेहरी को जिला बन जाने से नौहट्टा, रोहतास,तिलौथू, डेहरी अकोढ़ी गोला, राजपुर , काराकाट, नासरीगंज प्रखंडों में धन का आवंटन अधिक होगा जिसे आर्थिक मजबूती मिलेगी। मौके पर टीम डेहरियंस के सदस्य माधव कुमार, अनिल गुप्ता, सत्यानंद कुमार,आयुष कुमार, छोटन कुमार, अभिषेक कुमार, कुंडू कुमार आदि उपस्थित थे।

### काराकाट स्वच्छता कर्मियों की हुई स्वास्थ्य की जांच

प्रातः किरण संवाददाता

काराकाट(रोहतास) : काराकाट प्रखंड क्षेत्र में संचालित स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत रविवार को स्वच्छता कर्मियों के स्वास्थ्य जांच के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोड़ारी में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया । जिसमे प्रखंड क्षेत्र के स्वच्छता कर्मियों की स्वास्थ्य जांच किया गाय । स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता अभियान में स्वच्छता के विभिन्न पहलुओं पर अलग-अलग कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें स्वच्छता कर्मियों के द्वारा बरती जाने वाली स्वच्छता, उनके कार्यों को बेहतर बनाने आदि को लेकर आयोजन किया गया । आयोजित शिविर को लेकर स्वच्छता कर्मी बेहद उत्साहित दिखे । शिविर में जरूरी स्वास्थ्य जांच के लिए प्रखंड क्षेत्र के स्वच्छता कर्मियों की भीड़ उमड़ पड़ी ।विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में सभी कर्मियों का स्वास्थ्य जांच करते हुए उन्हें जरूरी चिकित्सकीय परामर्श व दवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराया गया ।

### शौच करने गई किशोरी के साथ मुंह दबाकर दुष्कर्म का प्रयास, आरोपी धराया

प्रातः किरण संवाददाता

बगहा। बगहा के रामनगर थाना क्षेत्र में रेल्वे गुमटी के पिछे बासवारी में शौच करने गई एक 18 वर्षीय लड़की के साथ दुष्कर्म करने की नीयत से एक लड़के ने पीछे से पकड़ कर जबरजस्ती गलत काम करने लगा। जब लड़की ने गलत होता देखा तो किसी तरह से वो चिल्लाने लगी । चील्लाने की आवाज सुनकर ग्रामीणों ने भाग रहे लड़के को पकड़ लिया। और पुलिस को इसकी जानकारी दी पुलिस ने मौके पर पहुंच कर लड़के को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले में करवाई करते हुए आरोपी को न्यायिक हिरासत मे जेल भेज दिया।

## एसीएमओ डॉ केएन सिन्हा अपने मेडिकल टीम के साथ बाढ़ क्षेत्रों में किया दौरा

प्रातः किरण संवाददाता

आरा :एसीएमओ,भोजपुर ,डॉ के एन सिन्हा बाढ़ समस्याओं मे चिकित्सा सहायता की मॉनिटरिंग करने रविवार को भी क्षेत्र का दौरा किये। सबसे पहले डॉ सिन्हा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बड़हरा गए ,जहां डॉ गौरव कश्यप कार्य करते हुए मिले। मालूम हुआ कि डॉ संपत ,एकौना अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में गए थे जहां 7 बच्चे बीमार थे। डा सुदामा प्रसाद की ड्यूटी नाव पर थी ।डॉ ओमप्रकाश बबुरा बाढ़छेत्र गए थे ।एसीएमओ ने इमरजेंसी रजिस्टर का अवलोकन किया ।पता चला कि एक पागल कुत्ता चार व्यक्तियों को काट दिया है और सभी को ए आर वी की सुई पड़ गई है। पागल कुत्ता को किसी ने मार दिया । कल एक व्यक्ति को सांप ने काटा था ।उसे ए वी एस सुई देने के बाद आरा रेफर कर दिया गया ।केंद्र पर एएनएम कृष्णा कुमारी ,



जीएनएम पूजा कुमारी, एएनएम कुमारी मंजू कार्यरत पाई गई ।एसीएमओ के साथ एएनएम सीशीला मरांडी, कुमारी प्रतिमा और प्रतिमा कुमारी एएनएम तथा संजीव कुमार साथ में क्षेत्र का दौरा कर पीड़ित लोगों को मदद पहुंचाए। एसीएमओ डॉ सिन्हा वहा के बाढ़ कैंप गए जहां बाढ़ पीड़ित लोगों को दवा दिया जा रहा था ।इस केंद्र से 48 लोगों को भिन्न-भिन्न तरह की दवाइयां दी गई थी जैसे बुखार, पैखाना ,पेट दर्द ,उल्टी आदि का। डॉक्टर सिन्हा ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा चिकित्सा शिविर की समस्याओं को समझ कर उन्हें दूर करने का निर्देश दिए।

## बड़हरा की पूर्व विधायक आशा देवी ने बाढ़ प्रभावित गांवो का किया दौरा

- बोली : बाढ़ से आम जन जीवन प्रभावित, प्रशासन व्यापक स्तर पर करें मदद
- बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में सिर्फ खानापूर्ति नही करें प्रशासन, आम जनों को उपलब्ध कराएं सुविधाएं
- खाद्य सामग्री का किया वितरण, जरूरतमंदों को दिया आर्थिक मदद

प्रातः किरण संवाददाता



आरा/बड़हरा। बड़हरा की पूर्व विधायक आशा देवी ने नाव से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कोईलवर प्रखण्ड के ज्ञानपुर और बड़हरा प्रखंड के बखोरापुर समेत अन्य बाढ़ प्रभावित गांवों में जाकर लोगों से मुलाकात की। साथ ही उन्हें खाद्य सामग्री समेत जरूरतमंदों को आर्थिक मदद भी की। बाढ़ प्रभावित लोगों ने बताया कि सरकारी राहत कार्यों में काफी लापरवाही हो रही है, समुचित स्तर पर उन्हें मदद की दरकार है। इस दौरान आशा देवी ने लोगों को हो रही समस्याओं को जानने के बाद कहा कि बड़हरा के कई गांव बाढ़ के चपेट में है जिसके कारण आम जन काफी प्रभावित है।

पूर्व विधायक आशा देवी ने जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ राहत कार्य मे तेजी लाने और व्यवस्था के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति नही कर, आम जनों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा है।

उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में अधिक से अधिक जगहों पर सामुदायिक किचन की व्यवस्था हो, सुखा भोजन का पैकेट वितरण किया जाए, जरूरतमंदों को त्रिपाल, पशुओं के लिए चारा, बुरी तरह बाढ़ से घिरे लोगो को ऊंचे स्थान पर रुकवाने की व्यवस्था, बीमार लोगो को मेडिकल की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है।इस दौरान अवधेश यादव लालजी बिंद, नंद कुमार चौधरी, अरुण सिंह, भिखारी सिंह, रिंकू सिंह समेत अन्य शामिल थे।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा बिहार के नेतृत्व में मरीजों के बीच किया गया फल वितरण

प्रातः किरण संवाददाता



आरा : भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा भोजपुर के द्वारा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम सदर अस्पताल आरा में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि मनोज कुमार सिंह प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा बिहार के नेतृत्व में मरीजों को फल वितरण किया गया, साथ में रितेश कुमार सिंह प्रदेश प्रवक्ता किसान मोर्चा, हरेंद्र पांडेय प्रदेश कार्य समिति सदस्य, प्रहलाद राय प्रदेश प्रवक्ता किसान मोर्चा, राजीव रंजन तिवारी, ज्योति प्रकाश कुशवाहा प्रदेश सोसल मीडिया प्रभारी, अध्यक्षता विद्या सागर पांडेय जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा, वरुण सिंह महा मंत्री किसान मोर्चा, नरेन्द्र तिवारी महामंत्री भाजपा, उदय प्रताप सिंह, अभिमन्यु सिंह, विनय मिश्रा, जयराम सिंह, नेहा सिंह, ब्रजेश पांडेय, राकेश कुमार सिंह, पुरुषोत्तम पांडेय, राजीव कुमार, अरुण भारती, आर्यन पांडेय , काफी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति हुई, सदर अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों को फल वितरण किया गया, प्रदेश अध्यक्ष श्री मनोज कुमार सिंह ने बताया कि सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम प्रधान मंत्री जी के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं द्वारा प्रत्येक वर्ष चलाया जाता है, जो 17 सितम्बर प्रधानमंत्री जी के जन्म दिवस से 2 अक्टूबर महात्मा गांधी के जयंती तक सेवा के रूप में मनाया जाता है

### भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला भोजपुर विशुद्ध बिभु जैन के नेतृत्व में रक्तदान महादान का किया गया आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता



आरा : शांति मेमोरियल ब्लड बैंक बाबू बाजार भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला भोजपुर विशुद्ध बिभु जैन के नेतृत्व में रक्तदान महादान का आयोजन किया गया के माननीय यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़ा के रूप मे मनाया जा रहा है। रक्त महादान के कार्यक्रम प्रभारी कुमार प्रतीक जिला मंत्री के देख रेखय में हुआ भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष दुगाराज जी के निर्देशन में कार्यक्रम का शुरूआत हुआ जिला अध्यक्ष ने सर्वप्रथम रक्तदान कर शुरूआत किया इस कार्यक्रम में रक्तदान करने में आदि सिंह आदि, रविशेक कुमार, अंकुर जैन,संजय सिंह, रणविजय प्रताप, रविकांत सिंह, रितिक सिन्हा,अंकित कुमार, रौशन श्रीवास्तव, प्रतीक चंद्रवंशी, कुमार मंगलम, नीरज सिंह, अमलेश यादव, लवकुश पंडित, निशांत सिंह सेंगर, शशांक शेखर,परदेश कार्यसमति किसान मोर्चा और युवा नेता राम दिनेश यादव द्वारा युवाओं को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया गया और बढ़-चला के इसमें भाग लेने के लिए कहा गया बहुत स्वीकार करता हूं उन्हें रक्तदान में भाग लिया जिसकी

### स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत जिले में जागरूकता के उद्देश्य से कार्यक्रम का किया जा रहा है आयोजन

आरा। स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण द्वारा आयोजित स्वच्छता ही सेवा-2024 कार्यक्रम अंतर्गत लगातार में जिले में जागरूकता के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजन से आम जन के बीच ना सिर्फ जागरूकता का संचार हो रहा बल्कि इससे वातावरण भी स्वच्छ,शुद्ध एवं सुंदर हो रहा है। 17 सितम्बर से लगातार एक पखवाड़े तक आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में प्रतिदिन गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है जिसका प्रयोजन हर हाल में गाँव को स्वच्छ एवं सुंदर बनाना हैं। जिले के सभी प्रखंडों में आज धार्मिक स्थल,नदी,तालाब,पोखर आदि के साफ-सफाई का कार्य निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चल रहा है। इसके साथ ह्यएक पेड़ माँ बीके नामह्न के तहत गाँव में पौधा-रोपण का कार्यक्रम भी चलाया गया है। आज के कार्यक्रम में पौधारोपण का अभियान मुख्य रूप से जिला जिले में स्वच्छता समिति भोजपुर, मनरेगा एवं जीविका के द्वारा करवाई जा रही है ।आज अभियान के तहत सभी प्रखंडों में अब तक लगभग 240 जगह पौधारोपण किया जा चुका है साथ ही 100 धार्मिक स्थल एवं जल-स्त्रोतों के आस-पास की सफाई की गई है।

## मिथिला स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन



प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज(रोहतास) । लीगल लिटरेसी क्लब द्वारा शहर के आनंद नगर स्थित सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सभागार में मिथिला आर्ट स्पॉट पेंटिंग का आयोजन किया गया । जिसमें विद्यालय के करीब 200 छात्र- छात्राओं ने भाग लिया । विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य मिथिलेश कुमार, लीगल लिटरेसी क्लब विद्यालय के प्रभारी सत्येंद्र कुमार सिंह, शिक्षक धर्मराज सिंह , जितेंद्र कुशवाहा, रंजन कुमार, शशि रंजन, विनोद सिंह, सुनील दुबे, कृष्ण चंद्र सिंह और मोहन शर्मा ने इस कार्यक्रम को चित्रकला के माध्यम से मूर्त रूप दिया । कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के छात्राओं द्वारा स्वागत गान से शुरू हुआ । इसके बाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजीव कुमार, प्रखंड शिक्षा अधिकारी सुधीर कांत शर्मा, लोक अदालत प्रभारी देवेंद्र कुमार , अधिवक्ता श्याम सुंदर मिश्रा, राजू रंजन सिंह व चित्रकार कौशलेश पांडेय ने विधिवत रूप से दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया । ऑन द स्पॉट कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने मिथिला पेंटिंग को बड़े मनोभाव से कागज पर उकेरा । कागज पर लगाए गए उनके द्वारा चटकदार रंग और साथ में बारीक नक्काशीदार रेखाओं की सबने भूरी-भूरी प्रशंसा की । नन्हे कलाकारों द्वारा बनाई कुछ कलाकृतियां ने तो बेहद सम्मोहित किया । मुख्य अतिथि दंडाधिकारी ने सभी प्रतिभागियों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए धन्यवाद दिया । अपने संबोधन भाषण में उन्होंने कहा कि मिथिला पेंटिंग आज विश्व में अपनी पहचान बन चुकी है । विश्व के कई कलाकार इसे देखने और सीखने के लिए भारत आते हैं । यह लोक कला हमारे भारत की एक पहचान है । कार्यक्रम में बच्चों द्वारा पूछे गए कई सवालों के उत्तर भी उन्होंने दिए और सफलता का मूल मंत्र बताया । वही प्रखंड शिक्षा अधिकारी सुधीरकांत शर्मा ने कहा कि हमारी मिथिला कला विश्व में पताका फहरा रही है । मिथिला पेंटिंग के नाम से भी भारत की एक विशिष्ट पहचान बन रही है । आज बड़े-बड़े शहरों की दीवारों पर मिथिला पेंटिंग देखने को मिल जाया करती है । जिस पेंटिंग प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों को मेडल व पाठ्य सामग्री आदि देकर सम्मानित किया गया । वही टॉप 10 में अन्य प्रतियोगियों को मोमेंटो से सम्मानित किया गया । इस आयोजन में चुने हुए कलाकारों में प्राजंली कुमारी, सुहानी कुमारी, कली कुमारी, खुशबू राज, आसिता, मैंना, काजल शर्मा, तान्या कुमारी, भैरवी वर्मा, शबनम परवीन की कलाकृतियां की जमकर सराहना हुई । साथ ही राष्ट्रगान के साथ इस कार्यक्रम का समापन हुआ ।

## भिखारी ठाकुर लोकोत्सव 2024 के आयोजन पर स्मारिका का होगा प्रकाशन



- आयोजन को ले की गई तैयारी समिति की बैठक

प्रातः किरण संवाददाता

आरा ( भोजपुर )22 सितंबर। स्थानीय पटेल बस पड़ाव परिसर स्तिथ भिखारी ठाकुर सांस्कृतिक मंच पर दिसम्बर माह में होने वाले भिखारी ठाकुर लोकोत्सव 2024 के सफल आयोजन को लेकर तैयारी समिति की बैठक आयोजित हुई। आज की बैठक की अध्यक्षता डॉ किरण कुमार ने व संचालन संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष पत्रकार नरेंद्र सिंह द्वारा की गई।बैठक के दौरान कई बिंदुओं पर चर्चा करते हुए डॉ अरविंद राय,कोषाध्यक्ष राम जी प्रसाद , बीएसएफ जवान संतोष कुमार,व्यास कमलेश पासवान आदि ने कहा कि इस बार के उत्सव में भिखारी ठाकुर रचित नाटक पिया निसइले की प्रस्तुति कराई जाए जो आज प्रासंगिक है। बिहार में शराब बंदी के बाद भी नशे पर लगाम नहीं लग पा रहा है। बैठक में वर्षो से बंद स्मारिका के प्रकाशन को लेकर आम सहमति बनाते हुए इस बार स्मारिका प्रकाशन पर सहमति जताई गई। क्योंकि किसी आयोजन का साहित्यिक पक्ष मजबूत हो जाए।स्मारिका प्रकाशन हेतु जिले और राज्य सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आलेखों को मंगाने को लेकर एक रणनीति बनाई गई ताकि देश भर के लोक और सांस्कृतिक की झलक उक्त स्मारिका के माध्यम से समाज के बीच प्रदर्शित हो सकें।आज की बैठक में लोकोत्स्व आयोजन की जन सहभागिता हेतु आयोजन को लेकर ब्राउचर बनवाकर जनता और जनप्रतिंधियों के बीच वितरण करने पर चर्चा की गई।बैठक में मुख्य रूप से गांधी जी, डीएनटीवी हेड गौतम कुमार,दिनेश मिस्त्री, समाज सेवी अमरदीप कुमार जय आदि उपस्थित थे।

## दुर्गा पूजा को लेकर थाने में हुई बैठक

प्रातः किरण संवाददाता

दावथ (रोहतास) दुर्गा पूजा को लेकर जहां शनिवार को शांति समिति की बैठक कराई गई वहीं रविवार को दावथ थाने में विभिन्न पुलिस पदाधिकारियों के बीच एक बैठक का आयोजन किया गया। मालूम हो कि दुर्गा पूजा से संबंधित विभिन्न पूजा पंडालों को लेकर चल रहे विवाद एवं इस पूजा में पंडाल से संबंधित तथा इसमें प्रयुक्त संसाधनों के ऊपर विचार विमर्श किया गया तो पूजा से संबंधित कई तरह के निर्देश भी लोगों को दिया गया। वही एक अन्य मामले में दावथ प्रखंड मुख्यालय के बाजार स्थित दुर्गा पूजा मंडप को बनाने को लेकर असमंजस की स्थिति भी दूर की गई जहां सड़क किनारे पूजा पंडाल बनाने से संबंधित रुकावटें अब दूर हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सड़क किनारे की भूमि जो कि सरकार के अधीन है ,इस पर किसी व्यक्तिगत लोगों के द्वारा न तो दावा किया जा सकता है और न ही उसे अतिक्रमण करने का अधिकार है। इस संबंध में अंचल अधिकारी दावथ सौरभ कुमार के हवाले से बतलाया गया कि अनाधिकृत जमीन पर किसी व्यक्ति के द्वारा एकाधिकार की अनुमति नहीं दी जाएगी और किसी तरह के कोई व्यवधान खड़ा करने की भी अनुमति लोगों को नहीं है। यह पूजा शांतिपूर्वक मनाई जानी चाहिए। रविवार को हुए इस बैठक में थाना अध्यक्ष दावथ कृपाल जी के अलावे डीएसपी ज्योति कुमारी, श्वेता कुमारी ,सी आई बिक्रमगंज तथा दुर्गा पूजा समिति के लोग उपस्थित रहे।

### रोहतास में भाजपा का सदस्यता अभियान बिहार में रचेगा इतिहास : निवेदिता

प्रातः किरण संवाददाता

नोखा (रोहतास) भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता ने नोखा नगर परिषद में नगर अध्यक्ष मनोज चंदेल के नेतृत्व में बिहार विधान परिषद सदस्य निवेदिता सिंह की उपस्थिति में सदस्यता अभियान चलाया। जिसमे सैकड़ों पुरुष सहित महिलाओं ने विधान पार्षद के समक्ष सदस्यता ग्रहण किया। अवसर पर मुख्य अतिथि विधान पार्षद निवेदिता सिंह ने बताया कि विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा का सदस्यता अभियान जोरो से पूरे देश में चल रहा है। जिस कार्य को भाजपा से सभी कार्यकर्ता गांव,बूथ व पंचायत में जाकर लोगो को भाजपा की सदस्यता लोगों को दिला रहे है। जिनके बदौलत बिहार का रोहतास जिला सदस्यता में बिहार में टॉप 3 में स्थान बना चुका है। जो इतिहास रचने के सराहनीय पथ पर अग्रसर हो चला है। अवसर पर जिला महामंत्री विजय सिंह,बृजबिहारी प्रसाद,जितेंद्र सिंह,विशाल कुमार,बिंदेश्वरी सिंह,उमेश पासवान,पुलकित सिंह,राजीव सिंह,गोरख नाथ तिवारी,रमता यादव,मनीष कसेरा, संतोष कुमार,रमता यादव,रामप्रवेश गुप्ता,हरेंद्र मिश्र,ताराचंद गुप्ता,वशिष्ठ पांडे सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मेदांता व कैट आरा द्वारा लगाई गई नि:शुल्क जांच शिविर

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। पटना मेदांता और कैट आरा के माध्यम से पूरे शहरवासियों के लिए फ्री में इलाज के लिए मेडिकल कैंप नागरी प्रचारिणी में कैट भोजपुर ज़िला के कार्यकारी अध्यक्ष आलोक अंजन की अध्यक्षता में लगाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सिविल सर्जन डॉ. शिवेंद्र कुमार सिन्हा थे। वही आरा नगर निगम की महापौर इंदु देवी ने उद्घाटन किया और कहा कि स्वक्छता अभियान निगम के द्वारा चलाया जा रहा है आप सब भी इस मुहिम में जुड़िये और रोग मुक्त आरा को बनाइए इस तरह का फ्री हेल्थ चेकअप लगने से हमारे आरा नगर के मरिजो का बहुत स्वास्थ लाभ मिलेगा इस तरह का कैम्प हमेशा लगना चाहिए इस में मुख्य रूप से कैट के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा सहित प्रशासनिक सचिव सलाहकार कैट के प्रशांत भूषण श्रीवास्तव, भोजपुर जिला के कैट के अध्यक्ष प्रेम पंकज उर्फ ललन जी, महासचिव डॉ. आदित्य विजय जैन, कार्यकारी अध्यक्ष आलोक अंजन, कोषाध्यक्ष मनीष अग्रवाल सहित मेदांता के कई नामचिन डॉक्टर मौजूद थे।

कैट के महासचिव डॉ आदित्य विजय जैन ने मंच संचालन के साथ साथ आये हुवे अतिथियो का स्वागत किया और कहा कि आगे भी हमलोग मिलकर समाज कल्याण के लिए इस तरह का कार्यक्रम करते रहेंगे

इस शिविर मेंफिजीसियन ,डाइटीसियन डॉक्टर के साथ हड्डी रोग, हृदय रोग, किडनी व मूत्र रोग के डॉक्टरों ने मरीजो की जांच की । उन्हें चिकित्सा परामर्श दिये गये। शिविर में मुख्य रूप से मेदांता हॉस्पिटल के मार्केटिंग मैनेजर अभिमन्यु कौशिक, डॉ. शशी कुमार, डॉ. कौशिक राजा, डॉ सदाशिव पांडे, डॉ राहुल कुमार, डॉ अमरीन थी। जहां विशेषज्ञ डॉक्टर की टीम ने इस शिविर में आने वाले मरीजों की जांच किये गए। बड़ी संख्या में लोगों ने इस शिविर का लाभ भी उठाया। जांच के अलावा हृदय रोग से ग्रसित मरीजों का ईसीजी इको भी जांच करते हुए रिपोर्ट भी दिए गये। साथ ही उन्हें कैसे अपने आप को स्वस्थ रखना है। इसके बारे में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने परामर्श दिये आरा के मरीजो के साथ बाहर से आने वाले मरीजों ने इस शिविर का लाभ उठाया। ।मौके पर मरीजों ने कहा कि इस तरह की स्पेशलिस्ट डॉक्टर की टीम आरा में भी बेहद जरूरी है, क्योंकि उम्र बढ़ाने के बाद और आज के समय में बीमारियां अपना पांव फैला रही है। ऐसे में विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा जांच होना भी अति आवश्यक है। मरीज ने कहा कि जो सभी तरीके से समर्थ लोग हैं। वह तो अपना इलाज बाहर करवा लेते हैं, लेकिन गरीब मरीज के लिए सरकारी अस्पताल ही एक सहारा होता है। ऐसे में सरकारी अस्पताल में भी विशेषज्ञ डॉक्टर की बेहद ही जरूरी है। कैट भोजपुर के अध्यक्ष प्रेम पंकज ने कहा कि लगभग 400 से ऊपर मरीज ने जय प्रभा मेदांता हॉस्पिटल से आये चिकित्सकों से अपना जांच कराया। वही अशोक वर्मा ने कहा कि मेदांता और कैट के तत्वावधान में इस तरह का कार्यक्रम पूरे बिहार में हो रहा है और समाज के कल्याण के लिए आगे भी होता रहेगा ,सुबह 10 बजे से ही जय प्रभा मेदांता हॉस्पिटल के डॉक्टरों के द्वारा जॉच चालू हो गया था और शाम 4.30 बजे तक चला आरा शहर के कई वार्ड पार्षदों ने अपने वार्ड से बीमार रोगियों को लाकर आरा के नागरी प्रचरणी में दिखाने का काम किया। जिसमें श्रीकांत, डॉ. जितेंद्र कुमार, पूर्व पार्षद पुत्र नीरज कुमार, , सीता देवी, साथ ही समाजसेवी पंकज प्रभाकर ,रणधीर कुमार ,अरिहंत विजय जैन,सिद्ध विजय जैन ,आदित्य सिंह आदि,अनिल सिंह ,विशाल गुप्ता,राजेंद्र सिंह ने इस निशुल्क जांच शिविर में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपना पूरा योगदान दिया ।

### सीएसपी संचालक से बदमाशों ने 2 लाख रुपए से भरा बैग लूटा

- पीड़ित ने थाने में दर्ज कराई प्राथमिकी,जांच में जुटी पुलिस

प्रातः किरण संवाददाता

दुर्गावती (कैमूर) थाना क्षेत्र दुर्गावती चैनपुर पथ में एक बाइक सवार से अज्ञात बदमाशों ने सीएसपी के संचालक से दो लाख रुपये लूट लिए। बदमाश एक ही बाइक पर तीन की संख्या में सवार थे। घटना के बाद पीड़ित सीएसपी संचालक ने अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध स्थानीय थाना में एफआईआर दर्ज करा दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ दिलीप कुमार व थानाध्यक्ष गिरीश कुमार ने मामले की जांच की। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय भारतीय स्टेट बैंक शाखा के सीएसपी संचालक अनिल कुमार पाण्डेय जो भभुआ थाना क्षेत्र के जिगनी गांव के निवासी हैं। जो मनिहारी बाजार में सीएसपी का संचालन करते हैं। इन्होंने अपने दिए गए आवेदन में लिखा है कि 19 सितंबर को दोपहर 3 बजे पैसा निकासी करने के लिए अपने बाइक से स्थानीय दुर्गावती बाजार स्थित भारतीय स्टेट बैंक के शाखा में पहुंच 2 लाख एक हजार रुपए का निकासी किया। इसके बाद दोपहर 4:10 मिनट पर ब्रांच से बाहर निकलकर सीएसपी मिनी ब्रांच लिए प्रस्थान के निकल पड़ा। इसी क्रम में जैसे ही दुर्गावती थाना क्षेत्र के मचखिया मोड़ समीप पीछे से सफेद रंग की अपाचे बाइक पर सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने पीछे झपट्टा मारा।

## जदयू कार्यकताओं ने पार्टी की मजबूती को लेकर की बैठक





प्रातः किरण संवाददाता

सासाराम (रोहतास) जनता दल यूनाइटेड के कार्यकर्ता ने सासाराम स्थित कार्यालय में की एक बैठक। जिसकी अध्यक्षता पार्टी जिलाध्यक्ष अजय सिंह कुशवाहा ने किया।

बैठक में पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए कार्यकर्ता ने विचार विमर्श किया। संबोधित करते हुए प्रमंडल प्रभारी चंद्रशेखर प्रसाद ने कहा कि बैठक का उद्देश्य पार्टी को पंचायत स्तर तक मजबूत बनाना है। इस क्रम में प्रखंड अध्यक्ष प्रखंड प्रभारी और विधानसभा क्षेत्र प्रभारी अपने-अपने प्रखंड के पंचायत में जाएंगे और पंचायत कमेटी का विस्तार एवं नवीनीकरण करेंगे। साथ ही नए सक्षम और ऊर्जावान व्यक्ति जो पार्टी तथा प्रदेश के हित में काम करना चाहते हो उनको नई जिम्मेदारी दी जाएगी। ताकि पार्टी को पंचायत स्तर तक मजबूत किया जाएगा। जबकि जिलाध्यक्ष अजय सिंह कुशवाहा ने बताया कि अगला विधानसभा चुनाव हम कार्यकर्ताओं के लिए एक अग्नि परीक्षा के समान है। जिस परीक्षा के लिए अभी से है

सभी को कमर कसने की जरूरत है। जिससे पुनः एक बार बिहार के विकास पुरुष नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बन सकें। अवसर पर राज किशोर प्रसाद, प्रभात रंजन, धर्मेंद्र कुमार सिंह, मनोज उपाध्याय, संजय चंद्रवंशी, दिवाकर कुमार,अंजनी कुमार सिंह, परशुराम,वशिष्ठ सिंह ,नागेन्द्र चंद्रवंशी, श्याम बिहारी ,राम बिंदा चंद्रवंशी, अशोक चौधरी,बदरी भगत, धनंजय पटेल, संगीता सिंह, सन्तोष शुक्ला , अलख निरंजन, राजेश सोनकर ,उपेन्द्र पटेल ,डोमा राम, राजेश पाटीदार ,अजय महतो, राजेश सिंह,मोहन कुशवाहा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, सोमवार, 23 सितम्बर, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व महिला जिलाध्यक्ष की बेटी युएनडब्ल्यू में वाइस चेयरमैन चयनित

प्रातः किरण संवाददाता

गया।बेटी दिवस पर गया की बेटी ने गया जी ही नही पुरे मगध का नाम रोशन किया है गया भाजपा महिला मोर्चा पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ शालनी कुमारी एवं श्रवण शाणिडल्य की सुपुत्री शितल शाण्डिल्य को विस्डम मोडल युनाइटेड नेशन्स 2024 जो अक्टूबर में होने जा रहे यू एन वोमेन समारोह में वाइस चेयरपर्सन के रुप में चयनित किया गया है।अभी के समय कीट स्कुल में चोथे साल की छात्रा है।

### पूर्व मंत्री सह विधान पार्षद को किया गया सम्मानित

प्रातः किरण संवाददाता

गया।बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह विधान पार्षद नीरज कुमार को भाजपा किसान मोर्चा बागवानी प्रक-ोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक डॉ मनीष पंकज मिश्रा जी के द्वारा अंगवस्त्र फूलों का गुलगस्ता,भगवान बुद्ध का मूर्ति,विष्णुचरण देकर सम्मानित किया इस अवसर पर नीरज कुमार ने मनीष पंकज मिश्रा का आभार प्रकट किया एवं दोनो नेताओं ने बिहार की राजनीतिक पर चर्चा किए हैं।

### औरंगाबाद सांसद को राजकमल पब्लिक स्कूल के निदेशक ने किया सम्मानित



प्रातः किरण संवाददाता

गया।राजकमल पब्लिक स्कूल जमुई में राजद संसदीय दल नेता सह औरंगाबाद के सांसद अभय कुश-ावाहा को राजकमल पब्लिक स्कूल जमुई निर्देशक ,के नेतृत्व में अंग वस्त्र, माला और बुके देकर स्वागत किया गया है। इस मौके पर पूर्व विधायक अजय पासवान, कुंडल वर्मा,राजद जिला अध्यक्ष डॉक्टर त्रिवेणी यादव , राजद प्रदेश सचिव गोल्डन अंबेडकर, राजेश कुमार शर्मा,कांति देवी, शैलेंद्र महतो, पप्पू मंडल,हरिओम कुशवाहा, बब्लू गुप्ता ,सुजीत महतो, समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई सम्पन्न



प्रातः किरण संवाददाता

शेरघाटी। थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर पूजा कमेटी के सदस्यों के साथ शांति समिति की बैठक आयोजित की गई बैठक के दौरान दुर्गा पूजा में शहर के मुख्य मार्ग कली मंदिर दुर्गा स्थान दुर्गा स्थान चट्टी रोड राम मंदिर समेत तमाम जगहों पर पुलिस सिंह को लेकर जानकारी दी गई साथ ही साथ शहर में विधि व्यवस्था दुरुस्त हो इस पर विचार क्या किया गया बैठक के दौरान किशोर यादव,रामाशीष यादव,राम लखन पासवान पशुपतिनाथ पाठक,शुभम कुमार,आविद इमाम समेत कई लोग शामिल रहे।

# पुलिस ने माले नेता हत्याकांड में संलिप्त एक और अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**बिते दिनों माले नेता सुनील चन्द्रवंशी की कुछ अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा गोली मार कर हत्या कर दी गई थी**

प्रातः किरण संवाददाता



अरवल । अरवल पुलिस ने माले नेता हत्या कांड में संलिप्त एक और अभियुक्त को गिरफ्तार किया है इससे पहले भी इस हत्याकांड में चार अभ्युक्त की गिरफ्तारी हो चुकी है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कृति कमल ने बताया कि 9 सितम्बर को संध्या में किंजर थाना अन्तर्गत कोचहासा गाँव स्थित राईस मिल के पास मोटरसाइकिल से जा रहे माले नेता सुनील चन्द्रवंशी उम्र-55 वर्ष पिता स्व० राम रतन सिंह ग्राम-छक्कन विगहा थाना-करपी जिला-अरवल को कुछ अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वा-रा गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में किंजर थाना कांड सं0-125/24 दिनांक-10.09.2024 धा-रा-103 (1)/3 (5) भा०न्या०सं० एवं 27 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया था। कांड के सफल उद्भेदन एवं घटना में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक एस०आई०टी० टीम का गठन किया गया था। गठित टीम के द्वारा तकनिकी विश्लेषण द्वारा घटना में संलिप्त अभियुक्तों कौशल महतो पिता योगेन्द्र महतो सा० हरदिया बेदौली थाना इमामगंज जिला पटना, मो० शहजाद खान उर्फ बन्नी पिता मो० क्यूम खान सा०-जम्हारु थाना इमामगंज जिला पटना, चन्द्रकांत शर्मा पिता देवराज शर्मा सा०-रामपुर थाना करपी जिला अरवल श्रीनाथ सिंह उर्फ काला नाग उर्फ मोटू उर्फ आशुतोष उर्फ संतोष पिता स्व० साधु शरण सिंह सा०-जम्हारु थाना-इमामगंज जिला-पटना को गिरफ्तार किया था। पुनः टीम द्वारा दिनांक 21 सितंबर को अफताब खान उर्फ नन्हक, उम्र-42 वर्ष, पे० शमशेर खान, सा०-जम्हारू, थाना-ईमामगंज, जिला-पटना, को गिरफ्तार किया गया है जिसके पास से दो मोबाइल फोन (एक एन्ड्रॉयड एवं एक कीपैड मोबाइल) बरामद किया गया है।

गिरफ्तार अभ्युक्त का पूर्व में भी अपराधिक इतिहास रहा है `खिरी मोड़ थाना कांड सं0-96/20 दिनांक-31.07.2020 धा-रा-147/148/149/341/323/379/504/506 भा०द०वि० इमामगंज थाना कांड सं0-59/24 दिनांक-19.03.2024धारा-87/504/506/3,भा०द०वि०एवं खिरी मोड थाना काण्ड संख्या 72/14 दिनांक 307/302/504 भा०द०वि० एवं 27 आर्म्स एक्ट। 15.12.20 धारा 147/148/149/307/302/504भादवि एवं 27 आर्म्स एक्ट है

## भाजपा नेता सत्येंद्र कुमार राय ने जनसंपर्क कर सदस्यता दिलाई



प्रातः किरण संवाददाता

अरवल । भाजपा नेता कोसी प्रमंडल के क्षेत्रीय सह प्रभारी सत्येंद्र कुमार राय ने अस्लानपुर गुलाब सिंह के इंग्लिश पर अरवल में घूम घूम कर लोगो को सदस्यता दिलाया। उन्होंने केंद्र सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए।उन्होंने कहा कि यह अभियान एक राष्ट्रवादी मिशन है और राष्ट्र के प्रति प्रेम करने वाले हर लोग इसके लिए उत्सुक होकर सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। लोग यह समझ रहे हैं कि राष्ट्रहित की बात करने और सोचने वाली पार्टी सिर्फ भाजपा हीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा का सदस्य बनना सिर्फ राजनीतिक दल से जुड़ना नहीं बल्कि राष्ट्र की दिशा व दशा तय करने वाला सिपाही बनना है यह सदस्यता अभियान परिवार कल्याण के लिए नहीं बल्कि समाज निर्माण के लिए हैं। उन्होंनेकहा है कि इस अभियान में हर जगह लोगों का उत्साह प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि इस क्रम में सभी बूथ अध्यक्ष से लेकर बूथ कमेटी के सारे सदस्यों व ग्रामीणों के बीच संवाद करने का भी अवसर प्राप्त की है इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री टोनू कुमार मिश्रा भाजपा जिला प्रवक्ता जितेश कुमार सिंह सिंह भाजपा नेता पीयूष पासवान मुखिया प्रतिनिधि डॉक्टर अनिल कुमार यादव युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विकास कुमार यादव मंगल यादव उपस्थित थे।

# राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजना के बारे में जानकारी लेकर लाभ उठाए जनता: सूचना जनसम्पर्क मंत्री

प्रातः किरण संवाददाता



गया। पितृपक्ष मेला महासंगम, 2024 के अवसर पर तीर्थयात्रियों की सुविधा हेतु राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन, गया द्वारा सभी प्रक-ार की व्यवस्था की गई है। जिससे तीर्थयात्रियों को किसी भी प्रकार की कठिनाई ना हो।

इसी परिप्रेक्ष्य में स्थानीय गांधी मैदान में श्रद्धालुओं के निःशुल्क आवसान एवं सभी मूलभूत सुविधाओं से लैस पर्यटन विभाग, बिहार और जिला प्रशासन, गया के संयुक्त तत्वावधान में 2500 बेड की क्षमता वाले टेंट सिटी का निरीक्षण मंत्री, सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग, बिहार सरकार महेश्वर हजारी द्वारा किया गया है। इस निरीक्षण के क्रम में मंत्री ने टेंट सिटी में निर्मित विभिन्न काउंटर का निरीक्षण किया है। इसके साथ ही प्रत्येक हैंगर में घूम-घूम कर जायजा लिया है। उन्होंने टेंट सिटी में रह र-हे श्रद्धालु को गंगाजल के पैकेट को भेंट स्वरूप देते हुए उनसे सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त किया है। इसके बाद सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग, गया द्वारा गांधी मैदान में बनाए गए विभागीय प्रदर्शनी का निरीक्षण किया गया है। प्रदर्शनी में स्टैंड बोर्ड के माध्यम से राज्य स-रकार की कल्याणकारी योजनाओं का प्रदर्शन किया गया है एवं पितृपक्ष मेला से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु मुद्रित ह्लफोल्डरह्व का अवलोकन किया है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील किया है कि वह विभागीय प्रदर्शनी में आकर राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजना के बारे में जानकारी प्राप्त कर लाभ उठा सकते हैं। सर्किट हाउस में मिडिया से संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा है कि जल्द ही प्रेस क्लब मिडिया को सोपा जाएगा,इस निरीक्षण के क्रम में जिला जन-सम्पर्क पदाधिकारी दीपक चंद्र देव, सहायक निदेशक सह जिला जन-सम्पर्क पदाधिकारी (प्रशिक्षु) राजेश चंद्र, सूचना लिपिक रघुवंशमणि , इरशाद अहमद,विपुल,सहित जिला जन-सम्पर्क कार्यालय के कर्मी शामिल थे।

## संविधान व कानून पर चर्चा कार्यक्रम का विधि विशेषज्ञ एवं विधि अध्यापक ने किया समापन

प्रातः किरण संवाददाता



गया।नवादा विधि महाविद्यालय में दो दिवसीय भारत का संविधान और कानून पर चर्चा विधि विशेषज्ञ एवं विधि अध्यापक के द्वारा समापन किया गया है।इस सत्र मे भारत के संविधान देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर चर्चा करते हुए कहा, जो न्याय, स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे के सिद्धांतों पर आधारित है। 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ, यह संविधान भारत के नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करता है। इसमें मौलिक अधिकारों की सूची शामिल है, जो हर नागरिक को उनके मूलभूत अधिकारों की रक्षा करता है।कानून का पालन और व्यवस्था बनाए रखना संविधान का महत्वपूर्ण कार्य है। विधि छात्रों के लिए यह सेमिनार इस बात की गहन समझ विकसित करने का एक सुनहरा अवसर है कि कैसे संविधान और कानून समाज में न्याय सुनिश्चित करते हैं। यह सेमिनार न केवल विधि के छात्रों के लिए ज्ञानवर्धन करेगा, बल्कि उन्हें सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिए कानूनी दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित भी करेगा।इस संदर्भ में, अतिथियों का अनुभव और ज्ञान छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत होगा। सेमिनार आरंभ होने के पूर्व सभी अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर आरंभ किया गया है आए सभी आए हुए अतिथियों का महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉ डीएन मिश्रा के द्वारा विष्णुचरण अंगवस्त्र मेमंटो देकर स्वागत किया गया है इस सेमिनार को चाणक्य महाविद्यालय पटना के प्रोफेसर डॉ अजय कुमार सिंह महात्मा गाँधी विधि महाविद्यालय वाराणसी सेंट्रल यूनिवर्सिटी पवन कुमार मिश्रा पटना लॉ कॉलेज के प्रिंसिपल बनी भूषण पटना लॉ कॉलेज के सलीम जावेद अलवर लॉ कॉलेज राजस्थान राकेश कुमार के द्वारा सेमिनार को संबोधित किया गया है आज के सेमिनार में धमार्चार्य संतोष आनंद महाराज के द्वारा बौद्धिक प्रवचन किया गया समापन राष्ट्रीय गीत के साथ हुआ आज के सेमिनार में महाविद्यालय के सचिव कला देवी ,डॉ मनीष पंकज मिश्रा, मीना मिश्रा शहीद कई गणमान्य लोग उपस्थित होकर सेमिनार में शामिल हुए हैं। इस तरह का सेमिनार करने से छात्रों और अध्यापकों मे बेहतर ताल में होता है जो दिशा निर्देश विश्वविद्यालय के द्वारा दिया जाता है उसे दिशा निर्देश को त्वरित कार्रवाई करते हुए छात्रों का उज्जवल भविष्य के लिए इस तरह का सेमिनार और गोष्ठी करते रहते हैं इस दो दिवसीय गोष्ठी में नेहा कुमारी सपना कुमारी संतोष कुमार राजू मिश्रा मिराज आलम श्याम किशोर मिश्रा कल्पना कुमारी महेश मिश्रा बालमुकुंद पांडे कंगन सिंह सुनील मिश्रा डॉ अशोक कुमार वेदव्यास पांडे सहित सेमिनार को सफल कार्यक्रम में सहयोग किया गया है ।

## स्वच्छ गया, स्वच्छ पितृपक्ष 2024 में सफाई को लेकर नगर निगम सख्त

प्रातः किरण संवाददाता

गया ।नगर आयुक्त कुमार अनुराग द्वारा स्वच्छ गया स्वच्छ पितृपक्ष अभियान के सफल संचालन एवं उसके तहत की जा रही सफाई व्यवस्था की समीक्षा की गई एवं मेले क्षेत्र के कोरे जोन की व्यवस्था का पुनः निरक्षण किया गया है। आवारा पशुओं की समस्या मेले क्षेत्र में न दिखे को लेकर निगम के स्तर से कैटल कैचिंग टीम का गठन किया गया है जिसके नोडल सिटी मैनेजर हैं। गांधी मैदान क्षेत्र में जब दल के द्वारा कार्यवाही की जा रही थी एवं आवारा पशुओं को टेंट सिटी से पकड़ा जा रहा था तब एक पशु मालिक द्वारा कार्य में बाधा डालने का प्रयास किया गया है। उपरोक्त के आलोक में नगर आयुक्त द्वारा प्राथमिकी दर्ज करने हेतु निदेशित किया गया एवं सिटी मैनेजर द्वारा उपरोक्त व्यक्ति पर थाना में प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया अपनाई गई है। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया की गया शहर तभी साफ हो सकेगा जब इसमें जन भागीदारी हो। आवारा पशु एवं गंदगी एक सामूहिक समस्या है एवं निगम द्वारा उपरोक्त के आलोक में सख्ती से किसी भी अभियान का अनुपालन कराया जाएगा। गंदगी फैलाने एवं आवारा पशुओं के मालिकों से कड़ी आर्थिक दंड वसूली जाएगी और जरूरत पड़ने पर प्राथमिकी भी दर्ज कराई जाएगी। अभी तक, पशु कैचिंग टीम द्वारा मेले अवधि में 110 से जायदा आवारा पशुओं को पकड़ा गया है।इसमें और सख्ती लाने की जरूरत है। निरंतर, मच्छरों एवं डेंगू की समस्या को लेक-र फॉगिंग भी करवाई जा रही है। डेंगू प्रभावित क्षेत्र के अलावा निरंतर 3 वार्डो के रोस्टर के हिसाब से फॉगिंग करवाई जा रही है। साथ में, मेला क्षेत्र में निरंतर फॉगिंग की जा रही है। जिलाधिकारी, महापौर एवं नगर आयुक्त ने क्षेत्र भ्रमण में पाया की मेले के कोर एरिया में भीड़ काफी जायदा है। हजारों की संख्या में यात्री निगम के द्वारा लगाए गए पंशला का उपयोग रोजाना कर रहे हैं। इसके आलोक में अतिरिक्त पंशाला बस स्टैंड एरिया में, देव घाट में निगम द्वारा लगाया गया है। नगर आयुक्त ने देवघाट एवं सीताकुंड पथ में सफाई व्यवस्था का आंकलन किया।

## श्रीराम चरित्र मानस नवाह्न परायण पाठ तीन अक्टूबर से

प्रातः किरण संवाददाता

गया। शहर के केपी रोड स्थित डालमिया सदन मे एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें श्रीराम चरित्र मानस नवाह्न परायण यज्ञ समिति की बैठक हुई है इसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष प्रसिद्ध समाजसेवी सह व्यवसायी शिव कैलाश डालमिया उर्फ मुन्ना डालमिया ने की है।हर साल की तरह इस साल भी धामी टोला में तीन अक्टूबर को प्रभु श्रीराम का दरबार सजेगा, इसके साथ लक्ष्मण,सीता, हनुमान, गणेश के साथ साथ महर्षि वाल्मीकि का भी दर्शन कर सकेंगे। सबसे पहले दिन सुबह के समय कलश की स्थापना होगी, इसके बाद एक भव्य झांकी निकाली जाएगी,इस झाकी में अग्रेसन महराज की भी प्रतिमा भी होगी जिसे शहर के प्रमुख मार्गों से होकर जाएगी,इस दिन ही नवाह्न परायण पाठ शुरू होगा,इस पाठ के लिए मथुरा से श्री राधाकांत जी महाराज अपने 31देवो के साथ गया आएगे, इसके अलावा प्रतिदिन शाम में सात बजे से सुश्री वसुधा का प्रवचन भी होगा।इस बैठक का संचालन सचिव विनोद जयपुरिया ने की है।इस मौके पर अनंतधिश अमन आदी काफी संख्या में समिति के लोग उपस्थित थे।

# साहित्यसेवी ज्ञानेन्द्र मोहन ज्ञान के नेतृत्व में शब्दवीणा की शाहजहाँपुर जिला समिति (उ.प्र.) का हुआ गठन

प्रातः किरण संवाददाता




गया। राष्ट्रीय साहित्यिक-सह-सांस्कृतिक संस्था शब्दवीणा की उत्तर प्रदेश समिति के अंतर्गत शाहजहाँपुर जिला समिति का गठन शब्दवीणा की संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रो. रश्मि प्रियदर्शनी एवं संबंधित राष्ट्रीय पदाधिकारियों से प्राप्त अनुमोदन के उपरांत सम्पन्न हुआ है। जिला अध्यक्ष के रूप में शब्दवीणा शाहजहाँपुर जिला समिति का नेतृत्व कर रहे हैं ज्ञानेन्द्र मोहन ज्ञान, जो आयुध निमार्णी नालंदा, राजगीर बिहार में वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी पद से सेवानिवृत्त होकर वर्तमान में शाहजहाँपुर में रह रहे हैं। जिला उपाध्यक्ष के रूप में शब्दवीणा शाहजहाँपुर जिला समिति की कमान कवि अजय अवस्थी के हाथों में दी गयी है। जिला सचिव के रूप में विकास सोनी ऋतुराज तथा जिला संगठन मंत्री के रूप में विश्वनाथ विश्व को दायित्व सौंपा गया है। जिला कोषाध्यक्ष अभिषेक ठाकुर अधीर, जिला साहित्य मंत्री इशरत सगीर, एवं जिला प्रचार मंत्री रीतेश सिंह राहिल के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के शाहजहाँपुर जिले में भी शब्दवीणा के माध्यम से हिन्दी का प्रचार-प्रसार हो सकेगा। शाहजहाँपुर जिले में भी शब्दवीणा का परचम लहरायेगा।राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रश्मि ने समस्त शब्दवीणा परिवार की ओर से शाहजहाँपुर जिला समिति के शब्दवीणाधारी पदाधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। जिला अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र मोहन ज्ञान को अति सक्रिय, अनुभवी, कर्मशील तथा सजग हिन्दी साहित्यसेवी बताते हुए डॉ. रश्मि ने बड़े ही हर्ष के साथ कहा कि शब्दवीणा शाहजहाँपुर जिला समिति को शब्दवीणा के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष वरिष्ठ कवि सुरेश फक्कड़, प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश त्रिगुणायत, प्रदेश सचिव राजकुमार शर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री डॉ. पवन कुमार पांडेय, प्रदेश कोषाध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रेमी, कर्मठ प्रदेश साहित्य मंत्री अनुराग सैनी ह्यमुकुंद एवं प्रदेश प्रचार मंत्री अनुराग दीक्षित जी के साथ उत्तर प्रदेश निवासी शब्दवीणा के राष्ट्रीय उप साहित्य मंत्री डॉ. आनंद कुमार त्रिपाठी का भी विशेष स्नेह, सहयोग तथा मार्गदर्शन प्राप्त हो सकेगा।

## पितृपक्ष विशेषांक गया गीतिका के पांचवें अंक का हुआ शानदार लोकार्पण



प्रातः किरण संवाददाता

गया।शहर के आजाद पार्क स्थित गया जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन भवन में पितृपक्ष मेला विशेषांक गया गीतिका के पांचवें अंक का लोकार्पण सम्मेलन के सभापति जनकवि सु-रेंद्र सिंह सुरेंद्र, गया गीतिका के प्रधान संपादक इतिहासकार डॉ.राकेश कुमार सिन्हा रवि, गया कॉलेज गया के अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.श्रुति प्रिया,मुद्रिका सिंह,गजेंद्र लाल अधीर,उदय सिंह,राष्ट्रीय महिला परिषद की जिला मंत्री वीणा गिरी एवं सरिता त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से किया है।इस समारोह को संबोधित करते हुए विशेषांक के प्रधान संपादक डॉ.राकेश कुमार सिन्हाह्लरविह्न ने कहा कि गया नगर के लिए बड़े ही गौरव का विषय है की गया गीतिका के पांचवें अंक का प्रकाशन हुआ है।विशेषांक में गया जिले से जुड़े ऐतिहासिक पहलूओं एवं पितृपक्ष मेले के धार्मिक,सांस्कृतिक एवं पौराणिक महत्व के साथ भौगोलिक क्षेत्र का समावेश है।जिनमे शहर के साहित्यकारों, लेखकों एवं विद्वानों का आलेख समाहित है।यह विशेषांक पिंडदानियों को विस्तृत जानकारी एवं अतीत में गया जी पर शोध करने वाले शोधार्थियों के लिए लाभदायक सिद्ध होगा।

संपादक डॉ.ममता मेहरा ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गया गीतिका का यह अंक बड़ा ही स-ुंदर और आकर्षक है इसमें निहित पितृपक्ष मेले से जुड़ी बातें सचमुच में ज्ञानवर्धक और उपयोगी है। इस मौके पर राम परीखा सिंह, डॉ.प्रकाश कुमार गुप्ता,खालिक हुसैन परदेसी,चंद्रदेव प्रसाद केशरी,अमित कुमार,सहज कुमार सिंह,अश्वनी कुमार,नवीन कुमार गुप्ता,शशि प्रसाद,मणिलाल बारीक, टिब्लू सिंह,जैनेंद्र कुमार मालवीय,शंकर प्रसाद आदि लोग उपस्थित थे।सभा का संचालन अरविंद कुमार ने किया।अंत में धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभापति सुरेंद्र सिंह सु-रेंद्र ने कहा गया गीतिका का प्रकाशन के प्रकाशन में लगे प्रधान संपादक, प्रकाशक सहित सभी लोगों को अशेष शुभकामना है।सचमुच किसी पुस्तक का प्रकाशन एक बड़ी योजना है जिससे इन लोगों ने पूरा कर गया नगर का गौरववर्द्धन किया है।

# मढ़ौरा नगर में स्ट्रीट लाइट पर करोड़ों खर्च करने के बाद भी दुर्गा पूजा में रहेगा अंधेरा

प्रातः किरण संवाददाता



मढ़ौरा । त्योहारों का मौसम शुरू होने वाला है और इस बार भी मढ़ौरा नगर पंचायत को अंधेरे का सामना करना पड़ सकता है। इस कारण करोड़ों खर्च करने के बाद भी इस दुर्गा पूजा में भी नगर पंचायत अंधेरे में रहेगा। यह सवाल मढ़ौरा नगर वासियों के मन में उठने लगी है। नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में करोड़ों खर्च कर लगाई गई अधिकांश स्ट्रीट ला-इटे खराब है । त्योहारी सीजन श-ुरू होने ही वाला है किंतु अभी तक खराब परी स्ट्रीट लाइटों को नगर प्रशासन द्वारा नहीं बनाया जा सका है। नगर पंचायत के नव पदस्थापित कार्यपालक ने भी अपने योगदान के तुरंत बाद नगर पंचायत के विभिन्न वार्डो की खराब परी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत करने की घोषणा की थी। मगर वार्डों की खराब परी स्ट्रीट लाइटों को कौन कहे की मढ़ौरा मुख्य बाजार के मेंन रोड अमनौर रोड, थाना रोड, सब्जी मार्केट, स्टेशन रोड, एसडीओ आवास के आसपास, व अन्य कई जगहों पर भी स्ट्रीट लाइट ठीक नहीं की जा सकी। वार्ड नंबर 10 के पार्षद अमरजीत कुमार, वार्ड नंबर 11 के पार्षद चितरंजन कुमार सिंह, वार्ड नंबर 14 के पार्षद सत्येंद्र कुमार, अन्य कई वार्ड पार्षदों का कहना है कि उनके वार्ड में भी कई स्ट्रीट लाइट खराब है। जिसे ठीक करने का कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा घोषणा किया गया था। मगर अभी तक लाइटों को ठीक नहीं किया जा सका। प्राप्त जानकारी के मुताबिक यहां पिछले टर्म के दौरान जिन जनप्रतिनिधियों और मुख्य पार्षद उपमुख्य पार्षदो ने मढ़ौरा नगर पंचायत की कमान संभाली थी उनके द्वारा शहर को लाइटों से चकाचक करने के लिए से करीब 3 करोड़ 30 लाख से अधिक की स्ट्रीट लाइट लगाई गई थी। उसके बावजूद भी अन्य वार्ड को कौन कहे की मढ़ौरा के मुख्य बाजार मेन रोड पर भी स्ट्रीट लाइट ठीक नहीं है शाम होते ही शहर के कोने-कोने से लेकर मेन रोड पर अंधेरा छा जाता है। इधर पिछले 6 महीना पहले ही नगर प्रशासन के द्वारा डेढ़ करोड़ की लागत से करीब 2000 नई लाइटों की खर-ीदारी की गई थी। जिसे वार्ड नंबर 16 को छोड़कर सभी वार्डों में दो महीना पहले नई लाइट लगाई गई। मगर वार्ड पार्षदों के अनुसार उसमें 40 प्रतिशत लाइट ही जल रही है। वार्ड नंबर 6 के पार्षद प्रतिनिधि शोभित राय का कहना है। उनके वार्ड में दो महीना पहले 70 नई स्ट्रीट लाइट लगाई गई मगर आज एक भी लाइट नहीं जल रही है। सभी लाइटें खराब हो गई है। उधर इस संबंध में पूछे जाने पर कार्यपालक पदाधिकारी बबलू कुमार ने बताया कि त्योहारी सीजन को देखते हुए मढ़ौरा नगर की खराब परी सभी स्ट्रीट लाइटों को जांच करवा कर अभिलंब ठीक करने का काम किया जाएगा।

## चोरी की मोटरसाइकिल सहित दो गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता

लहलादपुर। जनता बाजार थाना की पुलिस ने अपने थाना के निकट वाहन चेकिंग के दौरान चोरी की एक मोटरसाइकिल सहित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया. गिरफ्तार अभियुक्तों में सारण जिले के जनता बाजार थाना क्षेत्र के पंडितपुर गांव निवासी उपेंद्र कुमार व सिवान जिले के भगवानपुर हॉट थाना क्षेत्र के ढोढ़पुर गांव निवासी रविशंकर कुमार उर्फ दीप शामिल है. गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि बरामद मोटरसाइकिल सिवान से चोरी की गई है, जिसे बेंचने के लिये लाये थे.

## एनएच 31 पर जल्द मरम्मत होने से दोपहिया व चारपहिया वाहनों का परिचालन शुरू होने की सम्भावना

प्रातः किरण संवाददाता

माँझी। सरयु नदी में आई बाढ़ के पानी के अत्यधिक दबाव की वजह से बुधवार की रात हुए सीमावर्ती उत्तर प्रदेश स्थित चांद दीयर पुलिस चौकी के समीप ध्वस्त एनएच 31 के भाग को मिट्टी एवम रोड़ा पत्थर आदि डालकर जोड़ दिया गया हालाँकि टूटी सड़क के बांध के समतलीकरण अथवा सिरे पर बोल्डर पीचिंग का कार्य कल सुबह तक पूरा होने की संभावना है। जानकर सूत्रों के अनुसार सोमवार से दोपहिया व चारपहिया वाहनों का परिचालन शुरू कर दिया जाएगा। हालाँकि भारी वाहनों के आवगमन चालू होने में अभी एक सप्ताह तक का समय लगने की संभावना है। बलिया जनपद शासन द्वारा जेसीबी क्रेन व दर्जनों हाइवा व मजदूरों की सहायता से युद्धस्तर पर चलाई जा रही सड़क मरम्मती की वजह से रविवार की देर शाम तक बैरियर लगाकर दोपहिया अथवा पैदल यात्रियों के आवागमन पर पुलिस द्वारा रोक लगा रखी गई थी। हालाँकि पैदल यात्रियों को नौका के सहारे नदी के भाग को पार कराया जा रहा था। इधर यूपी बिहार के बीच टूटी सड़क की मरम्मति के बाद एक बार फिर से आवागमन शुरू होने को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्सुकता देखने को मिल रही है। लोग टूटी सड़क की मरम्मति तथा परिचालन के शीघ्र शुरू होने का फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर खूब शेयर कर रहे हैं तथा मरम्मति स्थल पर लोगों की भारी भीड़ लगी हुई थी।

## फर्जी तरीके से दूसरे की जमीन की घेराबंदी करने के संबंध में प्राथमिक की दर्ज , पुलिस मामले जांच में जुटी

दिघवारा नगर।थाना क्षेत्र के रामदासचक गांव में फर्जी कागजात बनाकर दूसरे की जमीन को अपनी बता कर मनरेगा के तहत लोहे के एंगल व कांटा तार से घेराबंदी करने को लेकर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है।दर्ज प्राथमिकी के अनुसार रामदासचक निवासी श्रीनिवास सिंह ने बताया है कि गांव में मेरे पिता के नाम से मेरा जमीन है जिसे रामदासचक के अनिल सिंह पिता महेश्वर सिंह के द्वारा जमीन का फर्जी कागजात बनाकर मनरेगा से लोहे का एंगल व कांटा तार से घेराबंदी कर कब्जा करने का प्रयास किया गया।

## एसएसपी पैदल ही कर रहे हैं पितृपक्ष मेला का निरक्षण



प्रातः किरण संवाददाता

गया। गया के एसएसपी आशीष भारती दोपहर में पितृपक्ष मेला 2024 के लिए बनाए गए यातायात नियमों नो व्हीकल जोन का पालन करते हुए पैदल ही चांद चौराह से विष्णुपद मंदिर, देवघाट, शमशान घाट, रबड़ डैम सहित पूरे मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया है।इस दौरान एसएसपी ने स्वयं देश-विदेश से आए हुऐ तीर्थ यात्रियों से पितृपक्ष मेला में गया पुलिस द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में फीडबैक लिया है। सभी तीर्थयात्रियों,श्रद्धालुओं ने गया पुलिस द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की है। इस निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने विष्णुपद मंदिर के अंदर भीड़ देखकर वहां पर स्थापित पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों को प्रेरित करते हुए स्वयं भीड़ को नियंत्रण करने लगे। इस दौरान एसएसपी आशीष भारती ने प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों को अपने कर्तव्यों के निर्वहन में और अधिक सजग और प्रभावी बनने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। इसके अतिरिक्त एसएसपी ने वहां सेवा भाव से कार्य कर रहे एनसीसी कैडेट्स से व्यक्तिगत रूप से मिलें, कार्य की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं है।

# डीएम ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव को सिताकुंड मंदिर दर्शन कराई

प्रातः किरण संवाददाता



गया। पितृपक्ष मेला 2024 दिनांक 17 सितंबर से प्रारंभ है। आज से लगातार अगले 4 दिनों तक देवघाट एव सीताकुंड में पिंड दान करने का परंपरा है। जिसके चलते सीताकुंड एव देवघाट में काफी भीड़ देखी जा रही है। डीएम गया डॉ० त्यागराजन एसएम सीताकुंड पहुच कर मेला क्षेत्र में यात्रियों को दिए जाने वाली सुविधाओं का जायजा लिया है। इसी बीच पिंड दान करने आये उत्तर प्रदेश के प्रशासन के बड़े महकमा से पिछले एक माह पहले मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश के पद से रिटायर हुए डॉ० डी०एस० मिश्रा जो पिंड दान करने आये हैं ।उनका स्वागत करते हुए सीताकुंड में मंदिर का दर्शन करवाया है।इसके पश्चात नाव से गया जी डैम, सीताकुंड आदि का अवलोकन करवाया। डीएम ने राज्य सरकार द्वारा पिंडदानियों के लिये उपलब्ध करवाए जा रहे हैं इस व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से अवगत कराया है ।उन्होंने यह भी बताया कि पहले फल को नदी सूखी नदी रहती थी परंतु 2022 में गया जी डैम का निर्माण करवा कर राज्य सरकार ने सालों भर पानी उपलब्ध रखने की व्यवस्था कराई है।सेवा निवृत्त मुख्य सचिव ने राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यहां काफी सुखद अनुभूति प्राप्त होती है ।उसके साथ ही साथ राज्य सरकार द्वारा यात्रियों के हित में हर प्रकार की व्यवस्थाओं को मुकम्मल करवा रहा है। इसमें सबसे अच्छी बात यह है कि अब पिंड दानियों को तर्पण हेतु सालों भर पानी मिल रही है, इससे बड़ा चीज और कुछ भी नहीं है ।जिला पदाधिकारी ने अवगत कराया की पिछले साल सीता पथ का निर्माण करवा कर देवघाट और सीता कुंड को पुल के माध्यम से जोड़ने का कार्य राज्य सरकार ने किया है। इसके अलावा हर घरों तक गंगाजल पेयजल के रूप में उपलब्ध करवाने का कार्य किया है। इसके अलावा विष्णुपद मंदिर पहुंचने के लिए बिना संक्रिन सड़क एवं गलियों को घूमे बिना, बिना ट्रैफिक जाम की समस्या से बचते हुए बाईपास पुल से नया एप्रोच रोड का लोकार्पण इस वर्ष मुख्यमंत्री ने किया है ।इस पाथवे का नाम विष्णुपथ है, इससे लोग अब सीधे घाट पर तर्पण एवं मंदिर में दर्शन कर रहे हैं। यह पाथवे के निर्माण होने से काफी हद तक ट्रैफिक रेगुलेशन सामान्य हुआ है। डीएम ने सेवानिवृत्ति मुख्य सचिव को विष्णुपद मंदिर दर्शन करवाया। उन्होंने जिला पदाधिकारी एवं जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि इतनी बड़ी भीड़ को मैनेज करना काफी चलेंगे रहता है, जिसे जिला प्रशासन ने बखूबी रूप से निभा रहा है। इसके लिए पूरा प्रशासन का तंत्र धन्यवाद के पात्र हैं। साफ सफाई की काफी उत्तम व्यवस्था है। चुकी गया जी डैम में लवा- लव पानी है इसे देखते हुए नदी के दोनों साइड लगातार एसडीआरएफ एवं गोताखोर भ्रमणशील है यह काफी काबिले तारीफ है जो किसी भी अनहोनी को तुरंत काबू पाने में सक्षम है। मंदिर के बाहर एव मंदिर के अंदर काफी भीड़ को देख डीएम सुबह से दोपहर 01 बजे तक मंदिर गर्व गृह, सोलह वेदी, मंदिर के निकास द्वार, मंदिर के एंट्रेंस गेट आदि में लगातार खड़े रहकर घूम घूम कर पिंडदानियों को कतार में एंट्री, मंदिर दर्शन आदि करवाते रहे। जहां कहि एक जगह भीड़ का मूवमेंट चौक हो जाता, तुरन्त वहां उस पॉइंट पर पहुच कर भीड़ को मूवमेंट करवाते रहे। यही शिल शिला दोपहर 01 बजे तक चलता रहा है। चुकी पिंड दान करने ज्यादातर भुजुर्ग रहते हैं ऊपर से भूखे प्यासे पिंडदान एव तर्पण करते हैं। लाजमी है कि कुछेक यात्री को चक्कर आएगा। इसी बीच 2-3 यात्रियों को अलग अलग स्पॉट पर चक्कर आया, डीएम ने स्वयं उन यात्रियों को मेडिकल कैम्प तक लेकर जाते रहे, अपनी देख रेख में उनकी पूरी इलाज भी करवाया। डीएम स्वमं मेडिकल कैम्प में बैठे रहे, इलाज की पूरी प्रोसेस को भी देखा गया है। डीएम में हेल्थकेयर में मौजूद चिकित्सकों की टीम को निर्देश दिया कि यह इस जगह पर हेल्थ कैंप काफी महत्वपूर्ण बिंदु है यहां पर कोई भी शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# छज्जा गिरने से दो व्यक्ति की मौत, पूरे गावं में मातम

## परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल

प्रातः किरण संवाददाता



जमुई/ ई०अलीगंज । सिकंदरा थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरसण्डा पंचायत के ऋषिडीह गांव में शनिवार की देर रात आयोजित एक निजी कार्यक्रम के दौरान घर का छज्जा गिरने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि आठ व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घायलों को ग्रामीणों के मदद से आनन फानन में इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां सभी घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल जमुई रेफर कर दिया ।जहां सदर अस्पताल पहुंचने पर एक व्यक्ति को जांचोपरांत डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जबकि इस हादसे में कुल सात अन्य लोग का इलाज अलीगंज और जमुई के निजी क्लिनिक में किया जा रहा है। मृतकों में ऋषिडीह गांव निवासी 55 वर्षीय जोगिंदर यादव और 52 वर्षीय जद्दु यादव बताए जा रहे हैं। जबकि घायलों में अशोक यादव, कौशल यादव, सोनू साव, दरमन यादव, ईश्वर यादव, चानो यादव और अधिक यादव शामिल है।

बताया जा रहा है कि यह हादसा ऋषिडीह गांव में शनिवार की देर रात एक कार्यक्रम के दौरान घटी है। कार्यक्रम देखने के लिए दो लोग छज्जा पर बैठे थे और बाकी लोग नीचे बैठकर कार्यक्रम देख रहे थे। तभी छज्जा जर्जर होने के कारण उसपर पर बैठे दो व्यक्ति के साथ ही नीचे बैठे लोगों पर गिर गए। जिससे कुछ देर के लिए वहां अफरा तफरी का माहौल बन गया। इस घटना से पुरे गाँव मे मातम का माहौल है,मृतक के परिजनों ने रोरो कर कह रही थी की अब हम सब केकर सहारे जिवे हो भगवान,वहीं दोनों मृतक भरा पूरा परिवार छोड़ गया, मृतक जागो यादव के 2 पुत्र एवं 3पुत्री वहीं जगदीश यादव के 2 पुत्र 1 पुत्री है,

# गंगा के जलस्तर में कमी, लोगों ने ली राहत की सांस

● तटवर्ती इलाके के उतर में अभी भी बढ़ रहा बाढ़ का पानी

प्रातः किरण संवाददाता





डोरीगंज। सदर व गड़खा प्रखंड के दक्षिणी इलाकों में बाढ़ का पानी कम हुआ लिहाजालोगों ने राहत की सांस ली तो उत्तरी भाग के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैलना शुरू हो रहा है। जिससे सदर प्रखंड के चिरांद,जलालपुर पंचायत के हिस्सों में पानी धीरे-धीरे फैल रहा है। वहीं पंचपटिया देवरिया मार्ग, पंचपटिया बसंत मार्ग पर भी पानी चढ़ गया है। जिससे पंचपटिया , देवरिया, मधुपुर,छोट झौंवा आदि गांवों का गड़खा जाने का रास्ता बंद हो जाने से आवागमन में परेशानी हो रही है। वहीं दक्षिणी भागों में फैले पानी कम हो रहे हैं और ग्रामीण सड़कों पर से पानी उतरना शुरू हो गया है। लेकिन अभी भी दर्जनों वैसे घर है जिसमें अभी भी बाढ़ का पानी फैला हुआ है। या फिर पानी निकलने के बाद भी घर गीला पड़ा हुआ है। जिससे उन्हें अभी भी एन एच -19 पर आश्रय लेकर रहना पड़ रहा है। वहीं पानी निकलने के बाद तेज धूप के कारण सड़ रहे घास फूस व फसलों की बदबू आ रही है। इन सभी इलाकों में महामारी फैलने की आशंका भी बनी हुई है। वहीं किसानों को मवेशियों के लिए चारे की समस्या सता रही है।

# एलजी ने पेश किया मेगा कंज्यूमर प्रमोशन प्रोग्राम




प्रातः किरण संवाददाता

पटना/नई दिल्ली। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स अपने मेगा कंज्यूमर प्रमोशन प्रोग्राम इंडिया का सेलिब्रेशन के साथ इस दिवाली को रोशन करने के लिए तैयार है। इस प्रमोशन प्रोग्राम में 51 करोड़ रुपए के उपहार और ग्राहकों के लिए हर दिन एलजी ड्रीम होम पैकेज जीतने का मौका मिलेगा, जिसमें साइड-बाई-साइड रेफ्रिजरेटर, ओएलईडी टीवी, फ्रंट लोड वॉशिंग मशीन, माइक्रोवेव ओवन, वाटर प्यूरीफायर और एयर कंडिशनर शामिल हैं। वहीं लाइफ्स गुड ऑफर्स के हिस्से के रूप में ग्राहक चुनिंदा मॉडल्स पर 26,000 रुपए तक के डिस्काउंट के साथ 26 प्रतिशत तक का कैशबैक हासिल कर सकते हैं। खरीदारी को और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए फिक्स ईएमआई के साथ आसान ईएमआई विकल्प की पेशकश कर रहा है। कंपनी के एमडी होंग जू जियोन ने कहा कि इंडिया का सेलिब्रेशन के माध्यम से हम ग्राहकों को अपने अभिनव और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के साथ अपने घरों को ज्यादा सुंदर और वेलकमिंग बनाने का अवसर प्रदान करना चाहते हैं। कंपनी इस त्योहारी सीजन में आकर्षक उपभोक्ता ऑफर और सुनिश्चित उपहार के साथ उत्पादों का एक विस्तृत पोर्टफोलियो पेश कर रही है, जो उपभोक्ता अनुभव को खास बनाएगा।

# जमालपुर-भागलपुर रेलखंड पर पुल संख्या 195 के ग्रिडर तक बाढ़ का पानी पहुंचने के कारण परिचालन बाधित

प्रातः किरण संवाददाता



हाजीपुर। जमालपुर-भागलपुर रेलखंड के सुलतानगंज और रतनपुर स्टेशनों के मध्य पुल सं.-195 के ग्रिडर तक बाढ़ का पानी पहुंच जाने से रात्रि 23.45 बजे से इस रेलखंड पर ट्रेनों का परिचालन बाधित हो गया है। इस कारण निम्नलिखित ट्रेनों का परिचालन रद्द/परिवर्तित मार्ग से किया जा रहा है -

### दिनांक 22.09.2024 का खुलने वाली रद्द की गयी ट्रेनें

1.गाड़ी सं. 13016/13015 जमालपुर-हावड़ा-जमालपुर एक्सप्रेस
2.गाड़ी सं. 03406/03405 जमालपुर-भागलपुर-जमालपुर पैसेंजर
3.गाड़ी सं. 05416/05415 जमालपुर-साहिबगंज-जमालपुर पैसेंजर
4.गाड़ी सं. 03460/03459 जमालपुर-भागलपुर-जमालपुर पैसेंजर
5.गाड़ी सं. 05408 जमालपुर-रामपुर हाट पैसेंजर

### परिवर्तित मार्ग से चलायी जाने वाली ट्रेनें

1.दिनांक 21.09.24 को कामाख्या से खुल चुकी गाड़ी सं. 15658 कामाख्या-दिल्ली ब्रह्मपुत्र मेल का परिचालन परिवर्तित मार्ग कटिहार-बरौनी के रास्ते

### आंशिक समापन/प्रारंभ कर चलायी जाने वाली ट्रेनें

1.दिनांक 21.09.24 को जयनगर से खुल चुकी 15554 जयनगर-भागलपुर एक्सप्रेस का आंशिक समापन बरौनी में ।
2.दिनांक 22.09.24 को भागलपुर से खुलने वाली 15553 भागलपुर-जयनगर एक्सप्रेस का आंशिक प्रारंभ बरौनी से ।
3.दिनांक 21.09.24 को रांची से खुल चुकी वाली 18604 गोड्डा-रांची एक्सप्रेस का आंशिक समापन जमालपुर में ।
4.दिनांक 22.09.24 को गोड्डा से खुलने वाली 18604 गोड्डा-रांची एक्सप्रेस का आंशिक प्रारंभ जमालपुर से ।
5.दिनांक 21.09.24 को मुजफ्फरपुर से खुल चुकी 13420 मुजफ्फरपुर-भागलपुर जनसेवा एक्सप्रेस का आंशिक समापन किउल में ।
6.दिनांक 22.09.24 को भागलपुर से खुलने वाली 13419 भागलपुर-मुजफ्फरपुर जनसेवा एक्सप्रेस का आंशिक प्रारंभ किउल से ।
7.दिनांक 22.09.24 को हावड़ा से खुलने वाली 13031 हावड़ा-जयनगर एक्सप्रेस का आंशिक समापन कहलगांव में । 8.दिनांक 23.09.24 को जयनगर से खुलने वाली 13032 जयनगर-हावड़ा एक्सप्रेस का आंशिक प्रारंभ कहलगांव से ।

# इसुआपुर में ग्रामीणों ने युवक को पीट-पीटकर मार डाला

प्रातः किरण संवाददाता

इसुआपुर । स्थानीय थाना क्षेत्र के अगौथर नंदा गांव में ग्रामीणों ने एक युवक का हाथ पैर बांध दिया। वहीं लाठी डंडे से पीट-पीटकर तथा ईंट पत्थर से कुंच-कुंचकर मार डाला। मृतक उसी गांव के स्वर्गीय लक्ष्मण महतो का 25 वर्षीय पुत्र जीतू कुमार है। घटना शनिवार की देर शाम की बताई जा रही है। बेटे को बेरहमी से पिटते देख माता बुच्ची कुंवर ने इसकी सूचना इसुआपुर पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने वहां पहुंचकर अचेतावस्था में पड़े युवक को इलाज के लिए सीएचसी इसुआपुर ले आई। जहां से चिकित्सको ने उसे सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान युवक जीतू ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद लाश को परिजनों को सौंप दिया। घटना की प्राथमिकी मृतक की मां बुच्ची कुंवर ने इसुआपुर थाने में दर्ज कराई है। मृतक की विधवा काजल देवी, 3 वर्षीया पुत्री सलोनी कुमारी, 2 वर्षीया पुत्री कुसुम कुमारी तथा मृतक की माता का रो-रो कर हाल बुरा था । मृतक परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य था। दर्ज प्राथमिकी में घटना का कारण पुरानी दुश्मनी बताया जा रहा है।

# विष्णुपद के पास 47 वर्षो से डालमिया परिवार पिंडदानियों को करा रहा भरपेट भोजन



प्रातः किरण संवाददाता

गया।श्री लक्ष्मी नारायण विश्वनाथ डालमिया सेवा समिति की ओर से समाजसेवी शिवराम डालमिया की पुण्य स्मृति में पितृपक्ष मेले में आए हुए पिंडदानियों एवं श्रद्धालुओ के लिए विष्णुपद मार्ग स्थित कामाख्या मंदिर के सामने निशुल्क भोजनालय चल रहा है। तीर्थयात्रियों को भरपेट भोजन कराया जा रहा है,जिससे दूसरे प्रदेशों में गया कि एक बेहतर छवि बन रही है। समाजसेवी शिवराम डालमिया के द्वारा पितृपक्ष के दौरान किए गए कार्यों को याद करते हुए कहा की वे निस्वार्थ पूर्वक तीर्थयात्रियों और समाज के सभी वर्गों का ख्याल रखा। मौके पर उषा डालमिया ने बताया कि लगातार 47 वर्षों से पिंडदानियों के लिए निशुल्क भोजनालय चलाया जा रहा है। जहां लगातार 15 दिनों तक तीर्थयात्रियों के बीच चावल-दाल, पुड़ी-सब्जी जलेबी और हलवा का वितरण किया जाएगा। पिंडदान करने के बाद थके हारे पिंडदानी भूख प्यास से व्याकुल रहते हैं इसके लिए उन्हें ताजा और गर्म भोजन दिया जा रहा है। इस पुनीत कार्य में अमित कुमार, अजय मोहन दास पूरे तन मन के साथ पिंडदानों की सेवा में दिन-रात जुटे हुए हैं।

# गंगा नदी का थमा पानी, जारी है घाट किनारे रहने वालों की परेशानी

■ लोगों के घर व झोपड़ियों में जलीय जीव-जंतु, कीड़े मकोड़े व सांप का सता रहा भय

प्रातः किरण संवाददाता



पटना सिटी। गंगा के जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि के बाद अब पानी का बढ़ना थम सा गया है। इसके बाद भी बढ़े पानी के कारण लोगों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रहा है। स्थिति यह है कि कंगन घाट, हीरानंद साह घाट, किला रोड घाट, दमराही घाट, पत्थर घाट, पीरदमरिया घाट, दमराही घाट सहित अन्य गंगा घाट के किनारे रहने वालों की मुश्किलें घरों व सड़कों पर पानी जमा होने के कारण कायम है। पानी के बीच ही लोगों का आना-जाना और दिनचर्या हो रहा है। कंगन घाट सड़क पर पानी थोड़ा घटा है, मगर कंगन घाट गुरुद्वारा मार्ग में अब पानी लहर मार रहा है। पानी में ही पैदल आवाजाही करने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है. प्रशासन ने बेरेकेटिंग करा वाहनों का परिचालन रोक दिया है। घाट के पास रहने वाले लोग डरे हैं। लोगों का कहना है कि गंगा के जलस्तर में वृद्धि से घरों में भी पानी आ गया है। इससे घर से बाहर निकलने और पशु के लिए चारा की व्यवस्था करने में परेशानी हो रही है। सांप और तरह-तरह के जलीय जीव-जंतु और कीड़े-मकोड़े का प्रकोप बढ़ा है। प्रशासन ने चौकसी बढ़ा दी है। एसडीओ सत्यम सहाय ने बताया कि गंगा के जलस्तर में हो रही वृद्धि पर निगरानी की जा रही है। एसडीआरएफ को भी निर्देशित किया गया है। अचंलाधिकारी व थानाध्यक्षों के साथ वह खुद निगरानी कर रहे हैं। गंगा स्नान करने वालों के साथ पूजा पाठ करने वालों की मुश्किलें भी बढ़े जलस्तर से बढ़ गयी है।

# दशहरा पर प्रतिमा बैठाने व विसर्जन के लिए लेना होगा लाइसेंस, नो डीजे अलाउ

■ दुर्गापूजा को ले सुल्तानगंज व मालसलामी थाना में शांति समिति की बैठक

प्रातः किरण संवाददाता

पटना सिटी। आगामी तीन अक्टूबर से शुरू होने वाला दुर्गापूजा को लेकर सुल्तानगंज थाना एवं मालसलामी थाना परिसर में शांति समिति एवं पूजा समिति आयोजकों के साथ बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता थानाध्यक्ष अजय कुमार एवं राजकुमार सिंह ने की। बैठक में उपस्थित सभी पूजा समिति आयोजकों को निर्देश दिया गया है कि मूर्ति स्थापित एवं विर्सजन के लिए थाना से 20 सदस्यों का मोबाइल नम्बर, फोटो एवं आधार कार्ड के साथ लाइसेंस जमा करके लेना भी होगा। लाइसेंस में दिए गए निर्देशांनुसार तिथि, समय और रूट के अनुसार मूर्ति विर्सजन करना होगा। जूलूस में अस्त्र-शस्त्र ले जाना और प्रदर्शन करना, उत्तेजित व भड़काऊ नारा लगाने पर सख्त प्रतिबंध रहेगा। डीजे बजाते पाए जाने पर जब्त कर लिया जाएगा और जुलूस आयोजकों पर कार्रवाई के साथ लाइसेंस को भी रद्द कर दिया जाएगा।

# गंडक नदी से दो महिलाओं समेत डूब रहे चार बच्चों को गोताखोरों ने बचाया

● संतरा खातून व नीतू कुमारी की स्थिति गंभीर है । जिन्हें स्थानीय लोगों द्वारा इलाज के लिए बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है

प्रातः किरण संवाददाता

बगहा। बगहा शहर के शास्त्रीनगर वार्ड नंबर 15 के पास गंडक नदी के किनारे लकड़ी चुन रहे चार बच्चे नदी में डूबने लगे । बच्चों को नदी में डूबते देख बचाने गई दो महिलायें भी नदी में डूबने लगी जिसे स्थानीय गोताखोरों की मदद से सभी को सुरक्षित नदी से बाहर निकाल लिया गया है । लेकिन संतरा खातून व नीतू कुमारी की स्थिति गंभीर है । जिन्हें स्थानीय लोगों द्वारा इलाज के लिए बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सक डा.एसपी अग्रवाल ने बताया कि नदी में डूबे दोनों की स्थिति चिंता से बाहर है फिर भी उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। इधर वार्ड नंबर 15 के पार्षद राकेश कुमार ने बताया कि मोहल्ले के विनोद बैठा की पुत्री पिंकी 12वर्ष,गोविंद बैठा की पत्नी रिंकू देवी 35 वर्ष, फिरोज आलम की पुत्री गुलाअफसा खातून 13 वर्ष व अन्य गंडक नदी के किनारे लकड़ी चुन रहे थे। तभी इन बच्चों का पैर फिसल गया और तीनो नदी में जा गिरे। इन्हें डूबता देख फिरोज अंसारी की पत्नी संतरा खातून 35 वर्ष और नीतू कुमारी 14 वर्ष उन्हें बचाने के लिए नदी में कूद गए। डूब रहे सभी बच्चे इन दोनों लोगों के सहारे नदी से तो बाहर निकल आए। लेकिन ये दोनों नदी में डूबने लगे। दोनो को नदी में डूबते देख स्थानीय लोगों के द्वारा इन्हें सुरक्षित नदी से बाहर निकाल लिया गया। तब तक उनकी स्थिति बिगड़ चुकी थी। ऐसी स्थिति में दोनो को स्थानीय लोग द्वारा इलाज के लिए बगहा अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक डा. एसपी अग्रवाल दोनों के इलाज में जुटे है।

# विद्युत स्पर्शाघात से पिता-पुत्र झुलसे, पिता की हुई मौत



● खेत के पटवन के दौरान हुई यह घटना

प्रातः किरण संवाददाता

दरियापुर ।स्थानीय थाना क्षेत्र के खजौता गांव में बिजली चालित मोटर से धान की फसल की सिंचाई के दौरान करंट की चपेट में आने से पिता पुत्र झुलस कर घायल हो गए ।जिसमें पिता की मौत इलाज के लिए अस्पताल ले जाने के क्रम में रास्ते में हो गई ।मृतक रामजी राय का 46 वर्षीय पुत्र झरीलाल राय दरिहरा चतुर्भुज का रहने वाला था ।वही उसका पुत्र 16 वर्षीय विशाल कुमार घायल हो गया है ।जिसका इलाज सदर अस्पताल हाजीपुर में चल रहा है ।मृतक का खेत पड़ोस के खजौता गांव में परता है ।वहां उसने धान की खेती की थी ।रविवार को वह अपने पुत्र के साथ धान का पटवन करने के लिए मोटर लेकर पहुंचा ।परिजनों ने बताया कि बिजली के पोल से एक तार पहले से लटका हुआ था ।जिसमें स्पर्श कर जाने के कारण पिता पुत्र झुलस गए ।परिजन उन्हे स्थानीय सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए ले जा रहे थे ।तभी झरीलाल राय ने रास्ते में दम तोड़ दिया ।जबकि उसके पुत्र विशाल को इलाज के बाद चिकिसकों ने सदर अस्पताल हाजीपुर रेफर कर दिया ।पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया है ।उधर मौत की घटना के बाद परिजनों में रूदन क्रंदन मच गया ।जिससे माहौल पूरी तरह से गमगीन हो गया है ।मृतक को दो पुत्र व दो पुत्री है ।जिसमें एक पुत्री की शादी हो चुकी है ।अन्य बच्चे अभी छोटे हैं तथा पढ़ाई करते हैं ।मृतक खेतीबाड़ी कर परिवार का भरण पोषण करता था ।उसकी मौत के बाद पूरा परिवार बेसहारा हो गया है ।पत्नी,बच्चों सहित सभी घरवालों का रोने से बुरा हाल है ।

# धार्मिक तीर्थयात्रा के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रम :- गोपाल विद्यार्थी` हिंदू धर्म रक्षक संगठन एवम मध्यदेशीय वैश्य सभा की और से शनिवार के शाम निजी बस द्वारा एक धार्मिक तीर्थयात्रा जत्था विभिन्न धार्मिक स्थलों की यात्रा के लिए रवाना हुआ। जत्थे की रवानगी से पूर्व सभी श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके बाद जत्थे में शामिल भक्तजन बाजार स्थित महावीर मंदिर के पास से तीन दिवसीय यात्रा के लिए बस को रवाना किया । इसको लेकर समाज सेवक हिंदू धर्म रक्षक संगठन के बिक्रम मंडल के सदस्य गुड्डू कुमार गुप्ता ने धार्मिक रस्मों के बाद जत्था रवाना किया। गुड्डू गुप्ता ने बताया कि वह हर साल धार्मिक यात्रा करते हैं. युवाओं को अपने सनातन धर्म को समझना एवम् मंदिर का भ्रमण जरूरी है सभी तीर्थ यात्रियों को शुभकामनाए एवम् मंगल कामनाएं की। इस बार यह श्रीअयोध्या धाम श्रीराम मंदिर , हनुमानगढ़ी, विंध्यवासनी माता भवानी, अष्टभुजी , काशी विश्वनाथ मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थानों के दर्शन कर वापस लौटेंगे। मौके पर पूर्व अध्यक्ष अमर गुप्ता, विष्णु सोनी, सुनील कुमार, कमल गुप्ता , अशोक कुमार, अरविंद कुमार, मनोज कुमार गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद थे.

# निगरानी विभाग वरीय पदाधिकारियों की लापरवाही उजागर

## निगरानी संवर्ग में बहाल 2014 बैच के पुलिस अवर निरीक्षक व पुलिस उपाधीक्षक का प्रमोशन अटका

प्रातः किरण संवाददाता

गया ।बिहार सरकार के निगरानी विभाग में पद खाली रहते हुए भी वरीय पदाधिकारीयों के घोर लापरवाही एवं अनियमितता के कारण अभी तक प्रमोशन पेंडिंग पड़ा है, जबकि सरकार ने इसकी अधिसूचना पहले ही जारी कर दिया है।

2012 में निगरानी विभाग द्वारा निगरानी संवर्ग का गठन 24 अगस्त 2012 में किया गया, जिसमें पुलिस अवर निरीक्षक के 09 पद एवं पुलिस उपाधीक्षक के 11 पदों का सृजन किया गया।

2014 में बिहार कर्मचारी चयन आयोग द्वारा स्नातक स्तरीय विज्ञापन के माध्यम से पुलिस अवर निरीक्षक की भरती का विज्ञापन आया, जिसमें 09 पद निगरानी संवर्ग के पुलिस अवर निरीक्षक का भी था।

2018 में पुलिस अवर निरीक्षक एवं पुलिस उपाधीक्षक दोनों निगरानी विभाग में योगदान देते हैं, एवं 2018 से 20 तक बिहार पुलिस अकादमी राजगीर में अन्य पुलिस अवर निरीक्षक एवं पुलिस उपाधीक्षक के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। वर्तमान में ये सभी निगरानी अन्वेषण ब्यूरो तथा विशेष निगरानी इकाई में पदस्थापित है।

हद तो यह देखिए की निगरानी विभाग में कुल 57 पुलिस निरीक्षक का पद होते हुए भी मात्र 03 पुलिस अवर निरीक्षक का पदोन्नति इंस्पेक्टर पद पर हुआ, जो कहीं से समानुपातिक नहीं है। जबकि वर्तमान में 57 इंस्पेक्टर में से 22 इंस्पेक्टर गृह विभाग से प्रतिनियुक्ति पर निगरानी विभाग में आये हैं, 32 पुलिस निरीक्षक का पद खाली पड़ा है, फिर भी निगरानी संवर्ग के पुलिस अवर निरीक्षक का पदोन्नति नहीं हुआ है ।निगरानी के नियमावली में आगे कोई प्रोन्नति का प्रावधान नहीं है। जबकि साथ में प्रशिक्षण लेने वाले गृह विभाग के सार्जेंट , प्लाटून कमांडर एवं अग्निशमन पदाधिकारी सभी को पदोन्नति का लाभ मिल चुका है। सभी इंस्पेक्टर बन चुके हैं। निगरानी के नियमावली में स्पष्ट प्रावधान नहीं है, कि पुलिस संवर्ग का प्रोन्नति किस प्रकार होगा। मात्र 03 पद इंस्पेक्टर का है। बाकी सभी पुलिस अवर निरीक्षक बिना एक भी प्रमोशन लिए रिटायर हो जाएंगे। इन सभी त्रुटियों को देखते हुए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 2017 में एक आदेश जारी किया गया था जिसमें साफ शब्दों में लिखा था की निगरानी संवर्ग से बहाल हुए कर्मचारीयों को कम से कम 50% सभी पदों का लाभ दिया जाए, लेकिन वरीय पदाधिकारियों की लापरवाही की वजह से आज तक कोई अमल नहीं हुआ है।

इस सम्बन्ध में निगरानी विभाग के प्रधान सचिव को अनेकों बार पत्र लिखा जा चुका है। पटना उच्च न्यायालय में एक रिट भी दायर किया गया, उसके बावजूद निगरानी विभाग द्वारा कोई प्रतिक्रिया नहीं किया जा रहा है ।मुख्यमंत्री का विभाग होते हुए भी इतना सुस्त है रवैया। निगरानी विभाग के वरीय पदाधिकारियों ने जिस तरह का नियम बनाया है उसके हिसाब से तीन -चौथाई पुलिस अवर निरीक्षक अपने मूल पद पर मतलब पुलिस अवर निरीक्षक से ही बिना एक भी पदोन्नति लिए बिना ही रिटायर हो जायेंगे। ऐसे नियमावली बनाने वाले पदाधिकारियों को सलाम है।

# युवक की धारदार हथियार से हत्या

● खून से सने शव मिलने से सनसनी मची

प्रातः किरण संवाददाता

बगहा। चौतरवा थाना क्षेत्र के कोल्हूआ गांव में एक युवक की धारदार हथियार से हत्या का मामला सामने आया है। हत्या के बाद गाँव में शव मिलने से सनसनी फैल गई है।

बताया जा रहा है की मृतक शमशेर उर्फ लल्लू कल ही गुजरात से घर लौटा था जो बिल्डर का काम करता था ।शेख मोजम्मिल का पुत्र मृतक शमशेर उर्फ लल्लू का शव घर के बाहर ही खून से लथपथ मिला है। मृतक के शरीर पर कई ज़ख़्म के गहरे निशान हैं जो धारदार हथियार से हमला के प्रतीत हो रहें हैं। लिहाजा मृतक की पत्नी पर अवैध संबंध में हत्या की आशंका जताई जा रही है क्योंकि पुलिस को उससे कुछ प्राथमिक जानकारी मिली है ।इधर सूचना के बाद मौके पर पहुंची चौतरवा थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस घटना को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है।

बतादें की मृतक की पत्नी समेत अन्य को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ में जुटी है क्योंकि आशंका जताई जा रही है कि अवैध संबंध को लेकर हुए विवाद में हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है जिसकी चर्चा जोरों पर है ।

# शहीद इन्द्रदेव चौधरी की मनेगी 101 वीं जयंती समारोह

मंत्री सासंद और विधायक होंगे समारोह में शामिल



प्रातः किरण संवाददाता

गरखा (सारण) महान स्वतंत्रता सेनानी बिहार सरकार के पुर्व मंत्री स्वः जगलाल चौधरी के आजादी के लडाई मे 1942 अगस्त क्रांति मे शहीद हुए पुत्र इन्द्रदेव चौधरी की 101 वा जयंती समारोह एक अक्टूबर को गरखा चौक स्थित उनके स्मारक पर मल्याअर्पण करते हुए समारोह आयोजित किया जाएगा जिसमे बिहार सरकार के मंत्री सासंद विधायक आदि शरीक हो समारोह को संबोधित करेंगे। इन्द्रदेव चौधरी स्मारक समिति के अध्यक्ष जद यु के प्रदेश अध्यक्ष वैधनाथ प्रसाद सिंह विकल ने बताया की विगत कई वर्षो से शहीद इन्द्रदेव चौधरी की शहादत दिवस और जयंती समारोह मनाया जा रहा है इस वर्ष भी एक अक्टूबर को उनकी जयंती समारोह मनाया जाएगा जिसमे बिहार सरकार के ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी उधोग एवं पर्यटन मंत्री नितीश मिश्रा महराजगंज के सासंद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल सहित कई विधायक और पुर्व विधायक सहित गणमान्य लोग इस समारोह मे उपस्थित हो समारोह को संबोधित करेंगे।

# संजू सैमसन-रिकी भुई के शतक



## अर्शदीप की घातक गेंदबाजी

### श्रेयस अय्यर की टीम ने 257 रन से जीता मैच



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दलीप ट्रॉफी 2024 के तीसरे चरण के मुकाबले में श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली इंडिया डी टीम का सामना अभिमन्यू ईश्वरन की कप्तानी वाली इंडिया बी टीम के साथ हुआ। श्रेयस की टीम ने अपने पहले दो मुकाबले गंवाए थे, लेकिन तीसरे मैच में इस टीम ने संजू सैमसन और रिकी भुई की शतकीय पारी साथ ही अर्शदीप सिंह की घातक गेंदबाजी के दम पर इंडिया बी को 257 रन के बड़े अंतर से हराने में सफलता हासिल की। इस मुकाबले में इंडिया डी ने पहली पारी में संजू सैमसन की शतकीय पारी के दम पर 349 रन बनाए और फिर इंडिया बी ने पहली पारी में कप्तान अभिमन्यू की शतक के दम पर 282 रन बनाए। पहली पारी में इंडिया डी को 67 रन की बढ़त मिली और फिर इस टीम ने दूसरी पारी में रिकी भुई की नाबाद शतकीय पारी के दम पर 305 रन बनाए और अपनी कुल बढ़त 372 रन करते हुए इंडिया बी को जीत के लिए 373 रन का टारगेट दिया। इसके जवाब में इंडिया बी की टीम दूसरी पारी में अर्शदीप की घातक गेंदबाजी के सामने 115 रन पर ही सिमट गई और उसे 257 रन से हार मिली।

इंडिया डी के लिए इस मैच की पहली पारी में संजू सैमसन ने 101 गेंदों पर 3 छक्के और 12 चौकों की मदद से 106 रन की पारी खेली जबकि देवदत्त पडीक्कल ने 50 रन, केएस भरत ने 52 रन और रिकी भुई ने 56 रन की पारी खेली। पहली पारी में कप्तान श्रेयस अय्यर डक पर आउट हो गए थे जबकि इंडिया बी की तरफ से नवदीप सैनी ने सबसे ज्यादा 5 विकेट लिए। वहीं पहली पारी में इंडिया बी के कप्तान अभिमन्यू ने 116 रन की पारी खेली जबकि वाशिंगटन सुंदर ने 87 रन बनाए थे। पहली पारी में इंडिया डी की तरफ से सौरव कुमार ने 5 विकेट जबकि अर्शदीप सिंह ने 3 विकेट लिए जबकि आदित्य ठाकरे ने 2 सफलता हासिल की। दूसरी पारी में इंडिया डी की तरफ से रिकी भुई ने नाबाद शतकीय पारी खेली और 124 गेंदों पर 3 छक्के और 15 चौकों की मदद से नाबाद 119 रन की पारी खेली। दूसरी पारी में इंडिया डी के कप्तान श्रेयस अय्यर ने तेज बल्लेबाजी की और 40 गेंदों पर एक छक्का और 7 चौकों की मदद से 50 रन बनाए। संजू सैमसन ने दूसरी पारी में 45 रन टीम के लिए बनाए। दूसरी पारी में इंडिया बी के लिए मुकेश कुमार ने 4 विकेट जबकि नवदीप सैनी ने 3 विकेट हासिल किए। सूर्यकुमार यादव इस मैच की दोनों पारियों में फेल रहे। पहली पारी में उन्होंने 5 रन बनाए जबकि दूसरी पारी में उन्होंने 16 रन बनाए। दूसरी पारी में इंडिया बी 115 रन पर निपट गई और अर्शदीप सिंह ने 6 विकेट लिए जबकि आदित्य ठाकरे ने 4 विकेट लिए। अर्शदीप ने इस मैच में कुल 9 विकेट लिए।

# तेंदुलकर ने 200 टेस्ट में बनाया था जो कीर्तिमान अश्विन ने उसे 101वें मैच में ही किया ध्वस्त; कोहली, कुंबले, जडेजा की बराबरी की



**चैन्नई, एजेंसी।** भारत ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में चेन्नई में बांग्लादेश को 280 रन के बड़े अंतर से हरा दिया। इस मैच में आर अश्विन ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन किया और प्लेयर ऑफ द मैच बने। अश्विन अब टेस्ट प्रारूप में भारत के लिए सबसे ज्यादा प्लेयर ऑफ द मैच प्लस प्लेयर ऑफ द सीरीज (दोनों मिलाकर) खिताब जीतने वाले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने इस मामले में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया। वहीं इस मैच में प्लेयर ऑफ द मैच खिताब जीतने के बाद उन्होंने विराट कोहली, अनिल कुंबले और रविंद्र जडेजा की भी बराबरी कर ली।

**अश्विन ने तेंदुलकर को पीछे छोड़ा** – अश्विन ने अपने 101वें टेस्ट मैच को अपने प्रदर्शन के जरिए यादगार बना दिया और बांग्लादेश के खिलाफ ऐतिहासिक प्रदर्शन किया। पहली पारी में उन्होंने टीम के लिए 113 रन की पारी खेली और गेंदबाजी में भी कमाल का प्रदर्शन किया। पहली पारी में उन्होंने कोई विकेट हासिल नहीं किया था, लेकिन दूसरी पारी में सारी कसर पूरी करते हुए 21 ओवर में 88 रन देकर 6 विकेट लिए। अपने इस प्रदर्शन के दम पर वो प्लेयर ऑफ द मैच बने।

#### टेस्ट मैचों में भारत के लिए सबसे ज्यादा मैन ऑफ द मैच पुरस्कार

14 – सचिन तेंदुलकर
11 – राहुल द्रविड़
10 – रवि अश्विन
10 – रविंद्र जडेजा
10 – विराट कोहली
10 – अनिल कुंबले

सचिन तेंदुलकर ने अपने 200 टेस्ट मैच के दौरान मैन ऑफ द मैच प्लस मैन ऑफ द सीरीज का खिताब 19 बार जीता था, लेकिन अश्विन ने 101 वें टेस्ट मैच में ही उन्हें पीछे छोड़ दिया। अश्विन ने टेस्ट करियर के 101 मैच में ही मैन ऑफ द मैच प्लस मैन ऑफ द सीरीज का खिताब 20 बार जीतकर उन्हें पीछे छोड़ दिया। इस लिस्ट में राहुल द्रविड़ तीसरे, अनिल कुंबले चौथे और सहवाग व कोहली संयुक्त रूप से 5वें नंबर पर हैं।

**टेस्ट में भारत के लिए सबसे ज्यादा मैन ऑफ द मैच प्लस मैन ऑफ द सीरीज खिताब जीतने वाले खिलाड़ी**

20 - रवि अश्विन
19 - सचिन तेंदुलकर<ड्डह्व>15 ङ्क राहुल द्रविड़
14 - अनिल कुंबले
13 - वीरेंद्र सहवाग
13 - विराट कोहली</श्च>

**अश्विन ने कर ली कोहली, जडेजा और कुंबले की बराबरी** – अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में 10वीं बार प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीता और रविंद्र जडेजा, विराट कोहली और अनिल कुंबले की बराबरी कर ली। इन तीनों खिलाड़ियों ने भी 10-10 बार ये खिताब टेस्ट में जीते थे। इस लिस्ट में सचिन तेंदुलकर पहले नंबर पर हैं जबकि राहुल द्रविड़ दूसरे नंबर पर हैं। वहीं अश्विन अब जडेजा, कोहली और कुंबले के साथ संयुक्त रूप से तीसरे नंबर पर आ गए।

**शतरंज ओलंपियाडः**

# भारत ने जीता ऐतिहासिक स्वर्ण, विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश ने फाबियानो को हराया

**बुडापेस्ट (हंगरी), एजेंसी।** हंगरी की राजधानी में आयोजित शतरंज ओलंपियाड में भारत ने ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने में सफलता पाई है। विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश ने फाबियानो को हरा दिया है। शतरंज ओलंपियाड में भारत को पहली बार स्वर्ण पदक मिला है।

भारतीय पुरुष टीम ने 45वें शतरंज ओलंपियाड के 10वें दौर में मजबूत अमेरिका को 2.5-1.5 से हराकर एक दौर शेष रहते ही ऐतिहासिक स्वर्ण पदक पर



कब्जा तय कर लिया है। भारत 19 अंक के साथ शीर्ष स्थान पर कायम है। अगले दौर में हारने पर भी उच्च टाईब्रेक स्कोर के कारण चैंपियन बन जाएगा। गुकेश-अर्जुन ने बाजियां जीतीं। डी गुकेश ने फाबियानो कारुआना को शिकस्त दी।

हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में आयोजित प्रतियोगिता में ग्रैंडमास्टर और विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश ने फाबियानो कारुआना को शिकस्त देकर भारत को पुरुष वर्ग में पहली बार शतरंज ओलंपियाड में स्वर्ण दिलाने में मदद की। इसकी पुष्टि ग्रैंडमास्टर प्रवीण थिप्से और प्रगनानंदा के कोच आर बी रमेश ने भी की। आर बी रमेश ने टीम को स्वर्ण जीतने पर बधाई भी दी।

19 अंक के साथ भारतीय पुरुष टीम शीर्ष पर कायम है

प्रवीण थिप्से ने कहा कि भारत 11वां दौर हार भी जाता है और दूसरी टीम से उसके बराबर अंक रह जाते हैं तो भी ट्राई ब्रेकर में भारत का स्कोर अच्छा है जिससे उसका स्वर्ण पक्का है। 45वें शतरंज ओलंपियाड के 10वें दौर में भारतीय पुरुष टीम ने अमेरिका को 2.5-1.5 से हराया। भारतीय पुरुष टीम टूर्नामेंट में हारी नहीं है और 19 अंक के साथ ओपन वर्ग में शीर्ष पर कायम है। प्रगनानंदा को वेस्ली सो से हार मिली। विदित ने लेवरोन को ड्रॉ पर रोका। अर्जुन ने पेरेज को हराया।

महिला टीम ने चीन को दी शिकस्त

भारतीय महिला टीम ने चीन को 10वें दौर में 2.5-1.5 से शिकस्त दी। महिला टीम ने इससे पहले अमेरिका की टीम से ड्रॉ खेला था और अब चीन पर जीत के साथ वापसी की। भारतीय महिला टीम में सिर्फ दिव्या देशमुख को जीत मिली जबकि नोएडा की वंतिका अग्रवाल, वैशाली और हरिका ने ड्रॉ खेला। दिव्या ने शिक्केन को हराया। वंतिका ने मियाओई को बराबरी पर रोका। शीर्ष बोर्ड पर हरिका को झू जिनेर के खिलाफ ड्रॉ खेलना पड़ा जबकि वंतिका ने मियाओइ को बराबरी पर रोक दिया।

# सीपीएल 2024 में 9 विकेट लेने वाले ने जिताया मैच

## नाम बदलने के बाद तीसरे सबसे छोटे स्कोर पर ऑल आउट हुई ये टीम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** 21 सितंबर को सीपीएल 2024 की टॉप की दो टीमों के बीच मुकाबला हुआ. बारबाडोस रॉयल्स और सेंट लुसिया किंग्स के बीच हुई इस टक्कर में उम्मीद तो वैसे रनों की बारिश के होने की थी लेकिन देखने को विकेटों की पतझड़ मिली. सेंट लुसिया किंग्स के गेंदबाजों का कहर बारबाडोस रॉयल्स के बल्लेबाजों पर जमकर टूटा, जिसका नतीजा ये रहा कि वो नाम बदलने के बाद टी-20 में अपने तीसरे सबसे छोटे स्कोर पर ऑल आउट हो गए. सेंट लुसिया किंग्स के जिस गेंदबाज ने बारबाडोस रॉयल्स को सबसे ज्यादा तंग किया वो रहे सीपीएल 2024 की पिच पर 9 विकेट लेने वाले अल्जारी जोसेफ ।

**23 छक्के लगाने वाले डिकॉक के लिए खास प्लान** - 27 साल के अल्जारी जोसेफ ने मैच में पहले बैटिंग करने उतरी बारबाडोस रॉयल्स के टॉप से लेकर मिडिल ऑर्डर तक हमला बोला. जबरदस्त प्लानिंग के साथ किए अपने अटैक की बदौलत वो बारबाडोस रॉयल्स के सारे नामी गिरामी बल्लेबाजों को निवाला बनाने में कामयाब रहे. अल्जारी ने जैसा मैच के बाद बताया कि उन्होंने सीपीएल 2024 में 23 छक्के लगाने वाले इनफॉर्म क्विंटन डिकॉक के लिए खास प्लान बनाया था, जो कि कामयाब रहा. उन्होंने अराउंड द विकेट जाकर डिकॉक को स्टंप पर गेंद खिलाने का प्लान बनाया था ।

**सीपीएल 2024 में अल्जारी जोसेफ ने दिया अपना बेस्ट** – दाएं हाथ के तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ ने सीपीएल 2024 में अब तक का अपना बेस्ट प्रदर्शन किया. उन्होंने बारबाडोस रॉयल्स के खिलाफ 22 रन देकर 4 विकेट लिए. इसी के साथ सीपीएल 2024 में अब तक खेले 7 मैचों में उनके विकेटों की कुल संख्या 9 हो गई ।

# बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के लिए हुआ भारतीय टीम का ऐलान

**चैन्नई, एजेंसी।** भारतीय टीम ने बांग्लादेश को दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में हरा दिया और अब टीम इंडिया को दूसरा टेस्ट मैच कानपुर में खेलना है। 27 सितंबर से शुरू होने वाले इस टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया।

दूसरे टेस्ट मैच के लिए जिस भारतीय टीम का ऐलान किया गया है उसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है। भारतीय टीम में सभी वही खिलाड़ी हैं जो पहले टेस्ट के लिए चयनित किए गए। श्रेयस अय्यर की टीम में वापसी नहीं हुई जबकि दलीप ट्रॉफी के तीसरे चरण के मुकाबले में शतक लगाने वाले इशान किशन को भी मौका नहीं मिला।

**दूसरे टेस्ट के लिए टीम में कोई बदलाव नहीं** –बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की प्लेइंग इलेवन में सरफराज खान, ध्रुव जुरैल, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, और यश दयाल को जगह नहीं दी गई थी, लेकिन दूसरे टेस्ट मैच के लिए ये सभी खिलाड़ टीम में मौजूद हैं। पहले टेस्ट मैच से ठीक पहले सरफराज खान दलीप ट्रॉफी में खेल रहे थे जहां उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था, लेकिन फिर भी उन्हें टीम में बनाए रखा गया है। इसके अलावा पहले टेस्ट की प्लेइंग इलेवन में शामिल सभी खिलाड़ी टीम में मौजूद हैं।

**दूसरे टेस्ट मैच के लिए भारतीय क्रिकेट टीम** – रोहित शर्मा (कप्तान),

## जानिए किन-किन खिलाड़ीयों को मिला मौका



यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरैल (विकेटकीपर), आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह, यश दयाल।

**पहले टेस्ट मैच में भारत को मिली जीत** – इस टेस्ट सीरीज के पहले मैच में भारत ने बांग्लादेश को चेन्नई में 280 रन से रहा दिया। पहले टेस्ट मैच में भारत की तरफ से ऋषभ पंत ने दूसरी पारी में 109 रन की पारी खेली जबकि शुभमन गिल ने नाबाद 119 रन बनाए। वहीं पहली पारी में अश्विन ने 113 रन की पारी खेली जबकि दूसरी पारी में उन्होंने 6 विकेट लिए और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब मिला। पहले मैच में जीत के बाद भारत ने इस टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली।

# संग्राम सिंह एमएमए मुकाबला जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष पहलवान बने

**जॉर्जिया, एजेंसी।** भारतीय पहलवान संग्राम सिंह ने गामा इंटरनेशनल फाइटिंग चैंपियनशिप में अपना पहला मुकाबला जीतकर एमएमए की दुनिया में अपनी पहचान बनाई। कॉमनवेल्थ हैवीवेट कुश्ती चैंपियन संग्राम ने मात्र एक मिनट और तीस सेकंड में पाकिस्तानी फाइटर अली रजा नासिर को हराया, जो उनसे सत्रह साल छोटे हैं। इस तरह वे मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स मुकाबला जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष पहलवान बन गए। ग्यारह प्रतिस्पर्धी देशों में संग्राम की यह उपलब्धि 93 किलोग्राम वर्ग में किसी भारतीय फाइटर द्वारा दर्ज की गई सबसे तेज जीत है। संग्राम ने अपनी कुश्ती कौशल और रणनीतिक कौशल का प्रदर्शन करके स्पष्ट जीत हासिल की। पारंपरिक कुश्ती में उनकी पृष्ठभूमि है और वे प्रशिक्षण के प्रति समर्पित हैं। उन्होंने कहा, मुझे भारत के लिए यह जीत घर लाने पर बेहद गर्व है। यह जीत भारत में स्रूके बेहतर भविष्य की दिशा में एक कदम है। यह व्यक्तिगत उपलब्धि से बढ़कर है। मुझे उम्मीद है कि वैश्विक स्तर पर मान्यता मिलने से भारतीय सरकार को मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स का समर्थन करने वाले कार्यक्रमों को लागू करने और युवाओं को इस खेल को अपनाने के लिए प्रेरित करने की प्रेरणा मिलेगी।



सिंह ने मुकाबला जीतने के बाद कहा, मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि इससे युवा एथलीटों को अपनी आंतरिक शक्ति खोजने, महानता के लिए प्रयास करने और मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स की दुनिया में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। संग्राम ने अपने कोचों को उनके महत्वपूर्ण समर्थन के लिए भी श्रेय दिया। उन्होंने कहा, मैं अपने भारतीय कोच भूपेश कुमार को उनके अटूट मार्गदर्शन के लिए पर्याप्त धन्यवाद नहीं दे सकता। वे हर कदम पर मेरे साथ रहे हैं। मैं अपने अंतरराष्ट्रीय कोच डेविड सर का भी बहुत आभारी हूं, जिन्होंने मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स में आने के दौरान मेरा पूरा साथ दिया और मेरी रणनीति को बेहतर बनाने में मेरी मदद की।

**ऑस्ट्रेलिया- इंग्लैंड**

# वनडे वर्ल्ड कप से विजय रथ पर सवार ऑस्ट्रेलिया, लगातार इतने मैच जीते;क्या तोड़ देगा अपना 21 साल पुराना रिकॉर्ड

**लीड्स, एजेंसी।** वनडे वर्ल्ड कप 2023 चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को लीड्स के हेडिंग्ले में सीरीज के दूसरे मैच में मेजबान इंग्लैंड को 68 रनों से हरा दिया। मिचेल मार्श की अगुआई वाली टीम ने एकदिवसीय क्रिकेट में जीत का सिलसिला जारी रखा। यह उनकी इस प्रारूप में लगातार 14वीं जीत थी। मेंस वनडे में ऑस्ट्रेलिया दूसरी लगातार इतने मैच जीता है। ऑस्ट्रेलिया के नाम लगातार सबसे ज्यादा वनडे जीतने का रिकॉर्ड है। ऑस्ट्रेलिया ने 2003 में सबसे लगातार 21 मैच जीते थे। ऐसे में देखने वाली बात होगी कि क्या यह रिकॉर्ड टूटेगा। आईसीसी के अनुसार सभी वनडे में ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम के नाम 2018 और 2021 के बीच 26 बैक-टू-बैक जीत का रिकॉर्ड है। ऑस्ट्रेलिया मेंस टीम पिछले साल भारत में वनडे वर्ल्ड कप लगातार 9 मैच जीती थी। टूर्नामेंट के अपने पहले दो मैच हारने के बाद शानदार वापसी की थी। भारत को फाइनल में हराकर खिताब जीता था।

**लगातार 14 वनडे ऑस्ट्रेलिया ने जीते** – वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर 3-0 की जीत से लगातार 12 वनडे ऑस्ट्रेलिया ने जीत लिए। इंग्लैंड के खिलाफ चल रही सीरीज के पहले दो वनडे में जीत के साथ, ऑस्ट्रेलिया ने लगातार 14 जीत हासिल कर ली हैं। हेडिंग्ले में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया की टीम 89 रन पर 3 विकेट गंवाकर संकट में थी। कप्तान मिशेल मार्श और एलेक्स कैरी ने टीम के लिए महत्वपूर्ण अर्धशतक जड़े।

**मेंस वनडे में नंबर 1 रैंकिंग पर ऑस्ट्रेलिया की निगाहें** – कैरी की जुझारू पारी (67 गेंदों पर 74 रन) और जोश हेजलवुड के



साथ अंतिम विकेट के लिए 49 रन की साझेदारी ने ऑस्ट्रेलिया को खराब स्थिति से 270 तक पहुंचाया। जवाब में, ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों ने इंग्लिश बल्लेबाजों की एक न चली। अगला वनडे 24 सितंबर को चेस्टर-ले-स्ट्रीट में होगा, जिसमें ऑस्ट्रेलिया की नजर मेंस वनडे में नंबर 1 रैंकिंग पर होगी।

# 'इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि परिस्थितियां कैसी हैं, बांग्लादेश से पहला टेस्ट जीतकर बोले रोहित शर्मा

**चेन्नई, एजेंसी।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में 280 रन से जीत दर्ज करने के बाद रविवार को यहां कहा कि विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए वह 'मजबूत गेंदबाजी विकल्पों के आस पास अपनी टीम को तैयार करने पर ध्यान दे रहे हैं। भारत ने अनुभवी रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा के हरफनमौला खेल के साथ शुभमन गिल और ऋषभ पंत की शतकीय पारियों के दम पर पांच सत्र रहते बड़ी जीत दर्ज की।



रोहित ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, 'हम अपनी टीम को मजबूत गेंदबाजी विकल्पों के इर्द-गिर्द बनाना चाहते हैं, हमें किसी भी परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा, 'इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि परिस्थितियां कैसी हैं, चाहे हम भारत में खेलें, चाहे हम बाहर खेलें, हम उसी के अनुरूप टीम बनाना चाहते हैं। भारतीय कप्तान ने कहा, 'पिछले कुछ वर्षों में हम जहां भी खेले हैं, हम अपने विकल्पों का अच्छे से इस्तेमाल करने में कामयाब रहे हैं। हम तेज गेंदबाजी या स्पिन दोनों विकल्पों को इस्तेमाल करने में सफल रहे हैं।

**हमने अच्छी तैयारी की** – बांग्लादेश की टीम जीत के लिए 515 रन के असंभव जैसे लक्ष्य का पीछा करते हुए 234 रन पर आउट हो गई। पहली पारी में बल्ले से 113 रन का योगदान देने वाले अश्विन ने दूसरी पारी में 88 रन पर छह विकेट झटके। रोहित ने कहा, 'आने वाले मैचों को देखते हुए हमारे हमारे लिए यह एक शानदार परिणाम है। हम लंबे समय बाद खेल (टेस्ट मैच) रहे हैं। हम यहां एक सप्ताह पहले आए थे और हमने अच्छी तैयारी की। हमें वह परिणाम मिला जो हम चाहते थे।

**सबसे ज्यादा खुशी पंत की वापसी से** – भारतीय कप्तान को सबसे ज्यादा खुशी पंत की इस प्रारूप में यादगार वापसी से है। उन्होंने कहा, 'वह सचमुच बहुत कठिन समय से गुजरा है। जिस तरह उसने मुश्किल समय का सामना किया और खुद को संभाला वह देखना शानदार था। उन्होंने आईपीएल में वापसी की। उसके बाद टी20 विश्व कप में बेहद सफल रहे लेकिन उसे टेस्ट प्रारूप को सबसे ज्यादा पसंद है।

# तिरुपति मंदिर में हर रोज 8 से 9 लाख लड्डू परोसने की तैयारी

## कर्नाटक मिल्क फेडरेशन विक्रेता से आएगा घी

**तिरुपति, एजेंसी।** तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने श्री वेंकटेश्वर मंदिर में लड्डुओं की गुणवत्ता को तुरंत बहाल करने का वादा किया है। बोर्ड ने कहा है कि अब लड्डुओं में इस्तेमाल होने वाले घी के लिए कर्नाटक मिल्क फेडरेशन (केएमएफ) के नए घी विक्रेता की सेवा ली जाएगी। यह फैसला उस विवाद के बाद लिया गया है जिसमें लड्डुओं में जानवरों की चर्बी पाए जाने के आरोपों से राज्य में एक बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया।

शनिवार को टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी जे. श्यामला राव ने मीडिया से कहा, अब लड्डुओं की गुणवत्ता और उनमें इस्तेमाल होने वाले घी पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। टीटीडी ने शनिवार को अन्य प्रसादों में गाय के घी और दूध से बने उत्पादों के इस्तेमाल को अस्थायी रूप से रोक दिया है। टीटीडी की रसोई, जिसे पोटु कहा जाता है, इसमें अब प्रसिद्ध नंदिनी ब्रांड का घी भेजा जा रहा है। नंदिनी ब्रांड कर्नाटक मिल्क फेडरेशन (केएमएफ) का प्रमुख ब्रांड है। यह ब्रांड मुख्य रूप से दूध और दूध से बने उत्पादों जैसे घी, मक्खन, दही, पनीर आदि के लिए प्रसिद्ध है। नंदिनी ब्रांड के उत्पाद कर्नाटक सहित पूरे भारत में लोकप्रिय हैं और इसकी गुणवत्ता और विश्वसनीयता के कारण उपभोक्ताओं के बीच इसकी बड़ी मांग है। चरख्न भारत के सबसे बड़े दुग्ध उत्पादक संघों में से एक है और यह नंदिनी ब्रांड के तहत उच्च गुणवत्ता वाले डेयरी उत्पादों की आपूर्ति करता है। शुक्रवार को 73,000 से अधिक तीर्थयात्रियों ने मंदिर का दौरा किया।



आगामी ब्रह्मोत्सवम के लिए भी घी का स्टॉक जमा किया जा रहा है, जो 4 से 12 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। इस भव्य वार्षिक उत्सव में लाखों भक्तों के आने की उम्मीद है। आंध्र प्रदेश के मंत्री नारा लोकेश नायडू ने इंडियन एक्सप्रेस से बात करते हुए कहा, केएमएफ जैसा नया विक्रेता सर्वोत्तम गुणवत्ता का घी सप्लाई करने के लिए तैयार है। हमें घी की आपूर्ति को लेकर किसी संकट की आशंका नहीं है। मंदिर के रसोई प्रभारी मुनी रत्नम ने बताया कि धार्मिक कार्यक्रम के दौरान मंदिर रोजाना 8-9 लाख लड्डुओं का स्टॉक बनाए रखता है। ब्रह्मोत्सवम के दौरान मंदिर में 7-8 लाख भक्तों के आने की संभावना है, और लड्डुओं के लिए घी का पर्याप्त स्टॉक तैयार किया जा रहा है। टीटीडी ने शनिवार को अन्य प्रसादों, जिन्हें श्रीवारी प्रसादम कहा जाता है, उसके लिए गाय के घी-आधारित उत्पादों का उपयोग अस्थायी रूप से रोक दिया। सूत्रों के अनुसार, टीटीडी की एक समिति ने मुफ्त भोजन या अन्न प्रसादम की तैयारी में इस्तेमाल किए जाने वाले कच्चे माल की गुणवत्ता में कमी पाई, जिसके बाद सभी आपूर्तियों को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। नए विक्रेताओं की व्यवस्था की जा रही है और समिति के सदस्य तीर्थयात्रियों से दैनिक प्रतिक्रिया भी लेंगे। इस बीच, टीटीडी ने ब्रह्मोत्सवम के दौरान तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए यातायात परामर्श जारी किए हैं।

# हिंसा व हिरासत में मौत के बाद एक्शन में छत्तीसगढ़ सरकार, कबीरधाम के कलेक्टर व एसपी को हटाया

**कबीरधाम, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ सरकार ने कबीरधाम जिले में भीड़ द्वारा की गई हिंसा और हिरासत में हुई एक शख्स की मौत के बाद वहां के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक (एसपी) का तबादला कर दिया है। साथ ही मुख्यमंत्री ने इस घटना के बाद पुलिसकर्मियों द्वारा ग्रामीणों से मारपीट किए जाने की सूचना पर रेंगाखार थाने के निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक सहित वहां पदस्थ कुल 23 पुलिसकर्मियों को भी हटा दिया है।

सरकार ने कबीरधाम जिले के कलेक्टर जन्मेजय महोबे के स्थान पर गोपाल वर्मा को कलेक्टर नियुक्त किया गया है। वहीं कबीरधाम जिले के पुलिस अधीक्षक अभिषेक पल्लव को हटाकर उनके स्थान पर राजेश कुमार अग्रवाल को पुलिस अधीक्षक पदस्थ किया गया है।

राज्य शासन ने महोबे को प्रबंध संचालक नागरिक आपूर्ति निगम के पद पर तथा अभिषेक पल्लव को पुलिस मुख्यालय में सहायक पुलिस महानिरीक्षक के पद पर पदस्थ किया है। अधिकारियों ने बताया कि कबीरधाम जिले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप में पदस्थ आईपीएस विकास कुमार को पहले ही निलंबित किया जा चुका है।

इस बारे में जानकारी देते हुए एक अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कबीरधाम जिले के लोहारीडीह गांव में 15 सितंबर को उप सरपंच रघुनाथ साहू के घर में हुई आगजनी और उनकी मौत की घटना की मजिस्ट्रेट जांच के निर्देश दिए है। उन्होंने बताया कि इसके लिए उन्होंने कलेक्टर और जिला दण्डाधिकारी कबीरधाम ने अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी निर्भय कुमार साहू को जांच अधिकारी नियुक्त किया है। उन्हें 30 दिनों के भीतर निर्धारित बिन्दुओं पर जांच कर रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है।

बता दें कि बीते रविवार को रेंगाखार थाना क्षेत्र के लोहारीडीह गांव में भीड़ ने उप सरपंच रघुनाथ साहू के घर में आग लगा दी थी। इस घटना में रघुनाथ साहू की मौत हो गई थी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि रघुनाथ साहू पर हमला इस संदेह के कारण किया गया था कि उसने एक अन्य ग्रामीण कचरू साहू की हत्या की थी।

## संक्षिप्त समाचार

### कलर्स के 'खतरों के खिलाड़ी 14' के प्रतियोगियों को टाइगर श्रॉफ, विक्रांत मैसी और करण वाही से प्यार मिला!

**मुंबई, एजेंसी।** जबकि कलर्स का 'खतरों के खिलाड़ी 14' फिनिश लाइन के नज़दीक पहुंच रहा है, सेमीफिनाले एक्शन से भरपूर होने वाला है, जहां प्रतियोगी डर की सरज़मीं पर अनुभवी सैलानी बन गए हैं! लेकिन अंतिम बोर्डिंग कॉल से पहले, भरपूर ड्रामा, हंसी और रोमांचक स्टंट का मज़ा मिलने वाला है। दिग्गज अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा की नकल करते हुए, करण वीर मेहरा ने पूरे जोश से पूरे शो में अभिषेक कुमार की किस्मत का मज़ाक उड़ाया, जिससे दर्शक और रोहित शेट्टी हंस-हंसकर लोट-पोट हो गए। करण ने बड़े मज़े से यह जानने का दावा किया कि शो के बाद सभी प्रतियोगियों ने क्या योजना बनाई है, जिसमें शालीन भनोट भी शामिल हैं, जो उनके अनुसार, ओवरएक्टिंग की अकादमी खोलने वाले हैं। करण ने शालीन के सिग्नेचर वॉक की नकल भी की, लेकिन रोहित शेट्टी उनकी इस नकल से स्पष्ट रूप से असंतुष्ट थे, जिन्होंने खुद आगे बढ़कर शालीन की तरह चलने की मास्टरक्लास देनी शुरू कर दी, जिससे हर कोई हंसने लगता है। इसके बाद एक भावुक पल सामने आता है, जब अभिषेक कुमार अपने माता-पिता के साथ वीडियो कॉल पर बात करते हैं। अभिषेक बताते हैं कि जब वह अपने क्लॉस्ट्रोफोबिया के कारण शो के लिए साइन अप करने में झिझक रहे थे, तो उनके पिता ने उन्हें आश्वस्त किया था कि रोहित शेट्टी उनका ख्याल रखेंगे। टाइगर श्रॉफ ने अपनी बहन कृष्णा श्रॉफ को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह अक्सर उन्हें 'फट्टू' कहकर बुलाते थे, लेकिन उन्होंने जो स्टंट्स किए थे वह उनके आधे स्टंट भी नहीं कर पाएंगे! अपनी आनंददायक टूटी-फूटी हिंदी में, कृष्णा स्वीकार करती हैं कि रोहित शेट्टी की आवाज़ उन्हें ऊर्जा से भर देती है, जिससे वह अपनी चुनौतियों को पार कर जाती हैं। टाइगर रोहित से विनम्रतापूर्वक अनुवाद पूछते हैं।

### जब रणबीर और आलिया दोस्त बने तो करण जौहर ने उनके रिश्ते को लेकर भविष्यवाणी की थी- आलिया



**मुंबई, एजेंसी।** अब इंतज़ार खत्म हुआ! नेटफ्लिक्स के द ग्रेट इंडियन कपिल शो के सक्सेसफुल सीजन 1 के बाद, सीजन 2 आखिरकार वापस आ गया है, और बहुप्रतीक्षित फिल्म जिगरा के टॅलेंटेड कलाकारों के साथ नए सीज़न की शुरुआत करने का इससे बेहतर तरीका क्या हो सकता है? आलिया भट्ट और वेदांग रैना विद प्रोड्यूसर करण जौहर, निर्देशक वासन बाला अभिनीत प्रीमियर एपिसोड हंसी,खेल और कुछ आनंददायक सरप्राइज से भरा एक मजेदार सफर है, जिसमें डफली अपनी सौतन - आलिया भट्ट कपूर से मिलती है! सभी का शनिवार, फनीवार बनाने का वादा शुरू से ही पूरा होगा क्योंकि ऑन-स्क्रीन भाई-बहन की जोड़ी नेटफ्लिक्स के द ग्रेट इंडियन कपिल शो परिवार के साथ हंसी, प्यार और खुशी फैलाने के लिए यहां आयी है। करण जौहर के अलावा और कोई भी ऐसा नहीं है जो भारतीय बॉलीवुड परिवार के बारे में सब कुछ जनता हो, शायद यही वजह है कि उन्होंने सबसे पहले आलिया और रणबीर के रिश्ते के पीछे की असली चिंगारी को नोटिस किया। कपिल शर्मा ने मज़ाक में करण जौहर को इंडस्ट्री में मैचमेकर कहकर चिढ़ाते हुए कहा, कुछ लोगों को लगता है कि आप इंडस्ट्री में मैरिज ब्यूरो चलाते हैं। करण ने इस पर हंसते हुए जवाब दिया, मैंने कई लोगों को प्यार पाने में मदद की है, और वे आज शादीशुदा भी हैं। लेकिन मैं अभी भी सिंगल हूँ! अपना अनुभव साझा करते हुए आलिया भट्टने कहा, जब रिश्तों की बात आती है तो करण के पास सिक्स्थ सेंस होती है। जब हम पहली बार दोस्त बने थे, तो करण ने भविष्यवाणी की थी कि रणबीर और मैं एक अच्छे कपल बनेंगे। करण जौहर ने आगे कहा, मुझे यह पता था! मुझे पता था कि उनकी दोस्ती कुछ खास बन जाएगी, और यह जीवन भर चलेगी। हम मैचमेकिंग के बारे में तो नहीं जानते, लेकिन करण की नज़र निश्चित रूप से इस बात पर है कि बॉलीवुड की दुनिया में क्या सच है!

# गुरुग्राम में बाइकर की मौत: एसयूवी कार ड्राइवर लाइसेंस दिखाने में रहा नाकाम

**गुरुग्राम एजेंसी।** गुरुग्राम के गोल्फ कोर्स रोड पर रॉन्ग साइड में जा रही कार द्वारा बाइक सवार 22 वर्षीय युवक अक्षत गर्ग को टक्कर मारे जाने के करीब एक सप्ताह बाद पुलिस ने आरोपी एसयूवी कार चालक के खिलाफ शिकंजा और कस दिया है। एसयूवी कार कुलदीप कुमार ठाकुर द्वारा अपना ड्राइविंग लाइसेंस नहीं पेश करने चलते पुलिस ने उसके खिलाफ एफआईआर में मोटर वाहन अधिनियम (एमवीए) की धारा भी जोड़ दी है। द इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, गुरुग्राम पुलिस के प्रवक्ता संदीप ने कहा कि लाइसेंस जमा करने की लास्ट डेट शुक्रवार थी, लेकिन कार चालक इसे दिखाने में नाकाम रहा। हमने मामले में मोटर वाहन अधिनियम की धारा 181 जोड़ी है, क्योंकि यह एक जमानती अपराध है, इसलिए हम कानूनी प्रक्रिया के अनुसार कोर्ट में चार्जशीट दाखिल करेंगे। इस धारा के अनुसार, बिना लाइसेंस के गाड़ी चलाने वाले व्यक्ति को तीन महीने तक की कैद या 500 रुपये का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। 25 वर्षीय आरोपी एसयूवी कार चालक कुलदीप कुमार ठाकुर बिहार के मधुबनी जिले का रहने वाला है। वह पॉलिटिकल मार्केटिंग मीडिया फर्म चलाता है। दुर्घटना के दिन वह पुलिस को अपना ड्राइविंग लाइसेंस नहीं दिखा सका था, जिसके बाद पुलिस ने उसे नोटिस भेजा था।

# पीरियड्स के दौरान महिला कर्मचारियों को पेड लीव की तैयारी, कर्नाटक सरकार ने बनाई कमेटी

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक सरकार ने महिलाओं से जुड़ा एक अहम फैसला करने वाली है। इसके तहत सरकारी और प्राइवेट दोनों सेक्टर्स में पेड पीरियड लीव का प्रस्ताव लाने वाली है। इसमें महिलाओं के लिए साल में छह दिन के पेड पीरियड लीव का प्रावधान है। इससे उन्हें माहवारी के दौरान होने वाली शारीरिक और मानसिक चुनौतियों का सामना करने में मदद मिलेगी। इसके लिए 18 सदस्यों की एक कमेटी गठित की गई है। यह महिलाओं के काम और जीवन के बीच संतुलन बनाएगा। कर्नाटक के श्रम मंत्री संतोष लाड ने कहा कि यह छुट्टियां फ्लेक्सिबल होंगी। महिलाएं यह तय कर सकेंगी कि उन्हें कब छुट्टी चाहिए। उन्होंने कहा कि हम प्रस्ताव की समीक्षा कर रहे हैं और समिति के सदस्यों के साथ बैठक बुलाई की है। इस पहल का उद्देश्य महिला कर्मचारियों का समर्थन करना है। महिलाओं को जीवन भर महत्वपूर्ण शारीरिक और भावनात्मक उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ता है। संतोष लाड समिति के सदस्यों से मिलकर सिफारिशों पर चर्चा करेंगे जिसके बाद उन्हें जनता, कंपनियों और अन्य पक्षों के साथ परामर्श के लिए रखा जाएगा। अगर यह पहल अमल में आती है तो कर्नाटक पीरियड लीव देने वाला चौथा राज्य बन जाएगी।



इससे पहले बिहार, केरल और ओडिशा में महिला कर्मचारियों को यह छुट्टी दी जाती है। बिहार में 1992 में यह पॉलिसी शुरू हुई थी। इसमें महिलाओं को हर महीने दो दिन के मासिक धर्म अवकाश की अनुमति दी गई। वहीं, 2023 में, केरल ने सभी विश्वविद्यालयों और संस्थानों में महिला छात्रों के लिए मासिक धर्म अवकाश के साथ-साथ 18 वर्ष से अधिक उम्र की महिला छात्रों के लिए 60 दिनों तक के मातृत्व अवकाश का प्रावधान किया। ओडिशा सरकार ने अगस्त में सरकारी और निजी क्षेत्र दोनों में महिला श्रमिकों के लिए एक दिवसीय मासिक धर्म अवकाश नीति पेश की थी।

गौरतलब है कि दिसंबर 2023 में पूर्व केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने संसद में इसी तरह की योजना का विरोध करते हुए कहा था कि मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। इसे विशेष अवकाश की जरूरत वाली समस्या के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। जुलाई 2024 में सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में मासिक धर्म अवकाश पर पॉलिसी की जिम्मेदारी केंद्र और राज्य सरकारों पर छोड़ दी थी।

# गाजियाबाद के फार्म हाउस में हुआ हादसा, देर रात 25 फुट ऊंचाई से नीचे जा गिरे 3 मजदूर

**गाजियाबाद एजेंसी।** गाजियाबाद के इंदिरापुरम थाना क्षेत्र एक फार्म हाउस में रेनोवेशन के काम के दौरान हुए दर्दनाक हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। इंदिरापुरम थाना क्षेत्र स्थित प्रहलाद गढ़ी में शनिवार देर रात एक फार्म हाउस में काम करते समय 25 फुट की ऊंचाई से तीन मजदूर नीचे जा गिरे, जिनमें से एक की मौत हो गई और दो की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर छानबीन शुरू कर दी है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, प्रहलाद गढ़ी क्षेत्र में एक फार्म हाउस की रिओपनिंग करने के लिए उसमें रेनोवेशन का काम किया जा रहा है। इसके चलते सजावट में अन्य काम भी तेजी से कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में देर रात तीन मजदूर छत पर सीलिंग लाइट लगाने का काम कर रहे थे। इस काम के लिए तीनों मजदूरों ने रस्सी के झूले बनाए हुए थे और 25 फुट की ऊंचाई पर लाइटिंग लगा रहे थे। इसी दौरान अचानक मजदूरों के रस्सी के झूले आपस में टकरा गए और तीनों नीचे जा गिरे। तीन मजदूरों के नीचे गिरने से वहां हड़कंप मच गया। ऊंचाई से गिरने से तीनों बुरी तरह घायल हो गए। उन्हें तुरंत इलाज के लिए पास में ही स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि दो अन्य की गंभीर हालत गंभीर देखते हुए इलाज के लिए भर्ती कर लिया गया। मजदूर की पहचान अरुण ठाकुर के रूप में हुई है, जबकि पवन ठाकुर और अतुल ठाकुर का अस्पताल में इलाज चल रहा है। इंदिरापुरम थाना पुलिस का कहना है कि मरने वाले मजदूर के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# अमेरिका ने लौटाया भारत का खजाना, वापस लाई जाएंगी 297 नायाब चीजें, प्रधानमंत्री मोदी ने जताया आभार

**वाशिंगटन, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे पर एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। अमेरिका में भारतीय संस्कृति से जुड़ी 297 ऐसी नायाब वस्तुएं लौटा दी हैं जो कि तस्करी के जरिए देश से बाहर चली गई थीं। कीमती और प्राचीन वस्तुओं की चोरी और तस्करी लंबे समय से गंभीर समस्या रही है। 2014 के बाद से भारत को विदेश से लगभग 640 धरोहर वापस मिल चुकी हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर राष्ट्रपति बाइडेन का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि अवैध तस्करी के खिलाफ लड़ाई और सांस्कृतिक संबंध और मजबूत हो रहे हैं। 297 नायाब कलाकृतियों को लौटाने के लिए हम राष्ट्रपति जो बाइडेन और अमेरिका सरकार के आभारी हैं। इससे पहले भी पीएम मोदी के अमेरिका दौरे के समय कई प्रचीन वस्तुएं सौंपी गई थीं। 2021 में जब पीएम मोदी अमेरिका गए थे तो उन्हें 157 चीजें मिली थीं। इसमें 12वीं शताब्दी की नटराज की मूर्ति भी शामिल थी। 2023 में पीएम मोदी के दौरे के बाद अमेरिका ने 105 वस्तुएं भारत को लौटाई थीं। इस तरह अकेले अमेरिका से ही अब तक 578 प्राचीन और बेशकमीती वस्तुएं भारत को वापस मिल चुकी हैं।

# कमला हैरिस ने ट्रंप को एक और बहस की चुनौती दी

## राष्ट्रपति पद के लिए बहस का निमंत्रण स्वीकार किया

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति और डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस को एक बार फिर राष्ट्रपति पद की बहस के लिए सीएनएन ने आमंत्रित किया है, जिसे कमला हैरिस ने स्वीकार कर लिया है। इसके साथ ही हैरिस ने अपने प्रतिद्वंदी और रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप को इसे स्वीकार करने की चुनौती दी है।

बता दें कि कमला हैरिस और डोनाल्ड ट्रंप ने इस महीने की शुरुआत में एबीसी न्यूज द्वारा संचालित राष्ट्रपति पद की बहस में भाग लिया था, जिसमें उपराष्ट्रपति हैरिस पूर्व राष्ट्रपति के खिलाफ लक्षित कटाक्षों के साथ हावी होती हुई दिखाई दी थीं। सीएनएन के निमंत्रण के बाद कमला हैरिस ने एक्स पर एक पोस्ट कर कहा, मैं 23 अक्तूबर को दूसरी राष्ट्रपति पद की बहस को सहर्ष स्वीकार करूंगी। मुझे उम्मीद है कि डोनाल्ड ट्रंप मेरे साथ इस बहस में शामिल होंगे।



वहीं, कमला हैरिस के अभियान अध्यक्ष ओमैली डिलन ने भी एक बयान जारी किया, जिसमें उन्होंने कहा, उपराष्ट्रपति हैरिस डोनाल्ड ट्रंप के साथ मंच साझा करने के एक और अवसर के लिए तैयार हैं। ट्रंप को इस बहस के लिए सहमत होने में कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। 23 अक्तूबर की बहस के लिए सीएनएन ने दोनों नेताओं को जून की बहस के समान एक प्रारूप की पेशकश की है, जिसमें ट्रंप और हैरिस बिना लाइव स्टूडियो दर्शकों के 90 मिनट तक मॉडरेटर के सवालों का जवाब देंगे।

पहली राष्ट्रपति पद की बहस ट्रंप और राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच हुई थी, जिसमें बाइडन के खराब प्रदर्शन ने उनकी उम्र को लेकर चिंताएं बढ़ा दी थीं। इस कारण उन्हें अभियान से बाहर होना पड़ा था। राष्ट्रपति बाइडन ने फिर दौड़ के लिए कमला हैरिस का समर्थन किया और उन्हें जल्द ही पार्टी का आधिकारिक नामांकन भी मिल गया।

हैरिस के साथ बहस के बाद, ट्रंप ने तीसरी बहस करने पर विपरीत रुख अपनाया है। शुरुआत में, उन्होंने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर कहा, कोई तीसरी बहस नहीं होगी। हालांकि, पिछले सप्ताह उन्होंने कैलिफोर्निया में एक पड़ाव के दौरान संवाददाताओं को सुझाव भी दिया, जिसमें उन्होंने कहा कि 10 सितंबर को फिलाडेल्फिया में एबीसी द्वारा आयोजित हैरिस से आमने सामने के बाद मैं तीसरी राष्ट्रपति पद की बहस में भाग लेने के लिए तैयार हो सकता हूं। अगर मैं सही मूड में हुआ तो।

# पाकिस्तान में फिर तेजी से फैल रहा पोलियो, कई बच्चे पीड़ित

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में इस वर्ष पोलियो के मामलों की संख्या बढ़कर 21 हो गई है। खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत में भी पहला मामला दर्ज किया गया है। साथ ही सिंध और बलूचिस्तान में दो और बच्चों में इस बीमारी का पता चला है। ताजा मामलों में बलूचिस्तान के किला अब्दुल्लाह जिले में 15 महीने के एक बच्चे, कराची के केमारी जिले में तीन साल के एक बच्चे और केपी के मोहम्मद जिले में नौ महीने की बच्ची में पोलियो की पुष्टि हुई है। जहां भारत के पड़ोसी देश में पोलियो एक बार फिर से पैर पसार रहा है तो वहीं भारत 10 साल पहले ही खुद को पोलिया-मुक्त घोषित कर चुका है।

पोलियो वायरस मुख्य रूप से पांच साल से कम उम्र के बच्चों को प्रभावित करता है, खासकर उन बच्चों को जो कुपोषित हैं या जिन्हें टीकाकरण नहीं मिला है। यह बीमारी तंत्रिका तंत्र पर हमला करती है और लकवा या यहां तक कि मृत्यु का कारण बन सकती है। पोलियो का कोई इलाज नहीं है, लेकिन टीकाकरण सबसे प्रभावी तरीका है जिससे बच्चों को इस गंभीर बीमारी से बचाया जा सकता है। हालांकि पाकिस्तान सरकार पोलियो उन्मूलन के लिए कड़ी मेहनत कर रही है, लेकिन देश अभी भी पोलियो वायरस की चपेट में है।

# 3000 टन मछलियां भेजेगा बांग्लादेश, भारत को खुश करने में जुटी यूनुस सरकार

**ढाका, एजेंसी।** दुर्गा पूजा के पहले भारतीयों को बांग्लादेश खास तोहफा देना जा रहा है। लंबे इंतजार के बाद बांग्लादेश ने भारत को तीन हजार टन हिल्सा मछलियां भेजने का ऐलान किया है। शनिवार को बांग्लादेश की सरकार के वाणिज्य मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी की। भारत-बांग्लादेश के बीच कूटनीतिक संबंधों को और मजबूत करने की कोशिश में यह फैसला लिया गया है।

काफी वक्त से यह परंपरा चली आ रही है कि बांग्लादेश भारत को हिल्सा मछलियां भेजता आ रहा है, मगर यूनुस सरकार ने इस पर बैन लगा दिया था। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर इस बार हिल्सा न भेजी जाती, तो इससे दोनों देशों के रिश्तों पर असर पड़ सकता था। पहले बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने साफ तौर पर कहा था कि वह इस बार दुर्गा पूजा के दौरान हिल्सा नहीं भेजेगी। लेकिन अब ऐन वक्त पर यह फैसला पलट दिया गया।

कुछ ही दिनों पहले प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने घरेलू मांग को पूरा करने के लिए भारत को हिल्सा निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। इससे बांग्लादेश द्वारा अपने पड़ोसी के प्रति सद्भावना संकेत के रूप में लंबे समय से चली आ रही परंपरा समाप्त हो गई थी। वाणिज्य मंत्रालय ने बयान में कहा, निर्यातकों की अपील को देखते हुए आगामी दुर्गा पूजा के अवसर पर विशिष्ट शर्तों को पूरा करते हुए 3,000 टन हिल्सा मछली (भारत को) निर्यात करने की मंजूरी दे दी गई है। मंत्रालय ने आवेदकों से निर्यात की अनुमति प्राप्त करने के लिए संबंधित शाखा से संपर्क करने को कहा। अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के नेतृत्व वाली पिछली अवामी लीग सरकार ने सद्भावना के तौर पर हर साल सितंबर और अक्टूबर के बीच भारत को हिल्सा निर्यात की अनुमति दी थी। यह परंपरा वर्षों से चली आ रही थी। अधिकारियों ने बताया कि बांग्लादेश ने 2023 में 79 कंपनियों को भारत को कुल 4,000 टन निर्यात करने की अनुमति दी थी। बांग्लादेश दुनिया का सबसे बड़ा हिल्सा उत्पादक है, लेकिन स्थानीय मांग अधिक होने के कारण वह इस मछली के निर्यात पर प्रतिबंध लगाता है। हालांकि, दुर्गा पूजा उत्सव के दौरान, वह आमतौर पर इस मछली के निर्यात पर प्रतिबंध में ढील देता है, जो बंगालियों का एक बहुत पसंदीदा व्यंजन है।



भारत के मछली आयातक संघ ने इस महीने की शुरुआत में बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन से दुर्गा पूजा के दौरान भारत को हिल्सा मछली के निर्यात की अनुमति देने का आग्रह किया था, जब देश में अशांति और सरकार परिवर्तन के कारण इस वर्ष मछली के निर्यात को लेकर अनिश्चितता बनी हुई थी।

एसोसिएशन के सचिव सैयद अनवर मकसूद ने नौ सितंबर को लिखे पत्र में बताया कि बांग्लादेश ने 2012 में हिल्सा के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था, लेकिन पिछले पांच वर्षों से सद्भावना के तौर पर वह सितंबर के पहले सप्ताह से दुर्गा पूजा के अंत तक सीमित मात्रा में इसके निर्यात की अनुमति दे रहा है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129